WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2| राजधानी 4| अभिव्यक्ति 8| छत्तीसगढ़ 11| देश विदेश

रायपुर, गुरुवार, 6 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- प्रतिपदा, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 259 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

विश्व प्रसिद्ध कुटुमसर गुफा के खुले द्वार, पहले दिन ही पर्यटकों की उमड़ी भीड़

जगदलपुर/नवप्रदेश । कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में स्थित विश्व प्रसिद्ध कुटुमसर गुफा शनिवार से पर्यटकों के लिए खोल दी गई है। हर साल की तरह इस बार भी बारिश के मौसम में जलभराव और सुरक्षा कारणों से गुफा को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। अब मानसून समाप्त होने के बाद इसे फिर से पर्यटकों के लिए खोला गया है।

शनिवार को खुलने के पहले ही दिन बड़ी संख्या में पर्यटक कुटुमसर गुफा का मनमोहक नजारा देखने पहुंचे। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, हर वर्ष लाखों पर्यटक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के घने जंगलों के बीच

स्थित इस अद्भुत गुफा को देखने आते हैं. इस साल भी पर्यटकों की भारी आमद की उम्मीद जताई जा रही है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित कुटुमसर गुफा अपने अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्य, चूना पत्थर की संरचना और रहस्यमय वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। यह गुफा छत्तीसगढ़ पर्यटन का एक प्रमुख आकर्षण मानी जाती है। सतीश चंद्रदास, महासमुंद जिला कुटुमसर गफा का प्राकृतिक नज़ारा वाकई अद्भुत है, हर किसी को यहां आना चाहिए।

प्रेमीचंद साहू, रायपुर यह जगह बहुत खूबसूरत और अनोखी है, यहां आकर मन को शांति मिलती है।

आज बेबाक

अमेरिका के बहकावे में आकर पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से पंगा मोल लेकर अपनी स्थिति धोबी के कुत्ते की तरह कर ली है जो घर का रहता है न घाट का। अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान ने मुस्लिम देशों के दबाव में आकर सीजफायर तो कर लिया है लेकिन यह कभी भी टूट सकता है। इस बीच रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने एलान किया है कि यदि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमला किया तो रूस अफगानिस्तान का साथ देगा। मतलब पाकिस्तान दो पाटों के बीच पीसकर साबूत नहीं बचेगा। एक पाकिस्तान के टुकड़े कई होंगे कोई इधर गिरेगा, कोई उधर गिरेगा।

उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन से मुख्यमंत्री साय ने की भेंट

रायपुर /नवप्रदेश । उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल डेका उपस्थित थे।

अमेरिकी अदालतों ने जेल में बंद भारतीय मूल के व्यक्ति की निर्वासन प्रक्रिया पर रोक लगाई

नयी दिल्ली (वार्ता) अमेरिका की दो अलग-अलग अदालतों ने एक भारतीय मूल के व्यक्ति के निर्वासन पर रोक लगा दी है, जिसने एक ऐसी हत्या के लिए 40 साल से ज़्यादा जेल में बिताए जो उसने की ही नहीं थी। 64 वर्षीय सुब्रमण्यम सुबू वेदम को 1983 में अपने पूर्व रूममेट की हत्या का दोषी ठहराया गया था। लेकिन मामले में नए सबूत सामने आने के बाद उन्हें अक्टूबर में बरी कर दिया गया था। जेल से रिहा होने के तुरंत बाद उन्हें अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने हिरासत में ले लिया, जो उन्हें भारत प्रत्यर्पित करना चाहते हैं।

विमान दुर्घटना में तीन की मौत, 11 घायल

न्यूयॉक (वार्ता/शिन्हुआ) अमेरिकी राज्य केंटकी के गवर्नर एंडी बेशियर ने बुधवार को कहा कि लुइसविले अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद कार्गो विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य लोग घायल हो गए। बेशियर ने एक प्रेस वार्ता में कहा, हमारा मानना है कि कम से कम तीन लोगों की मौत हुई है लेकिन यह संख्या और भी बढ़ सकती है।

राज्योत्सव पर वायु सेना की टीम का रोमांचक एयर शो

आसमां में गूंजा 'जय जोहार' और 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया'

■ उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने देखा एयर शो

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर बुधवार को नवा रायपुर के सेंध जलाशय के ऊपर भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित एरोबेटिक सूर्यकिरण की टीम ने रोमांचक एयर शो का प्रदर्शन किया। देश के उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ हजारों लोगों ने अद्भूत और रोमांचक एयर शो का आनंद लिया। आज प्रदेशवासियों के लिए वायु सेना का एयर शो कमाल का अनुभव रहा। सेंध जलाशय के ऊपर वायु सेना के फाइटर प्लेन्स ने एक के बाद एक कई हवाई करतब दिखाए। **(संबंधित खबर पेज 12 पर पढ़े)**

कलाबाजी दिखाकर भरपूर मनोरंजन किया

सूर्यकिरण टीम ने अनुशासन, परस्पर विश्वास, सटीकता और उत्साह के साथ एक घंटे तक वायु सेना के विमानों के साथ कलाबाजी दिखाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। नवा रायपुर के सेंध जलाशय में मौजूद हजारों दर्शक पायलटों के हैरतअंगेज साहस और करतबों को देखकर मंत्रमुग्ध होते रहे। विंग कमांडर ए.व्ही. सिंह के नेतृत्व में वन-एफ-9 और वन-एफ-8 हेलीकॉप्टर यूनिट ने वी-17 और वी-5 हेलीकॉप्टरों से स्लीपरी और स्काई-ऑपरेशन के करतब दिखाए। 'आदिदेव नाम के इन हेलीकॉप्टरों से केवल 15 मीटर ऊंचाई पर स्थिर रहकर 14 गरूड़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सूर्यकिरण टीम की स्थापना 1996 में की गई

सूर्यकिरण टीम की स्थापना वर्ष 1996 में की गई थी। तब से यह टीम एशिया की एकमात्र नौ-विमानों वाली एरोबैटिक टीम होने का गौरव रखती है और दुनिया की कुछ चुनिंदा शीर्ष एरोबैटिक टीमों में शामिल है। यह असाधारण टीम अब तक भारत भर में 700 से अधिक प्रदर्शन कर चुकी है। साथ ही चीन, श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे कई देशों में भारत का प्रतिनिधित्व ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहला चरण : बिहार में 121 विस सीटों पर मतदान आज

■ 45,341 बूथ बनाए गए, चुनावी मैदान में 1314 उम्मीदवार

पटना(वार्ता)। बिहार में पहले चरण मतदान छह नवंबर को है। 115 विधानसभा क्षेत्र के 45341 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोटिंग होगी। छह विधानसभा क्षेत्रों के 2135 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से पांच बजे तक ही वोटिंग होगी। बुधवार सुबह से ही डिस्पैच सेंटरों से मतदान कर्मी ईवीएम-वीवीपैट और अन्य सामग्री लेने में जुट गए। आज शाम तक सभी मतदान केंद्र पर सुरक्षा बल पहुंच जाएंगे। गुरुवार सुबह पांच बजे ही बूथ लेवल एजेंटों की मौजूदगी में मॉक पोल किया जाएगा। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहले चरण में इन जिलों में मतदान

पहले चरण में 18 जिलों की 121 सीटों पर मतदान होगा। यह जिले हैं- मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगडिया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर और बक्सर। इन 121 सीटों पर कुल 2496 नामांकन दाखिल हुए थे। जांच के क्रम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

100 वर्ष से अधिक आयु वाले 6,736 मतदाता

पहले चरण में कुल 3 करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाता मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। एक करोड़ 98 लाख 35 हजार 325 पुरुष, एक करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिलाएं और 758 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।। इसके अलावा, 1, 00, 904 सर्विस वोटर भी इस चरण में वोट डालेंगे। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। 3, 22, 077 दिव्यांग मतदाता और 5, 31, 423 वरिष्ठ नागरिक मतदाता (जिनमें 80 वर्ष से अधिक आयु वाले 5, 24, 687 और 100 वर्ष से अधिक आयु वाले 6,736 मतदाता शामिल हैं) भी लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेंगे। पहले चरण के मतदान में सात लाख 37 हजार 765 मतदाता ऐसे हैं जो पहली बार मतदान करेंगे। इनमें से अधिक 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवा वोटर है। वहीं 18 से 40 वर्ष के बीच के 1, 96, 27, 330 युवा मतदाता इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं।

बीजापुर मुठभेड़ में तीन माओवादी ढेर, तलाशी अभियान जारी

बीजापुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ में माओवादी विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों ने बीजापुर जिले के घने जंगलों में चल रही मुठभेड़ के दौरान कथित तौर पर तीन माओवादी विद्रोहियों को मार गिराया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह झड़प बुधवार को तेलंगाना की सीमा के निकट तारलागुडा क्षेत्र में हुई, जहां पुलिस और अर्धसैनिक बलों की संयुक्त टीमें तलाशी अभियान चला रही हैं। हालांकि, आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि घटनास्थल से तीन माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं और हथियार भी जब्त कर लिए गए हैं। बताया जा रहा है कि यह मुठभेड़ अन्नाराम और मरिमल्ला गांवों के बीच जंगली इलाके

में हो रही है, जो माओवादी गतिविधियों और दुर्गम इलाकों के लिए जाना जाता है। पुलिस दल जंगल में तैनात हैं और बुधवार शाम तक अभियान अभी भी सक्रिय था। खुफिया जानकारी से पहले ही क्षेत्र में सशस्त्र आतंकवादियों की गतिविधि का संकेत मिला था, जिसके बाद जिला रिजर्व गार्ड और विशेष कार्य बल इकाइयों ने त्वरित प्रतिक्रिया दी। दोपहर में जारी एक बयान में कहा गया था कि बीजापुर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नेपाल के नौ वाम दलों ने किया विलय

काठमांडू(वार्ता)। नेपाल के नौ राजनीतिक दलों ने आम चुनाव से पहले विलय कर लिया है और एक नई पार्टी का गठन किया है। पार्टी का नाम और झंडा तय कर लिया गया है। इस विलय के साथ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी- माओवादी केंद्र पार्टी ने अपने आधिकारिक नाम से 'माओवादी0 शब्द हटा दिया है। नेपाल के नौ वाम दलों ने बुधवार को विलय कर नई पार्टी का गठन किया। इसमें नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत समाजवादी) जैसे दल शामिल हैं। यह कदम पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव से पहले उठाया गया है। भृकुटीमंडप में आयोजित एक बड़े कार्यक्रम में इन दलों के विलय की घोषणा की गई। औपचारिक विलय समारोह से पहले एक भव्य रैली भी निकाली गई। यह गठबंधन देश में भ्रष्टाचार, वंशवाद और राजनीतिक अशांति के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रधानमंत्री मोदी ने महिला वर्ल्ड कप चैंपियंस खिलाड़ियों से की मुलाकात

■ पीएम मोदी ने अपने आवास पर महिला वर्ल्ड कप की चैंपियंस की मेजबानी की

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर महिला वर्ल्ड कप की चैंपियंस की मेजबानी की। पीएम मोदी ने टीम को जीत के लिए बधाई दी और टूर्नामेंट में लगातार तीन हार और सोशल मीडिया पर हुई ट्रोलिंग के बाद उनकी शानदार वापसी की तारीफ की। इस अवसर पर,

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 2017 में प्रधानमंत्री मोदी से हुई मुलाकात को याद किया, जब वे बिना ट्रॉफी के प्रधानमंत्री से मिली थीं, और अब जब वे ट्रॉफी के साथ उनसे मिली हैं तो वे उनसे और भी बार मिलना चाहती हैं। वाइस कैप्टन स्मृति मंधाना ने कहा कि पीएम मोदी ने उन्हें मोटिवेट किया है और वे उन सभी के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे आज लड़कियां सभी फील्ड ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

रेलवे की सुरक्षा पर खड़े हुए सवाल | राहत दलों ने गैस कटर की मदद से बोगियां काटकर फंसे लोगों को निकाला

सिग्नल फेल या ड्राइवर की गलती से हुआ बिलासपुर हादसा ?

बिलासपुर /नवप्रदेश। बिलासपुर जिले में एक बड़ा रेल हादसा हुआ। गतौरा रेलवे स्टेशन के पास खड़ी मालगाड़ी में तेज रफ्तार पैसेंजर ट्रेन का इंजन जा घुसा। हादसा लाल खदान इलाके में मंगलवार देर शाम हुआ। इसमें 11 यात्रियों की मौत हो गई और करीब 20 लोग घायल हो गए। मौके पर राहत और बचाव अभियान चलाया गया, जो रात मंगलवार तक जारी रहा। रेलवे ने इस हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। जानकारों ने सिग्नल, टर्न, स्पीड या फिर इमरजेंसी ब्रेक लगाने को हादसे की वजह बताई है।

दरअसल,मंगलवार शाम 4 बजे के करीब गोंदिया-कोरबा पैसेंजर ट्रेन बिलासपुर की ओर तेज रफ्तार में जा रही थी। इस बीच गतौरा रेलवे स्टेशन के पास एक मालगाड़ी खड़ी थी, तभी गोंदिया-कोरबा पैसेंजर ट्रेन ने मालगाड़ी को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि अचानक ब्रेक लगने की आवाज और फिर जोरदार धमाका सुना। कई यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई, जबकि राहत दलों ने गैस कटर की मदद से बोगियां काटकर फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में 11 यात्रियों की मौत हो गई और करीब 20 घायल हुए हैं।

जांच के आदेश

रेलवे ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी इसकी जांच कर रहे हैं। रेल मंत्री ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर घायलों को 5 लाख और सामान्य घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। वहीं, छत्तीसगढ़ सरकार ने भी मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है।

मुंब्रा ट्रेन हादसा: रेलवे कर्मियों की लापरवाही से गई पांच जानें

मुंबई(वार्ता)। मुंब्रा ट्रेन हादसे की वजह को लेकर पुलिस ने जांच में बड़ा खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, रेलवे कर्मचारियों की लापरवाही के कारण बीते नौ जून को पांच लोगों की मौत हुई थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि घटना से चार दिन पहले रेलवे के कर्मचारियों ने पटरी का एक टुकड़ा बदला था लेकिन उसे बिना वेल्ड किए छोड़ दिया था, जिससे यह हादसा हुआ। रेलवे पुलिस (जीआरपी) की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी में कहा गया है कि असंतुलित पटरी के कारण उस पर चल रही एक ट्रेन बगल वाली पटरी की ओर झुक गई, जिससे यात्री नीचे गिर गए। इसमें यह कहा गया है कि संबंधित रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को इस बात की जानकारी थी कि बदली गई पटरी का टुकड़ा बिना वेल्ड किए छोड़ दिया गया था।

मेरा भाई देशभक्त है, सेना का अपमान नहीं कर सकता: प्रियंका

बेतिया (आईएएनएस)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने भाई और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उस बयान का बचाव किया है, जिसे लेकर भाजपा और एनडीए में शामिल राजनीतिक दल उन पर हावी हो रहे हैं।

प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी के उस बयान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारतीय सेना में देश की 10 फीसदी आबादी का नियंत्रण है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि मेरा भाई कभी भी सेना के अपमान में कुछ नहीं कह सकता। वे देशभक्त हैं और सेना की भलाई चाहते हैं। बेतिया में मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस सांसद ने कहा कि मेरा भाई कभी ऐसा कुछ नहीं कह सकता है जिससे सेना का अपमान हो। वह तो सेना का सम्मान करता है, सेना की भलाई चाहता है, और जो सच्चाई होती है, उसे सभी के सामने रखता है। फिर आप कैसे

कह सकते हैं कि वह अपमान कर सकते हैं? वह कभी ऐसा कुछ नहीं कहेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सेना की सबसे ज्यादा परवाह करते हैं, वे देश के लिए समर्पित हैं, और वे मेरे भाई हैं। वे सच्चाई के साथ खड़े होते हैं और ये लोग उनका मुकाबला नहीं कर सकते, इसीलिए कोई न कोई आरोप लगाते रहते हैं। प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी की उस प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र किया कि अगर चुनाव चोरी कर सरकार बनाई जाएगी तो लोकतंत्र कहां बचा है? ऐसी सरकार से क्या फायदा जो चोरी कर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राजनाथ सिंह का राहुल गांधी पर बड़ा आरोप वे देश में अराजकता फैलाने की कोशिश रहे

'भारत किसी को उकसाता नहीं है' : राजनाथ

पटना। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को बांका में चुनावी सभा में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। क्योंकि, उन्होंने सशस्त्र बलों में आरक्षण की मांग की है।

बिहार के जमुई जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि राहुल जी को क्या हो गया है? वे रक्षा बलों में आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। वह देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी सेनाएं इन सब चीजों से ऊपर हैं। रक्षा मंत्री ने बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी के हालिया मछली पकड़ने के प्रयास पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेता के पास अब कोई चारा नहीं बचा है, इसलिए उन्हें तालाब में कूदना पड़ा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को समझना चाहिए कि देश चलाना बच्चों का खेल नहीं है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई प्रतिघाती कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की।

राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया है, बंद नहीं किया गया। अगर आतंकवादी फिर से भारत पर हमला करने की कोशिश करेंगे, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे। भारत किसी को उकसाता नहीं है, लेकिन अगर कोई हमें उकसाएगा तो हम उसे बख्शेंगे नहीं।

राजनाथ ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर रुका नहीं है, बल्कि स्थगित है। अगर आतंकवादी फिर से भारत पर हमला करने की कोशिश करेंगे, तो हम कड़ा जवाब देंगे। भारत किसी को उकसाता नहीं है, लेकिन अगर कोई हमें उकसाएगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं। इससे पहले, बांका में एक और रैली को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा, एनडीए के पक्ष में स्पष्ट लहर है और जोर देकर कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन दो-तिहाई बहुमत से राज्य में अगली सरकार बनाएगा। उन्होंने राजद पर राज्य में अपने शासन के दौरान लोगों को धमकाने का आरोप लगाया। राजनाथ ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सीमावर्ती इलाकों में कभी बेहतर सड़कें नहीं चाहती थी।

'प्राण जाए पर वचन न जाए'

उन्होंने कहा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी मामला नहीं है। पहले चरण के मतदान से पहले एनडीए के पक्ष में स्पष्ट लहर है। हम दो-तिहाई बहुमत से अगली सरकार बनाएंगे। राजनाथ ने दावा किया कि एनडीए कभी भी जाति, पंथ और धर्म के आधार पर लोगों के बीच भेदभाव नहीं करता है और यह गठबंधन केवल 'विकसित' बिहार के लिए काम कर सकता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राजद नेता लोगों को धमकाते रहते हैं और उन्होंने बिहार के विकास के लिए कभी काम नहीं किया। हम लोगों से कहते रहते हैं। हम अपने वादों पर अडिग हैं। 'प्राण जाए पर वचन न जाए'। हम जो वादा करते हैं उससे पीछे नहीं हटते।

एनडीए कभी भेदभाव नहीं करता

रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल के शासनकाल में लोगों को डराया-धमकाया जाता था। कांग्रेस ने कभी नहीं चाहा कि सीमा क्षेत्रों में बेहतर सड़कें बनें। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर एक भी भ्रष्टाचार का मामला नहीं है। राज्य में पहले चरण के मतदान से पहले एनडीए के पक्ष में स्पष्ट लहर है। हम दो-तिहाई बहुमत से अगली सरकार बनाएंगे। एनडीए कभी जाति, धर्म या मजहब के आधार पर भेदभाव नहीं करता और गठबंधन का उद्देश्य केवल विकसित बिहार बनाना है। राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने लोगों को धमकाया और कभी भी बिहार के विकास के लिए काम नहीं किया।

वोटिंग से पहले एनडीए को झटका

बीजेपी विधायक ललन कुमार ने थामा राजद का दामन

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान से ठीक पहले, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को एक बड़ा झटका लगा है। भागलपुर जिले की पीरपैंती विधानसभा सीट से निवर्तमान विधायक ललन कुमार ने बीजेपी छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

ललन कुमार ने बुधवार को ललन कुमार ने आधिकारिक तौर पर आरजेडी का दामन थाम लिया। उन्हें राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से भी मुलाकात की।

टिकट कटने के बाद बीजेपी से नाराज थे ललन कुमार

ललन कुमार की इस दल-बदल का मुख्य कारण यह माना जा रहा है कि इस बार बीजेपी ने उन्हें पीरपैंती (सुरक्षित) सीट से टिकट नहीं दिया। बीजेपी ने उनके स्थान पर मुरारी पासवान को उम्मीदवार बनाया है। आरजेडी में शामिल होने से पहले, ललन कुमार ने बीजेपी को अपना इस्तीफा भेजा था। अपने इस्तीफे में उन्होंने अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की। ललन कुमार ने कहा- ÷मेरी भाजपा के साथ राजनीतिक यात्रा अब समाप्त होती है... लेकिन अब लगता है कि भाजपा को मुखर दलित नेतृत्व की आवश्यकता नहीं रही।÷

राजद में शामिल होने के बाद, ललन कुमार ने तेजस्वी यादव और राबड़ी देवी के साथ अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं।

बिहार : संतोष सहनी के चुनाव से हटने पर तेजस्वी यादव की प्रतिक्रिया बोले- हम उनसे अलग नहीं

पटना(आईएएनएस)। राजद नेता तेजस्वी यादव ने गौड़ा बौराम में संतोष सहनी की ओर से उम्मीदवारी वापस लेने पर प्रतिक्रिया दी है। संतोष सहनी महागठबंधन के उप-मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार मुकेश सहनी के भाई हैं, जो गठबंधन के समर्थन से चुनाव लड़ रहे थे। संतोष सहनी के उम्मीदवारी वापस लेने पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, यह उनका फैसला है। हम उनका समर्थन करते हैं, क्योंकि हम उनसे अलग नहीं हैं। दरअसल, दरभंगा जिले की गौड़ा बौराम सीट पर महागठबंधन के घटक दलों राजद और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के बीच फ्रेंडली फाइट जैसी स्थिति थी। राजद के टिकट पर यहां से अफजल अली खान ने अपना नामांकन दाखिल किया, जबकि संतोष सहनी विकासशील इंसान पार्टी से चुनाव मैदान में खड़े थे। हालांकि, पहले चरण की वोटिंग से पहले संतोष सहनी चुनाव मैदान से हट गए हैं। मुकेश सहनी ने बुधवार को अपने भाई की उम्मीदवारी वापस लेने की घोषणा की।

जनता बदलाव के लिए तैयार'

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने रामनगर और पश्चिम में बुधवार को जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए महागठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में जनसमर्थन मांगा।तेजस्वी यादव ने रामनगर की रैली में कहा, उन्होंने अपने हेलीकॉप्टर को ट्रैक्टर बना दिया है। पूरी केंद्र सरकार और पूरी राज्य सरकार एक 37 साल के युवक के पीछे लगी है। मेरे एक हेलीकॉप्टर के मुकाबले उन्होंने 30 हेलीकॉप्टर भेज दिए हैं। तेजस्वी ने कहा कि रामनगर के लोग महागठबंधन के राजद प्रत्याशी सुबोध पासवान के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करें।

बिहार में एनडीए सरकार एक घोषणा बताए जो पांच साल में पूरी की हो : इमरान मसूद

दिल्ली, 5 नवंबर (आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव के बीच कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने एनडीए सरकार पर झूठा वादा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एनडीए कोई एक घोषणा बताए जो इससे पहले कहने के बाद पूरी की हो। बिहार में महागठबंधन की सरकार बन रही है।

बिहार चुनाव पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, देखिए, लोगों का जो रुझान आ रहा है, जिस तरह लोग भाजपा के मंत्रियों से सड़क पर खड़े होकर सवाल पूछ रहे हैं और वो मौका देखकर भाग रहे हैं, तो ऐसा लग रहा है कि प्रचंड बहुमत की ओर महागठबंधन सरकार बनने जा रही है।÷

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा, ÷ये लोग आज से पांच साल पहले भी वादे करके गए थे, लेकिन चुनाव जीतने और सरकार बनाने के बाद सारे वादे भूल गए हैं। अब एक बार फिर से जनता को बेवकूफबनाने के लिए आ गए हैं। वे ये जवाब दे दें कि इससे पहले जो वादे किए गए थे, वे क्यों पूरे नहीं हुए हैं।÷

एनडीए पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग चुनाव के समय हिंदू-मुस्लिम करने का काम करते हैं। इसके अलावा इन लोगों के पास कोई मुद्दा नहीं है। ये लोग काम के दम पर वोट नहीं पा सकते।

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने भाजपा नेता अमित मालवीय के सोशल मीडिया 'एक्स' पोस्ट पर सवाल किया कि इन्हें कट्टा, पिस्तौल, चाकू, छुरा, मारना, काटना और बांटना के अलावा भी कुछ आता है या नहीं? इनके पास रोजगार और किसान की बदहाली सुधारने की कोई योजना है या नहीं? या केवल ऐसी ही बातें करते रहेंगे? वे केवल नफरत और हिंसा की बात करेंगे। इनका यही काम है और इसके अलावा कोई काम नहीं है।÷

इमरान मसूद ने राहुल गांधी के बयान 'देश की सेना और बड़े संस्थान सिर्फ10 प्रतिशत आबादी के कंट्रोल में हैं' पर कहा, ÷राहुल गांधी ने सही तो कहा। राहुल ने तो आंकड़े बताए हैं कि जो देश के अंदर आंकड़े हैं। कांग्रेस सांसद ने सवाल किया कि देश के तमाम संसाधनों पर किसका कब्जा है? उन तमाम संसाधनों पर केवल 10 प्रतिशत लोगों का ही कब्जा है। 10 प्रतिशत लोग चाहे वो कोई भी हों।÷ उन्होंने कहा कि 10 प्रतिशत लोग राज कर रहे और 90 प्रतिशत गुलामी। भाजपा सरकार इस दिशा की तरफपूरी तरह तेजी के साथ कदम बढ़ा रही है। भाजपा सरकार की सारी नीतियां संविधान को खत्म करने की हैं, वो सिर्फइसलिए हैं ताकि बाबा साहेब के सपनों को चकनाचूर किया जा सके।÷

उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा के राहुल गांधी को लेकर दिए गए बयान पर कहा, ÷हेमंत बिस्वा सरमा कुछ नहीं है कि वो राहुल गांधी के सामने बोल भी सकें या राहुल गांधी के लिए बोल सकें। हमारे यहां वो बाहर खड़े होकर काम किया करते थे, इसीलिए वह अब कुछ न करें।

खेसारीलाल यादव को महानगरपालिका ने भेजा नोटिस

मीरा भायंदर (आईएएनएस)। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार और राजद के छपरा से उम्मीदवार खेसारीलाल यादव नई मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। मीरा रोड स्थित उनके आवास पर मीरा भायंदर महानगरपालिका ने नोटिस जारी करते हुए अनधिकृत निर्माण को लेकर सख्त रुख अपनाया है।

भारतीय मूल की गजाला हाशमी बनी लेफ्टिनेंट गवर्नर

भारतीय सामुदायिक संगठन ने गजाला हाशमी की जीत को बताया ऐतिहासिक

वॉशिंगट। अमेरिका के वर्जीनिया प्रांत में भारतीय मूल की गजाला हाशमी लेफ्टिनेंट गवर्नर चुनी गई हैं। राज्य के इस शीर्ष पद पर पहुंचने वाली गजाला हाशमी पहले मुस्लिम और दक्षिण एशियाई मूल की महिला हैं। 61 वर्षीय डेमोक्रेट नेता गजाला हाशमी ने लेफ्टिनेंट गवर्नर पद के चुनाव में रिपबल्किन पार्टी के नेता जॉन रीड को हराया। वर्जीनिया में मंगलवार को मतदान हुआ था। सामुदायिक संगठन 'द इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट फंड' ने वर्जीनिया के लेफ्टिनेंट गवर्नर के लिए आम चुनाव में हाशमी की ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई दी। इम्पैक्ट ने कहा कि उसने हाशमी के अभियान में 175,000 अमेरिकी डॉलर का निवेश किया था ताकि मतदाताओं को एकजुट किया जा सके और सरकार के हर स्तर पर प्रतिनिधित्व को मजबूत किया जा सके। इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट फंड के कार्यकारी निदेशक चिंतन पटेल ने हाशमी की जीत को समुदाय और लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया।

लोकतंत्र समर्थक और बंदूक हिंसा की विरोधी

अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल के लोगों की बढ़ती हिस्सेदारी का ही नतीजा है कि साल 2025 में हो रहे चुनाव में अमेरिका में अहम पदों पर 30 से ज्यादा भारतीय अमेरिकी और दक्षिण एशियाई उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। गजाला हाशमी एक शिक्षक रही हैं और समावेशी मूल्यों और सामाजिक न्याय की पैरोकार हैं। गजाला हाशमी ने सार्वजनिक शिक्षा, वोटिंग अधिकार और लोकतंत्र की सुरक्षा, बंदूक हिंसा की रोकथाम, पर्यावरण, आवास और किफायती स्वास्थ्य सेवा जैसे मुद्दों को अपनी प्राथमिकता बताया।

पीएम मोदी ने बिहार के नौजवानों को 1990 का कट्टा-दोनाली का सीन बताया

पटना/ए.। बिहार की चुनावी राजनीति में बहुत दिनों के बाद कट्टा और दोनाली जैसे शब्दों का प्रयोग वह भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जुबान से निकलना राजनीति के कोई नए संकेत नहीं। जंगलराज पर तो बीजेपी चुनाव लड़ती ही रही है। पर इस बार लालू यादव की 90 के दशक वाली सरकार से जोड़ते हुए कट्टा और दोनाली का उपयोग क्या ऐसे ही कर दिया गया? और अगर यूं ही नहीं किया तो बिहार की राजनीति को वर्तमान विधानसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में क्या दिशा देना चाहते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी? जानते हैं इन शब्दों के मर्म को जिसे बिहार की जनता के दिलों में बसाने की तैयारी एनडीए के प्लेटफार्म से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करना चाहते थे।

बीजेपी का प्रचार तंत्र बहुत ही सिस्टमैटिक होता है।

मोदी ने किया पुराना सीन रीक्रिएट करने वाला प्रचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जंगलराज को दृश्य के माध्यम से जनता के बीच परोसने का काम किया। साल 1990 से 2005 तक कट्टा का लहराना या दोनाली बंदूक कार की खिड़की से बाहर निकाल कर सरेआम घूमने जैसी हरकतें आज की तारीख में संभव नहीं है। तो उस कालखंड वाले दृश्य को रीक्रिएट करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कट्टा, दो नाली जैसे शब्दों का उपयोग किया।

ट्रंप एक ऐसी संस्था का राजनीतिकरण कर रहे जो अराजनीतिक हैं

प्रशासन के पास अपनी कार्रवाइयों का कोई ठोस क़ानूनी आधार नहीं

वाशिंगटन। ट्रंप प्रशासन में अनगिनत घोटाले हुए हैं, लेकिन सबसे अहम है उस पर ध्यान न देना जिसके वह हकदार है। मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रक्षा सचिव पीट हेगसेथ द्वारा सशस्त्र बलों का राजनीतिकरण करने और उन्हें अपने मेगा एजेंडे का हथियार बनाने के प्रयासों की बात कर रहा हूँ । हेगसेथ और ट्रंप सैन्य दर्शकों के सामने खुलेआम राजनीतिक भाषण देते रहते हैं, जबकि सैन्य नियम (सुप्रीम कोर्ट द्वारा समर्थित) वर्दीधारी कर्मियों को पक्षपातपूर्ण गतिविधियों में भाग लेने से रोकते हैं। पिछले हफ़्ते ही, जापान में विमानवाहक पोत यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन पर बोलते हुए, ट्रंप ने अपने डेमोक्रेटिक पूर्ववर्ती, जो बाइडेन पर बार-बार हमला किया। (ट्रंप ने झूठा दावा किया कि बाइडेन ने खुद को पायलट बताया था और आगे कहा, वह पायलट नहीं थे। राष्ट्रपति भी नहीं थे।

एक महीने पहले, वर्जीनिया स्थित मरीन कॉर्प्स बेस क्वांटिको में बोलते हुए, ट्रंप ने देश के सबसे वरिष्ठ जनरलों से कहा था कि उनका इरादा आंतरिक दुश्मन के खिलाफ सेना को संगठित करने और अमेरिकी शहरों को हमारी सेना के प्रशिक्षण मैदान के रूप में इस्तेमाल करने का है। पिछले हफ़्ते जापान में, उन्होंने अमेरिकी शहरों में नेशनल गार्ड से ज़्यादा भेजने की धमकी दी थी। ट्रंप ने शेखी बघारीः मैं थलसेना, नौसेना, वायुसेना, मरीन, जिसे चाहूँ भेज सकता हूँ । ट्रंप पहले ही लॉस एंजिल्स में मरीन और नेशनल गार्ड दोनों तैनात कर चुके हैं, जबकि वाशिंगटन, शिकागो, पोर्टलैंड और मेम्फिस में भी नेशनल गार्ड तैनात करने का आदेश दिया है।

फिर भी ट्रंप पीछे हटने का कोई संकेत नहीं दे रहे हैं

पेंटागन ने अब हर राज्य में नेशनल गार्ड को नागरिक अशांति को दबाने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया बल बनाने का आदेश दिया है। इस बीच, अमेरिकी सशस्त्र बल कैरिबियन और प्रशांत महासागर में कथित ड्रग तस्करी करने वाली नौकाओं पर कई हमले (अंतिम गणना के अनुसार 15) कर रहे हैं, जिनमें कम से कम 64 लोग मारे गए हैं, और प्रशासन वेनेजुएला में जमीनी ठिकानों पर भी हमला करने पर विचार कर रहा है। संक्षेप में, राष्ट्रपति बिना किसी मुकदमे के संदिग्ध ड्रग तस्करों को फांसी पर चढ़ा रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अपने कार्यों के लिए कांग्रेस से अनुमति लेंगे, ट्रंप ने कहा कि शायद नहींः मुझे लगता है कि हम उन लोगों को मार डालेंगे जो हमारे देश में ड्रग्स ला रहे हैं।

सीएम योगी ने राजद-कांग्रेस गठबंधन पर किया प्रहार

गया(आईएएनएस) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2005 के पहले बिहार में अपराध, जातीय संघर्ष, माओवाद, नक्सलवाद था। यूपी-बिहार के नाम पर देश-दुनिया में सम्मान नहीं मिलता था। बिहार में लालू प्रसाद यादव के शासन में 60 से अधिक जातीय नरसंहार, 30 हजार से अधिक अपहरण हुए। व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर, संभ्रांत व्यक्ति सुरक्षित नहीं थे। बिहार के 30-40 फीसदी लोगों की आबादी गोरखपुर व वाराणसी में है, क्योंकि उस समय जंगलराज था, लेकिन नीतीश बाबू के नेतृत्व में 20 वर्ष में सुशासन की सुदृढ़ नींव रखी गई।

उत्तर प्रदेश में तमाम व्यस्तताओं के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को भी बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार करने पहुंचे। उन्होंने पहली रैली वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक व भाजपा प्रत्याशी बीरेंद्र सिंह के पक्ष में की। सीएम ने यहां भाजपा के विकास कार्यों को गिनाया तो राजद-कांग्रेस गठबंधन पर करारा प्रहार भी किया।

नाम बड़े दर्शन... बिहार की क्षेत्रीय पार्टियों के अध्यक्षों पर टिकी सियासी पहचान

पटना/नवप्रदेश। बिहार विधानसभा के चुनाव जंग में कुछ पुरानी और कुछ नई पार्टियां अपना अपना भाग्य आजमा रही हैं। कुछ ऐसी पार्टियां है जिनका वजूद अभी राज्य में निर्धारित होने हैं पर सभी पार्टियां नाम बड़े पर दर्शन छोटे के अंदाज में अपनी अपनी पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हुए है। आइए जानते हैं ऐसे राष्ट्रीय अध्यक्षों के बारे में जिन्हें बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एक नई पहचान मिलनी है।

इंडियन इंक्लूसिव पार्टी

हाल ही में बनी इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आई पी गुप्ता को अभी अपनी पहचान बनानी है। पार्टी का आधार भी अभी बिहार विधानसभा चुनाव में बनना है। ये भी किसी सदन के सदस्य नहीं हैं,पर खुद को राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित कर डाला है। इस चुनाव में वे सहरसा विधानसभा से लड़ने जा रहे हैं।

जनशक्ति जनता दल

जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव हैं। इनके पास पहचान का संकट नहीं है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के पुत्र ,नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के भाई,बिहार सरकार में मंत्री पद को भी सुशोभित कर चुके हैं। इस बार तेज प्रताप यादव महुआ विधानसभा से चुनाव भी लड़ रहे हैं। इनकी पार्टी का भी आधार अभी बिहार में बनना शेष है,पर तेज प्रताप अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।

वीआईपी

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी हैं। इनकी पहचान अभी बिहार की चारदीवारी पार नहीं की है पर वे हैं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष। बिहार में भी उनकी पार्टी 15सीटों पर लड़ रही है ,पर वे किसी भी विधानसभा से चुनाव लड़ नहीं रहे हैं। यह दीगर कि गठबंधन की राजनीति में उनकी घोषणा उप मुख्यमंत्री के रूप में हो चुकी है।

जनसुराज

बिहार में जनसुराज तेजी से प्रभाव बनाने वाली पार्टी बन चुकी है। जनसुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह भी कई बार सांसद रह चुके हैं। पर इनकी पार्टी को भी अभी अपना आधार बनाना है। जनसुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह और संस्थापक प्रशांत किशोर भी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में किसी सीट पर चुनाव लड़ नहीं रहे हैं।

राष्ट्रीय लोक मोर्चा

राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो)का भी चुनावी क्षेत्र बिहार ही रहा है। रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी इस चुनाव जंग में शामिल है। यह दीगर कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा चुनाव में नहीं लड़ रहे हैं। हां, इनकी पत्नी स्नेहलता सासाराम विधानसभा से चुनाव जरूर लड़ रही हैं।

क्या है राष्ट्रीय पार्टी का आधार?

राष्ट्रीय पार्टी के लिए कुछ मापदंड जरूरी है। किसी पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा हासिल करने के लिए चार या उससे ज़्यादा राज्यों में लोकसभा चुनाव या विधानसभा चुनाव लड़ना होता है। साथ ही इन चुनावों में उस पार्टी को कम से कम छह प्रतिशत वोट हासिल करने होते हैं।

छत्तीसगढ़ में 34 हस्तियों को मिला राज्य अलंकरण सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गौरवपूर्ण राज्योत्सव 2025 का समापन नवा रायपुर में आयोजित होने वाले राज्य अलंकरण समारोह से होगा। इस वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली कुल 34 प्रतिभाओं को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया गया। बुधवार को संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने मीडिया से चर्चा के दौरान सम्मानित होने वाले सभी नामों की सूची जारी की।

सामाजिक और आदिवासी चेतना के लिए सम्मान-शहीद वीर नारायण सिंह सम्मान महासमुंद जिले के दिनेश सिन्हा को आदिवासी चेतना और समाज उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया जाएगा। वहीं, यति यतनलाल सम्मान बस्तर के भारतीय कुष्ठ निवारक संघ को अहिंसा और गौ रक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

अधिवक्ता भरतलाल सोनी हुए सम्मानित-अधिवक्ता संघ रायपुर के वरिष्ठ सदस्य अधिवक्ता भरतलाल सोनी का नाम विधायी कार्य विभाग, छ. ग शासन ने वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित ' बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान' से सम्मानित किया गया।

खेल, महिला सशक्तिकरण और सहकारिता में विशेष सम्मान-खेल जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुंडाधूर सम्मान रायपुर की रेवती साहू को मिलेगा। महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में भिलेश्री साहू को मिनीमाता सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। सहकारिता के क्षेत्र में ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार रायपुर की कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, करमा को दिया गया।

साहित्य, पत्रकारिता और भाषा के क्षेत्र में सम्मान-सामाजिक चेतना के लिए गुरु घासीदास सम्मान पुनऊराम जांगड़े और डॉ. शिवनारायण मण्डले को संयुक्त रूप से प्रदान किया जाएगा। उर्दू भाषा सेवा के लिए हाजी हसन अली सम्मान चांदनी साहू को मिलेगा। साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए पं. सुंदरलाल शर्मा सम्मान विनोद कुमार वर्मा को दिया गया।

चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार प्रिंट मीडिया हिंदी के लिए डॉ. संदीप कुमार तिवारी (रायपुर) को, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हिंदी के लिए डॉ. राजेश कुमार वर्मा को, तथा प्रिंट मीडिया अंग्रेजी के लिए अभिषेक शुक्ला को प्रदान किया गया

उप राष्ट्रपति को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन को राजभवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनके साथ राज्यपाल रमेन डेका भी थे।

संक्षिप्त खबरें

आत्महत्या के लिए जिम्मेदार 2 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। उरला थाना क्षेत्र में दर्ज आत्महत्या के दुष्प्रेरण के प्रकरण में पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। घटना के बाद से फरार दो आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के संबंध में पूर्व में थाना में अपराध दर्ज किया गया था। 16 अक्टूबर को शाम 4 बजकर 50 मिनट बजे मृतक राहुल विश्वकर्मा ने घर में फांसी लगा ली थी , इसकी रिपोर्ट पर थाना में मर्ग कायम कर जांच उपरांत आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। जिनकी तलाश के दौरान प्रकरण के आरोपी ताजुद्दीन खान तथा छोटे उर्फ शैफुद्दीन अंसारी बिरगांव ट्यूलीप अरिना होटल तेलीबांधा में रहने की सूचना प्राप्त हुई।

मोदी की गारंटी का लाभ अधिकारियों व कर्मचारियों को नहीं मिला: फेडरेशन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में कर्मचारियों को अपने हक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। महंगाई भत्ते समेत अन्य 11 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने लंबे समय से संघर्षरत है। फेडरेशन का कहना है कि सरकार के साथ हुई चर्चाओं के बावजूद अब तक किसी ठोस समाधान पर सहमति नहीं बनी है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी है।फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा जब राज्य विकास के नए आयाम गढ़ रहा है, तब कर्मचारियों को बुनियादी हक के लिए आंदोलन करना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेशभर के कर्मचारी,शिक्षक और पेंशनभोगी लगातार कर्मचारी-विरोधी निर्णयों से आहत हैं तथा फेडरेशन से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की मांग कर रहे हैं। सरकार रजत जयंती के अवसर पर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर शीघ्र निर्णय नहीं लेती तो संगठन को आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

विपक्ष के आरोपों का जवाब देने बनेगी रणनीति: भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन परीक्षण (एसआईआर) का प्रारंभ मंगलवार से कर दिया गया है। प्रदेश के भाजपा संगठन द्वारा मतदाताओं की मदद करने और विपक्ष के आरोपों का जवाब देने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाएगी। इसके लिए बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक रखी गई है। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश रहेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक, सांसदों के साथ ही सभी जिले के अध्यक्ष बुलाए गए हैं। सभी को एसआईआर के नियम और कानून की जानकारी दी जाएगी। बैठक का मकसद जहां एक तरफजनता की एसआईआर को लेकर मदद करना है, वहीं कांग्रेस पर हमला करने की रणनीति भी बनाना है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय ने कहा कांग्रेस एसआईआर के मामले में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उसके झूठ को जनता के बीच उजागर करने के लिए सभी को मार्गदर्शन दिया जाएगा। देश के एक दर्जन राज्यों में एसआईआर चुनाव आयोग द्वारा करवाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी इसको लेकर प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस मामले में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने फैसला किया है कि जनता को एसआईआर को लेकर मदद की जाए। ऐसे में राज्यों में राज्य संगठनों की बैठक की जा रही है। इन बैठकों में राष्ट्रीय नेता आकर एसआईआर के बारे में पूरी जानकारी दे रहे हैं। रायपुर में पांच नवंबर को होने वाली बैठक में जानकारी देने का जिम्मा भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री और प्रदेश के संगठन प्रभारी शिव प्रकाश को दिया गया है। वे पांच नवंबर की सुबह को दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे और यहां पर बैठक लेंगे।

उपभोक्ता आयोग के निलंबित लेखा प्रभारी पर धोखाधड़ी-गबन का जुर्म

रायपुर/नवप्रदेश। देवेन्द्रनगर पुलिस ने छग राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, रायपुर के तत्कालीन लेखा प्रभारी विनोद साहू के विरुद्ध 3.98 लाख की धोखाधड़ी और गबन के आरोप में धारा 409, 420 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया है। रिपोर्ट आयोग के अधीक्षक जे. आर. निराला ने लिखाई है। जिसके मुताबिक आयोग, रायपुर में पदस्थ विनोद साहू द्वारा पद के दुरूपयोग के मामले की जांच के लिए समिति का गठन किया गया था। समिति ने रिपोर्ट में जानकारी दी है कि उपभोक्ता आयोग राजनांदगांव के बाउंड्रीवाल निर्माण के बाद शेष राशि 2 लाख एवं जिला उपभोक्ता आयोग सरगुजा अम्बिकापुर बोरवेल्स कार्य के उपरांत शेष राशि 15,110 रूपए कुल 2,15,110 रुपए शासकीय मद में जमा नहीं कराए गए। इसी तरह कोषालयीन खाता से विनोद साहू द्वारा कोर्ट फीस की राशि 80 हजार रूपए शासकीय खाते की जगह अपने खाते में जमा करा लिए गए। नकद ली गई धनराशि भी जमा नहीं कराई गई।

69 लाख महिलाओं के खातों में ट्रांसफर हुई 647 करोड़ की राशि

महतारी वंदन योजना की 21वीं किश्त जारी

रायपुर/नवप्रदेश।छत्तीसगढ़ सरकार ने महतारी वंदन योजना की 21वीं किस्त जारी कर दी है। प्रदेश की 69 लाख महिलाओं के खाते में 647.28 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की गई. इस योजना के तहत हर महीने महिलाओं के खाते में 1000 रुपये की राशि अंतरित की जाती है. हितग्राही महिलाओं के खातों में अब तक 20 किस्तों के माध्यम 13,024 करोड़ 40 लाख रुपये की राशि जारी की जा चुकी है.

उपराष्ट्रपति ने जारी की किस्त राजनांदगांव में बुधवार (5 नवंबर) को लखपति दीदी सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने महतारी वंदन योजना की 21वीं किस्त जारी की. राजनांदगांव के स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित

इस कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सीएम विष्णुदेव साय मौजूद रहे.

7658 महिलाओं को पहली बार मिली राशि

राज्य सरकार ने पहल करते हुए नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत शामिल गांवों की महिलाओं को महतारी वंदन स्कीम से जोड़ा है. पहली बार नियद नेल्लानार के अंतर्गत आने वाली 7658 हितग्राही महिलाओं के खातों में महतारी वंदन की किस्त जारी की गई. इस योजना के दायरे में शामिल 327 गांवों में तेजी सरकारी कार्यों को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है.नियद नेल्लानार योजना में शामिल बीजापुर जिले के गांवों की 3872, दंतेवाड़ा जिले की 428, कांकेर जिले की 191, नारायणपुर जिले की 559 और सुकमा जिले की 2608 महिलाएं महतारी वंदन योजना की नई लाभार्थी के रूप में दर्ज की गई है.

इस तरह देखें महतारी वंदन की किस्त का स्टेटस

महतारी वंदन योजना से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए पोर्टल mahtarivandan.cgstate.gov.in पर विजिट कर सकते हैं. महतारी वंदन योजना की किस्त का स्टेटस देखने के लिए ऑफिशियल साइट पर विजिट करना होगा. साइट के होमपेज पर 'आवेदन एवं भुगतान की स्थिति' पर क्लिक करें. यहां हितग्राहियों को अपना मोबाइल नंबर/आधार नंबर एंटर करना होगा. कैप्चा कोड एंटर करने के बाद योजना की राशि का स्टेट्स देख सकेंगे.

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में 133 पदों पर निकली भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। जहां छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की ओर से जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट और जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट (कंप्यूटर) के कुल 133 पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से शुरू की जा चुकी है, और उम्मीदवार 25 नवंबर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। वहीं, आवेदन फॉर्म में गलती सुधारने का मौका 26 से 28 नवंबर 2025 तक दिया जाएगा।

हाईकोर्ट में 133 पदों पर निकली भर्ती-

इस भर्ती अभियान के तहत छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट कुल 133 उम्मीदवारों की नियुक्ति करेगा। इनमें 124 पद जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट के लिए हैं और 9 पद जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट (कंप्यूटर) के लिए रखे गए हैं। इन पदों में सामान्य वर्ग, एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ के स्थानीय उम्मीदवारों को भर्ती में प्राथमिकता दी जाएगी। उम्मीदवारों का चयन दो चरणों में किया जाएगा लिखित परीक्षा और स्किल टेस्ट के माध्यम से।

जानें किन्हें मिलेगा मौका?

नियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट के पद के लिए उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। इसके साथ ही उम्मीदवार ने कंप्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा भी पूरा किया हो। वहीं, जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट (कंप्यूटर) पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास स्नातक की डिग्री के साथ कंप्यूटर में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा होना आवश्यक है।इन पदों के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और अधिकतम आयु 30 वर्ष तय की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य के एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों को 5 वर्ष की आयु में छूट दी जाएगी। वहीं, राज्य की महिला उम्मीदवारों को 10 वर्ष तक की अतिरिक्त छूट का लाभ मिलेगा।

अंशिता बनी चार्टर्ड अकाउंटेंट

रायपुर/ नवप्रदेश। चार्टर्ड अकाउंटेंट के परिणाम जारी किए गए हैं। जिसमें शहर के युवाओं ने सफलता अर्जित की है। इसमें बिलासपुर के कुदुदंड इंजिनियर्स कॉलोनी में रहने वाली अंशिता अग्रहरि सीए बनने में सफलता हासिल की है। वे नीता अग्रहरि और संदीप अग्रहरि की पुत्री, और कमला गिरजा शंकर अग्रहरी की पोती है। वे स्कूली जीवन से ही मेधावी छात्रा रही है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजन, कड़ी मेहनत और परिजन को दिया है।

दस्तावेजों के साथ टेंपरिंग प्रकरण की सुनवाई 12 को

रायपुर/नवप्रदेश। ईओडब्ल्यू के निदेशक अमरेश मिश्रा और अधिकारी राहुल शर्मा और चंद्रेश ठाकुर के खिलाफ धारा 164 का फर्जी कलमबंद बयान पेश करने के मामले की सुनवाई 12 नवंबर को होगी। जिला न्यायालय में कंडोलेंस के चलते सुनवाई को आगे बढ़ा दिया गया है। बता दें कि डिवीजन सिविल जज आकांक्षा बेक की अदालत में अभियोजन और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं द्वारा पेश किए गए परिवाद पत्र पर तर्क प्रस्तुत किया जा चुका है। अभियोजन की ओर से बताया गया कि उनके पक्षकार शासकीय कर्मचारी है। आरोप लगाने के पहले कोर्ट और राज्य सरकार से अभियोजन स्वीकृति नहीं ली गई है। कोयला घोटाले के आरोपी निखिल ने कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने स्वयं एप्लिकेशन फाइल की है।इसमें पुलिस का कोई रोल नहीं रहता। इसे देखते हुए प्रकरण सुनवाई योग्य नहीं होना का हवाला दिया। बचाव पक्ष ने इसका विरोध करते हुए कहा कि मामला अभी प्रारंभिक स्टेज पर है। शासकीय कार्य के निर्वहन में तुरंत अनुमति की जरूरत पड़ती है। इसकी अनुमति जरूरत पड़ने पर कभी भी ले सकते है। कोयला घोटाला के आरोपी निखिल चंद्राकर के बयान के साथ छेड़छाड़ और टेंपरिंग कर दस्तावेजों को कहीं और बनाकर पेश करने का आरोप लगाया है।

मोदी की गारंटी 57,000 शिक्षकों की भर्ती की थी फिर मात्र 4,700 पदों में भर्ती क्यों?

भाजपा सरकार शिक्षक भर्ती की तैयारी में लगे युवाओं के साथ धोखा कर रही

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग में शिक्षकों के मात्र 4,708 पद पर भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी की गारंटी 57,000 शिक्षकों की भर्ती की थी, फिर 22 महीना बाद मात्र 4,708 पदों पर ही भर्ती क्यों की जा रही है, 57000 पदों पर भर्ती क्यों नहीं हो रही है? ये तो शिक्षक भर्ती का इंतजार कर रहे लाखों युवाओं के साथ धोखा है। सरकार बनने के तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा के भीतर 33,000 पदों पर भर्ती की घोषणा किया था। बजट में 20,000 पदों पर भर्ती का प्रावधान किया गया था। मुख्यमंत्री 5 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा किये, अब शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव 4,708 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करा रहे है। जिसमे पूर्व स्वीकृत 146 पद व्याख्याता कम्प्यूटर एवं 146 पद योग प्रशिक्षक उसे भर्ती प्रक्रिया से हटा दिया गया।

आखिर क्यों?प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार के हठधर्मिता के चलते शिक्षक बनने का इंतजार कर रहे युवाओं के मन में निराशा का भाव आया है, जिस प्रकार से वादा करके वादाखिलाफी की जा रही है, ऐसे में तो हजारों विषय विशेषज्ञ युवा आने वाले समय में सरकारी नौकरी की उम्र सीमा पार कर जाएंगे और परीक्षा से वंचित हो जाएंगे, उनकी जिंदगी खराब हो जाएगी और भाजपा सरकार की मंशा तो नौकरी देने की नहीं है, इसलिए भाजपा के जितने मंत्री है उनके शिक्षक भर्ती को लेकर अलग-अलग दावे है।

भारतमाला घोटाला : पटवारी बसंती, दिनेश और लेखराम को 14 तक भेजा जेल

13 अक्टूबर 2025 को चालान पेश किया जा चुका है

रायपुर/नवप्रदेश। भारतमाला परियोजना घोटाले में शामिल तत्कालीन पटवारी दिनेश पटेल, लेखराम देवांगन और बसंती घृतलहरे को 14 नवंबर तक के लिए जेल भेज दिया गया है। उक्त सभी को ईओडब्ल्यू ने 29 अक्टूबर को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ के लिए 7 दिन की रिमांड पर लिया था। इसकी अवधि पूरी होने पर मंगलवार को विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया गया।

इस दौरान अभियोजन पक्ष ने बताया कि उनकी पूछताछ पूरी हो गई है। इस समय प्रकरण की जांच चल रही है। मिले इनपुट के आधार पर इस घोटाले में शामिल

अन्य लोगों के भूमिका को जांच के दायरे में लिया गया है। ईओडब्ल्यू की ओर से किसी भी तरह का आवेदन पेश नहीं करने पर सभी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। बता दें कि जेल भेजे गए आरोपी पटवारियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी। इसके खारिज होते ही सभी को गिरफ्तार किया गया था।

सिंडिकेट बनाकर किया घोटाला

भारतमाला परियोजना घोटाला सिंडिकेट बनाकर 2019 से 2024 के बीच किया गया। पटवारियों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों, जमीन दलालों के साथ मिलकर दस्तावेजों में हेराफेरी कर अपात्र लोगों को मुआवजा बांटकर कमीशनखोरी की। किसानों को झांसा देकर ऋण-पुस्तिका और बैंक खाता लेकर रकम दिलाने का आश्वासन दिया। इसके दस्तावेज मिलने पर रायपुर से विशाखापट्टनम प्रस्तावित इकॉनामिक कॉरिडोर के भू-अर्जन प्रकरण में शासन द्वारा अर्जित भूमि को दोबारा शासन को विक्रय कर मुआवजा लिया। फर्जीवाड़ा करने के लिए बैंक डेट में बंटवारा और नामांतरण कर भूस्वामी के बदले किसी अन्य को मुआवजा दिलाने के लिए जमीन को कई टुकड़े में विभाजित कर करोड़ों रुपयों का बंटरबाट किया। बता दें कि इस प्रकरण में 10 आरोपियों के खिलाफ 13 अक्टूबर 2025 को चालान पेश किया जा चुका है।

स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रथम रैंकिंग दिलवाने स्वच्छता फीडबैक देने की अपील

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी शहर की प्रथम नागरिक रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चैबे, नगर निगम सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, एमआईसी सदस्यों, वार्ड पार्षदों ने समस्त नगरवासियों को राज्योत्सव दिनांक 5 नवंबर 2025 कार्तिक पूर्णिमा महादेवघाट पुन्नी मेला गुरूनानक देव जयन्ती के पावन अवसर पर अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुए परमपिता परमेश्वर से समस्त नगरवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शान्ति प्रदान करने राजधानी रायपुर शहर सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में समृद्धि और खुशहाली लाने कार्य करने सकारात्मक प्रेरणा ऊर्जाशक्ति प्रदान करने की विनम्र प्रार्थना की है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर राजधानी शहर रायपुर में महादेवघाट में विगत लगभग 6 सौ वर्षों से प्रतिवर्ष परम्परागत तौर पर भव्य मेला भरता है, जिसमें रायपुर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासी श्रद्धालु नागरिक अपने परिवारजनों सहित हजारों की संख्या में पहुंचकर खारून मईया में पुण्य स्नान करते है और सुप्रसिद्ध हटकेश्वरनाथ मन्दिर में जगतपिता शिव के दर्शन कर विशेष पूजा आराधना सपरिवार करते है। कार्तिक पूर्णिमा के पावन दिवस को विश्व भर में सिख गुरू नानकदेव की जयन्ती मनायीं जाती है।

सुविचार

खेल चाहे ताश का हो या जिंदगी का अपना इक्का उसी समय दिखाना चाहिए जब सामने बादशाह हो। - अज्ञात

ओवैसी के निशाने पर तेजस्वी

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार पर विराम लग गया है। अब दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार ने गति पकड़ ली है। विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है जिसे देखकर ऐसा लगता है कि वे जुबानदाजी करके ही चुनाव जीतना चाहते हैं। महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के चेहरे घोषित होने वाले तेजस्वी यादव कुछ ज्यादा ही बढ़ चढ़कर बयान दे रहे हैं। जिन्हें भाजपा नेता करारा जवाब भी दे रहे हैं। किन्तु तेजस्वी यादव ने अस्सदुद्दीन ओवैसी को चरमपंथी कहकर आ बैल मुझे मार वाली कहावत चरितार्थ कर ली है। अब ओवैसी अपनी हर चुनावी सभाओं में तेजस्वी यादव पर ही निशाना साध रहे हैं। उन्होंने पहले तो तेजस्वी यादव के इस दावे का मजाक उड़ाया जिसमें उन्होंने बिहार के हर परिवार से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। ओवैसी ने सवाल उठाया है कि लगभग ढाई करोड़ लोगों को तेजस्वी यादव कौन सी नौकरी देंगे जबकि केन्द्र सरकार के पास ही सिर्फ तीस लाख सरकारी कर्मचारी हैं। यदि वे ढाई करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी दे भी देते हैं तो उन्हें वेतन देने के लिए पैसा कहां से लाएंगे। तेजस्वी यादव ने बिहार के लोगों को बेवकूफ बनाने की कोशिश की है लेकिन कोई भी उनके झांसे में नहीं आएगा। ओवैसी ने तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला करते हुए यह भी बयान दिया है कि तेजस्वी यादव पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद जब उन्होंने दुनिया के कई देशों में जाकर पाकिस्तान को बेनकाब किया था तो पाकिस्तानी मुझे चरमपंथी और आतंकवादी कहते थे। आज यही बात तेजस्वी यादव कह रहे हैं। ओवैसी ने वक्फ कानून को रद्दी की टोकरी में डालने के तेजस्वी यादव के बयान को भी हास्यास्पद बताया है और कहा है कि वे खुद वक्फ कानून के सख्त खिलाफ है लेकिन कोई भी राज्य सरकार केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गये किसी भी कानून को अपने राज्य में लागू करने से रोक नहीं सकती। इस तरह का बयान देकर तेजस्वी यादव बिहार के मुसलमानों के वोट हासिल करना चाहते हैं जो उन्हें कतई नहीं मिलेगा। बिहार में मुसलमानों की आबादी 18 प्रतिशत है और अब वे तो उपमुख्यमंत्री नहीं बल्कि मुख्यमंत्री बनेंगे। रही बात तेजस्वी यादव की तो उन्हें इस बार बिहार के मुख्यमंत्री नहीं बनने देंगे। कुल मिलाकर तेजस्वी यादव ने ओवैसी को छेड़ कर अपने लिए नई मुसीबत मोल ले ली है।

रेल हादस: जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्यवाही हो

एक ओर तो रेलवे ने यात्री किरायें में वृद्धि कर दी है और देश में बुलेट ट्रेन चलाने की कवायद कर रही है लेकिन दूसरी ओर साधारण यात्रियों की ट्रेनों में सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। नतीजतन आये दिन ट्रेन हादसे होना आम बात हो गई है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी एक भीषण रेल हादसा हो गया। गतौरा-बिलासपुर सेक्शन के बीच एक मेमू लोकल खड़ी माल गाडी के ऊपर जा चढ़ी। जिसकी वजह से लोकोपायलट सहित आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बीस यात्री घायल हो गये जिन्हें बोगी काटकर निकाला गया और उपचार के लिए अस्तपताल पहुंचाया गया। इन घायलों में भी दस लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। निश्चित रूप से यह दुर्घटना दुखद है और रेलवे स्टाफ की घोर लापरहवाही का दुष्परिणाम है। एक ही ट्रेक पर दो ट्रेनें आखिर कैसे चली गई। बहरहाल रेलवे सुरक्षा आयुक्त को इस दुर्घटना की जांच के लिए नियुक्त किया गया है और जांच के बाद ही इस बात का खुलासा हो पाएगा की इस भीषण रेल हादसे के लिए कौन जिम्मेदार है। सरकार ने रेल हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों के लिए दस-दस लाख रूपये की तथा गंभीर रूप से घायल यात्रियों के लिए पांच-पांच लाख रूपये तथा सामान्य रूप से घायल लोगों के लिए एक-*एक लाख रूपये की सहायता राशि मंजूर की है। किन्तु जिन घरों के चिराग इस हादसे में बुझ गये हैं उनका गम तो इससे दूर नहीं होगा उन्हें तो सही मायनों में न्याय तभी मिलेगा जब इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्यवाही होगी।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ सज्जन, महापुरुष, साधक, प्रेमी, निर्विकार या फिर दुर्जन, दुष्ट, विकारों से पूर्णय किसे चित्त में रखना है, किसे चित्त की चाकी डालना है यह निर्णय आपका अपना है। इसके लिए हम स्वतंत्र हैं।

❖ असली स्वतंत्रता यहीं पर है किसे चित्त में रखना है और किसे नहीं रखना है!

❖ था ?? अब इससे ज्यादा स्वतंत्रता परमात्मा आपको क्या दे सकता।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1850 येर्बा, ब्यूना, और एंजिल द्वीप (एसएफ़ बे) सैन्य उपयोग के लिए आरक्षित किया गया। 1856 अंग्रेजी लेखक जॉर्ज एलियट द्वारा पहला काम लिपिक जीवन के दृश्य, प्रकाशन के लिए प्रस्तुत किया गया था। 1860 अब्राहम लिंकन अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति चुने गए। 1885 तीसरा आंग्ल और बर्मी युद्ध की शुरुआत हुई। 1915 द डेली ईस्टर्न न्यूज़ पेपर, ईस्टर्न इलिनोइस विश्वविद्यालय के छात्र संगठन के लिए प्रकाशित किया गया। 1917 अमरीकी आणविक उर्जा आयोग ने ऐमविटका द्वीप में सबसे बड़े भूमिगत हाइड्रोजन बम कैनिकन का परीक्षण किया। 1935 ब्रिटेन की लड़ाई में रॉयल एयर फोर्स की हवाई जीत के 60त्न के लिए जिम्मेदार विमान, हॉकर तूफान ने अपनी पहली उड़ान बनाई। 1936 ग्रेट ब्रिटेन में ब्रिटिश जीवनी फिल्म रेम्ब्रांड्ट का प्रीमियर हुआ। 1944 हैनफोर्ड एटॉमिक फेसिलिटी में पहली बार प्लूटोनियम का उत्पादन किया गया। 1945 पहली बार एक जेट विमान एफआर-1 फायरबॉल एक विमानवाही पोत यूएसएस वेक आईलैंड पर उतरा। 1949 यूनान में गृह युद्ध समाप्त हुआ। 1962 राष्ट्रीय रक्षा परिषद की स्थापना हुई।

नई संहिताएं श्रम परिदृश्य को आधुनिक बनाने और असंतुलनों को दूर करेगी

एस.पी. तिवारी

कैंटीन और शौचालय जैसी सुविधाएं अब निचले पायदान तक अनिवार्य हैं और ऐसे प्रावधानों के निर्धारण के क्रम में ठेका श्रमिकों को भी शामिल किया जाता है। ये उपाय न्यूनतम अनुपालन से हटकर श्रमिकों के कल्याण के प्रति वास्तविक चिंता की दिशा में होने वाले बदलाव को दर्शाते हैं। संवाद और औद्योगिक सद्भाव औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच संबंधों में स्पष्टता लाती है और एक एकीकृत ढांचे के साथ तीन पुराने अधिनियमों की जगह लेती है। इसके तहत बीस या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों के लिए शिकायत निवारण समितियां स्थापित करना अनिवार्य है ताकि विवादों के हड़ताल या मुकदमेबाजी में बदल जाने से पहले ही उनका शीघ्र समाधान उद्यम स्तर पर सुनिश्चित हो जाए। ट्रेड यूनियनों को एक समझौतावादी संघ या परिषद की अवधारणा के जरिए मान्यता हासिल होती है, जिससे सामूहिक सौदेबाजी को बल मिलता है और श्रमिकों को अपने कार्यस्थल को आकार देने में एक प्रभावी भागीदारी हासिल होती है। छंटनी का सामना कर रहे श्रमिक अब 30 दिन का नोटिस और पर्याप्त मुआवजा पाने के हकदार हैं।

भारत का कार्य जगत एक बदलाव के मुहाने पर खड़ा है। देश की श्रमशक्ति को लिखित अनुबंधों, पर्याप्त मजदूरी और व्यापक सामाजिक सुरक्षा द्वारा समर्थित औपचारिक रोजगार में तेजी से जगह मिलनी चाहिए ताकि विकास के लाभ सभी के लिए सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण आजीविका में बदल सकें। पुराने विनियामक ढांचों के बने रहने के चलते, आंशिक रूप से, औपचारिकीकरण की गति और उद्यमों की सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण नौकरियां सृजित करने की क्षमता सीमित हो गई है। वर्ष 2019 और 2020 के बीच संसद द्वारा मजदूरी, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कामकाज की स्थितियों के संबंध में पारित चार श्रम संहिताएं 2002 में रवींद्र वर्मा की अध्यक्षता वाली द्वितीय राष्ट्रीय श्रम आयोग द्वारा परिकल्पित लंबे समय से लंबित सुधारों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस श्रम आयोग का मिशन तत्कालीन मौजूदा श्रम ढांचे को संहिताबद्ध, सरल और संशोधित करना था। ये नई संहिताएं देश के श्रम परिदृश्य को आधुनिक बनाने और संरचनात्मक असंतुलनों को दूर करने हेतु एक व्यापक ढांचा प्रदान करती हैं। सभी राज्यों में इनका एकसमान कार्यान्वयन अब एक बेहद जरूरी राष्ट्रीय प्राथमिकता बन गई है।

ये नई संहिताएं 29 केन्द्रीय श्रम कानूनों को सरल और आधुनिक बनाती हैं। इन कानूनों में से कई बीसवीं सदी के मध्य के हैं। इन संहिताओं का उद्देश्य न केवल कानूनों का विलय करना है, बल्कि श्रमिकों/कर्मचारियों की विभिन्न परिभाषाओं को एक सरल परिभाषा में बदलना भी है। प्रत्येक संहिता श्रमिकों के अधिकारों और कल्याण को सुदृढ़ करती है और साथ ही नियोक्ताओं के लिए स्पष्टता और पूर्वानुमेयता प्रदान करती है।

उचित मजदूरी और श्रम की गरिमा

वेतन संहिता, 2019 प्रत्येक श्रमिक को श्रम की गरिमा का सम्मान करने वाला वेतन सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। सार्वभौमिक न्यूनतम वेतन और एक राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन लागू करके, यह संहिता इस बात की गारंटी देती है कि कोई भी श्रमिक, चाहे वह किसी भी पेशे या स्थान से जुड़ा हो, एक बुनियादी मानक आय से

वंचित नहीं रहेगा। उद्योग की अनुसूची को समाप्त करने से सार्वभौमिक वेतन का मार्ग प्रशस्त होता है।

समय पर भुगतान के प्रावधानों को मजबूत किया गया है। इससे देरी की वह समस्या दूर हुई है, जो पहले परिवारों को कर्ज में धकेल देती थी। अब कर्मचारी अप्रदत्त वेतन या बोनस का दावा आसानी से कर सकते हैं और ऐसे विवादों में सबूत पेश करने का भार नियोक्ता पर होता है, जिससे जवाबदेही बढ़ती है। साथ ही, यह संहिता उद्यमों के लिए अनुपालनों को सुव्यवस्थित करती है। इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड-कीपिंग, एकल पंजीकरण एवं एकीकृत रिटर्न कागजी कार्रवाई को कम करते हैं और हेरफेर की आशंकाओं को घटाते हैं।

सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार

सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 आजाद भारत में कल्याण के सबसे समावेशी विस्तारों में से एक है। कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम और मातृत्व लाभ अधिनियम सहित नौ प्रमुख कानूनों को एकीकृत करके, यह संहिता एक ऐसी एकीकृत प्रणाली स्थापित करती है जो पारंपरिक और भविष्य के कार्य, दोनों को कवर करती है। यह पहली बार है जब गिग श्रमिकों, प्लेटफॉर्म श्रमिकों और असंगठित क्षेत्र के लोगों को स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय श्रमशक्ति का हिस्सा माना गया है। प्रत्येक श्रमिक को ई-श्रम पोर्टल के जरिए पंजीकृत किया जाएगा और एक विशिष्ट सामाजिक सुरक्षा संख्या प्रदान की जाएगी, जिससे स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और मातृत्व सहायता जैसे लाभों का सीधा वितरण संभव हो सकेगा। यह सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय व राज्य सामाजिक सुरक्षा कोष बनाए जायेंगे कि ऐप-आधारित डिलीवरी पार्टनर या निर्माण कार्यों में संलग्न मजदूर जैसे श्रमिक भी अब सुरक्षा के दायरे से बाहर न रहें और निधियों का समग्र प्रबंधन संभव हो।

इस संहिता में करियर केन्द्र, डिजिटल एवं भौतिक प्लेटफॉर्म भी शामिल हैं जो व्यावसायिक मार्गदर्शन, परामर्श और रोजगार सेवाएं प्रदान करेंगे। यह संस्थागत समर्थन कल्याण को बहु-रोजगार क्षमता से जोड़ेगा, जिससे श्रमिकों को असुरक्षा की स्थिति से निकलकर अवसर की दिशा में बढ़ने में मदद मिल सकेगी।

कार्यस्थल पर सुरक्षा, गरिमा और समानता

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियां संहिता, 2020 (ओएसएच संहिता), राष्ट्र निर्माण करने वालों की देखभाल और उनके प्रति जिम्मेदारी का एक संदेश है। ÷प्रतिष्ठान÷ की परिभाषा को व्यापक बनाकर, यह संहिता उन लाखों लोगों को सुरक्षा प्रदान करती है जो पहले सुरक्षा कानूनों के दायरे में नहीं आते थे।

यह श्रमिकों के निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच को अनिवार्य करती है और नियोक्ताओं से कर्मचारियों पर कोई वित्तीय बोझ डाले बिना सुरक्षित एवं स्वच्छ कार्यस्थल बनाए रखने की अपेक्षा करती है। राष्ट्रीय व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सलाहकार बोर्ड का गठन बदलती औद्योगिक परिस्थितियों के अनुरूप सुरक्षा मानकों का विकास सुनिश्चित करता है। ओएसएच संहिता लैंगिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति सुनिश्चित करती है। महिला श्रमिकों को सभी प्रतिष्ठानों और रात्रि पाली में काम करने की अनुमति है, बशर्ते पर्याप्त सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्थाएं उपलब्ध हों। इससे अधिक संख्या में महिलाओं को श्रम बल में शामिल होने व बने रहने का अधिकार मिलता है। प्रवासी श्रमिकों को भी एक राष्ट्रीय पंजीकरण प्रणाली के जरिए मान्यता हासिल होती है। इससे कल्याणकारी योजनाओं और आवागमन संबंधी लाभों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित होती है और बेहतर जीवन एवं आजीविका सुनिश्चित करने हेतु कानूनी ढांचे की निगरानी संभव होती है।

जेमिमा रोड्रिग्स– आस्था के आंसू और बौद्धिक कुप्रचार

हरीश शिवनानी

आरोप था कि इवान रोड्रिग्स ने 'ब्रदर मैनुअल मिनिस्ट्रीज' के तहत लगभग 18 महीनों में 35 धार्मिक सभाएं आयोजित की थीं, जो क्लब के नियमों का उल्लंघन था। सदस्यों ने शिकायत की कि हॉल में ट्रांस म्यूजिक, अंधेरा कमरा और प्रचारात्मक सत्र हो रहे थे, जो धर्मांतरण (कन्वर्जन) जैसा लग रहा था। क्लब के अध्यक्ष विवेक देवनानी ने कहा कि सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर उनकी सदस्यता रद्द की थी। निश्चित ही यह कोई 'हिंदुत्ववादी साजिश' नहीं, बल्कि एक सेक्युलर क्लब का नियमों का पालन था। फिर भी, वामपंथी बुद्धिजीवियों ने इसे 'ईसाई उत्पीड़न' का मामला बना दिया। उनका पैटर्न साफहै– तथ्य नजरअंदाज, लिजलिजी भावनात्मक अपील, और अंत में हिंदू और हिंदुत्व को खलनायक बनाना। जेमिमा की प्रतिभा, उनके मज़हब की आड़ लेकर हिंदुत्व के ख़िलाफ़कुप्रचार का कुचक्र का उनका यह खेल भी उन्हीं में से एक है।

देश इस समय खुमारी में है। महिला क्रिकेट का विश्व कप जीत कर जहाँ एक ओर देशवासी जीत के जश्न में हैं वहीं दूसरी तरफएक खिलाड़ी की आड़ में कुप्रचार के एक ऐसे खेल से जूझ रहे हैं जो हमारी सामाजिकता और खेल भावना के लिए बेहद घातक है। इस कुप्रचार की शुरुआत हुई वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत की जीत के बाद बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स के भावुक उद्बोधन से।

सेमीफाइनल में 127 रन की शानदार नाबाद पारी के लिए जेमिमा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। इसके पुरस्कार वितरण समारोह में जेमिमा ने जीसस के प्रति भावपूर्ण आभार व्यक्त किया, फिर आंसुओं से भीगे उद्बोधन में बाइबिल में लिखी चंद पंक्तियां उद्धृत करते हुए अपनी पारी को चिंता से उबरने का 'चमत्कार' बताया। इसके तुरंत बाद शुरू हो गया सोशल मीडिया पर भारत के कथित सेक्युलर वामपंथी बुद्धिजीवियों का हिंदुत्व के खिलाफ कुप्रचार का खेल। जेमिमा का वक्तव्य उनकी आस्था की व्यक्तिगत अभिव्यक्ति थी, लेकिन भारत के कथित प्रगतिशील, सेक्युलर वामपंथी बुद्धिजीवियों ने इसे तुरंत एक राजनीतिक हथियार बना लिया। वरिष्ठ पत्रकार राजदीप सरदेसाई ने 'एक्स' पर लिखाः ÷दक्षिणपंथियों ने जेमिमा और उनके परिवार को उनकी धार्मिक आस्था के लिए ट्रोल किया है। उम्मीद है कि कुछ लोग आज शर्म से गड्ढे में सिर छिपा लें।÷ हिंदी की लेखिका मधु कांकरिया ने फेसबुक पर पोस्ट की- ÷विजय के इस क्षण के पीछे उसकी (जेमिमा) वेदना का मार्मिक इतिहास छिपा है। इसे उसकी धार्मिक मान्यताओं और पहचान को लेकर उसकी निजता पर हमला बोला गया। कट्टरपंथियों द्वारा ट्रोल किया गया।÷ सच यह है कि राजदीप सरदेसाई की छवि साफतौर पर एक एजेंडवादी पत्रकार की रही है। इसी छवि के कारण वे कई बार विवादों में भी रह चुके हैं। उधर, यह भी पहली बार नहीं है जब औसत दर्जे की लेखिका मधु कांकरिया ने इस प्रकार का

नैरेशन गढ़ा हो। अगस्त 2024 में बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद जब अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय पर बेहद हिंसक अत्याचार हो रहे थे, महिलाओं से बलात्कार, घरों में लूटपाट, मंदिरों में तोड़फोड़ जैसी हिंसक वारदातों की ख़बरें अंतरराष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियां बन रही थीं, उस भीषण दौर में भी मधु कांकरिया ने ÷बांग्लादेश में मामूली तनाव है।÷ जैसी संवेदनहीन टिप्पणी कर मुस्लिम कट्टरपंथियों की हिंसा से ध्यान भटकाने का प्रयास किया था। उनकी यह टिप्पणी भी काफी विवादस्पद रही थी लेकिन कथित प्रगतिशील वामपंथी उनके पक्ष में आ गए। जेमिमा वाले प्रसंग में भी 'उसकी धार्मिक मान्यताओं और पहचान को लेकर उसकी निजता पर हमला' जैसी मिथ्या टिप्पणी भी उसी मानसिकता का परिचय है। ऐसे ही माहौल में अपने आप को जाति और धर्म से निरपेक्ष कहने वाले डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म प्रोड्यूसर आनंद पटवर्द्धन ने भारत की जीत का श्रेय पूरी टीम की बजाए सिर्फ़ 'ईसाई और सिक्ख' खिलाड़ियों को दे दिया तो राजस्थानी के एक वरिष्ठ कवि मालचंद तिवाड़ी ने जेमिमा की प्रतिभा की बजाए उसके मज़हब को प्रमुखता देते हुए ÷एक ईसाई भारतीय बेटी को सैल्यूट÷ ठोक डाला। माकपा की पूर्व सांसद सरला माहेश्वरी ने तो आनन-फानन में जेमिमा पर 'कविता' लिख डाली। ये उदाहरण उनकी उस दोहरी मानसिकता के हैं जो समाज के किसी व्यक्ति की योग्यता-प्रतिभा-विशेषज्ञता से ऊपर उसकी जाति समुदाय और धर्म, मज़हब को रखते हैं।

जेमिमा के शतकीय पारी की सफलता का श्रेय जीसस और बाइबिल को देने को प्रगतिशील कवि-लेखक और स्वयंभू बुद्धिजीवी वर्ग ने हिंदुत्ववादी ताकतों के खिलाफ एक नैरेटिव बना दिया। वे इसे 'एक ईसाई लड़की का जज्बा हिंदुत्व के खिलाफ' और जेमिमा की पारी को 'ईसाई हिम्मत' का प्रतीक बताने लगे, जबकि वास्तविकता यह है कि जेमिमा का संबंध खेल से है और वो एक खिलाड़ी है। उनकी सफलता उनकी प्रतिभा, टीमवर्क और व्यक्तिगत आस्था का परिणाम थी, न कि कोई मज़हबी मसला, लेकिन किसी भी अल्पसंख्यक (मुस्लिम या ईसाई) से जुड़े मुद्दे को तुरंत मज़हबी रंग देकर हिंदू धर्म, हिंदुत्व और दक्षिणपंथी ताकतों के खिलाफकुप्रचार शुरू कर देना भारत के कथित सेक्युलर वामपंथी धड़े की पुरानी पहचान रही है। तथ्यों से देखें तो जेमिमा ने स्वयं कभी ट्रोलिंग या हिंदू, हिंदुत्व या दक्षिणपंथ की बात नहीं की, लेकिन वामपंथी धड़ों ने नैरेटिव थोप दिया। इसके लिए वे दो घटनाओं को मिथ्याधार बनाते हैं। एक जेमिमा का 'मिरेकल हीलिंग' वाला इंटरव्यू और दूसरी जिमखाना से सदस्यता रद्द करने की। जुलाई 2023 में, पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया के शो 'द रणवीर शो' में जेमिमा ने अपनी कई 'मिरेकल हीलिंग' की घटनाओं का जिक्र किया, जैसेः क्रिकेट के दौरान लगी चोटें,जो प्रार्थना और विश्वास से जल्दी ठीक हो गईं। दूसरी है खार जिमखाना की। अक्टूबर 2024 में मुंबई के ऐतिहासिक खार जिमखाना ने जेमिमा की मानद सदस्यता रद्द कर दी थी। यह कार्रवाई जेमिमा के पिता इवान रोड्रिग्स द्वारा क्लब में अनाधिकृत धार्मिक सभाएं करने के कारण हुई थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कल मेरे एक

कल मेरे एक बिहारी मित्र बहुत चिंतित थे कि अगर भारतीय जनता पार्टी बिहार हार गई तो क्या होगा? इसपर मैंने उन्हें सांत्वना दी कि चिंता न करो, बिहार हारने से भारतीय जनता पार्टी का कुछ नहीं होगा बल्कि, जो होगा वो तुम्हारा होगा- जैसे कि भारतीय जनता पार्टी बंगाल हारी तो बंगाल से हिंदुओं का पलायन हुआ और असम जीती तो असम से बांग्लादेशी घुसपैठियों का पलायन हुआ इसीलिए निर्णय भी आपका है क्योंकि भविष्य आपका है! ?? - **कुमार संतोष**

मन कहूं, मष्तिष्क



मन कहूं, मष्तिष्क कहूं या ह्रदय कहूं, इन विचार तरंगों को मैं क्या कहूं,, उत्पन्न से उफनते तक एक धार है, बस जन्म पर जीवन की यह मार है,, जो चलन है जन्म का मृत्यु तक, हे समाहित शिव इसे मैं क्या कहूं,, मन कहूं, मष्तिष्क कहूं या ह्रदय कहूं, इन विचार तरंगों को मैं क्या कहूं,, जीता हूं, ना मर ही जाता हूं मैं, संसार अधर तक रह जाता हूं मैं,, ना पूर्ण हुआ, ना दिया पूर्णतः को मै, इस निश्चय मार्ग को मैं क्या कहूं,, मन कहूं, मष्तिष्क कहूं या ह्रदय कहूं, इन विचार तरंगों को मैं क्या कहूं। - **ललित उपाध्याय**

बहुत मशक़्क़त की तुमने कमाने में

बहुत मशक़्क़त की तुमने कमाने में। थोड़ा अब खर्च कर दो मुस्कुराने में।। एक हम ही तो बुरे नहीं हैं दुनिया में। एक तुम ही नहीं अच्छे हो जमाने में।। दूरियाँ बनाने में पलभर नहीं लगता। इक उम्र लग जाए है करीब आने में।। लौट कर परिंदे आए तो कहाँ जाए। किसने लगाई है आग आशियाने में।। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो। - **कमतकांत डोंगरे**

ये किसने कह दिया सन्त्रास दूंगी

ये किसने कह दिया सन्त्रास दूंगी त्रासदी हूँ मै, समय के भाल पर शोभित निरन्तर नव सदी हूँ मैं, मेरी कल कल ने वादा कर लिया है घाट से कल का नदी हूँ मैं, नदी हूं मैं , नदी हूँ मैं, नदी हूँ मैं!! - **नीरू श्री**

मुझे अँधेरा समझ रहे हो तो रोशनी

मुझे अँधेरा समझ रहे हो तो रोशनी के ही साथ रहना नज़र मेरी तुम पे ही रहेगी सलामती के ही साथ रहना कभी तुम्हारी न आँख नम हो हँसी खुशी के ही साथ रहना क़ज़ा से अब दूर जा रहे हो तो ज़िन्दगी के ही साथ रहना। - **ममता लड़ीवाल**

मोहब्बत को नया कारोबार लिखूं

मोहब्बत को नया कारोबार लिखूं क्या... फिर से नयी कहानी वो क़िरदार लिखूँ क्या... दिल के धड़कनों को एतबार लिखूँ क्या... आँखों से ढुलकते आँसू इंतजार लिखूँ क्या... किरचें हुए ख़्वाब तो इंकार लिखूँ क्या... टूट के बिखरे आस करार लिखूँ क्या... मोहब्बत के चुभें लहज़े इक़रार लिखूँ क्या... ज़र्रा-ज़र्रा बिखरी साज़ रुह बेज़ार लिखूँ क्या... कि वफ़ा ने ली चुप्पी तलबगार लिखूँ क्या...!! - **नंदिता तनूजा**

मुझ में अत्यधिक कमियां मौजूद

मुझ में अत्यधिक कमियां मौजूद है। जिन्होंने मेरी कमियों के बारे में मुझे बताया नहीं । वह मुझ से स्वार्थ पूर्ण आवश्यकता अनुसार कार्य कराते रहे। जिन्होंने मेरे बारे में सोचा और मुझे कर्मियों के बारे में वार्तालाप कर उसमें सुधार करने को निःस्वार्थ पूर्ण सहयोग किया। आपका आभारी हूं। - **गौरी पटले**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप लापरवाहि ज्यादा करेंगे। छोटी-छोटी गलती भी आगे चलकर गंभीर रूप ले सकती है इसका विशेष ध्यान रखना होगा।

वृषः आज का दिन भी संघर्ष से भरा रहेगा। दिन के आरंभ में ही कोई दुखद घटना से मन बेचैन रहेगा।

मिथुनः आपके लिये आज का दिन आशा से कम लाभदायक लेकिन फिर भी संतोषजनक रहेगा। संतोषी प्रवृति रहने के कारण व्यर्थ की उलझनों से बचे रहेंगे।

कर्कः आज का दिन भी आपके अनुकूल बना रहेगा लेकिन आज स्वभाव में थोड़ी तल्खी रहने से आपसी व्यवहारिकता में कमी आएगी।

सिंहः आज आप धार्मिक कार्यो के लिये अपने नियत कार्यक्रम को रद्द करेंगे जिससे बाद में अधिकांश कार्य अस्त-व्यस्त होंगे।

कन्याः आज का दिन भी प्रतिकूल रहेगा। शारीरिक रूप से असमर्थ रहने के कारण आवश्यक कार्यो में विलंब होगा।

तुलाः आज का दिन विजय दिलाने वाला रहेगा। स्वभाव में थोड़ी तेजी रहने के कारण किसी के मार्गदर्शन को भी अहम से जोड़ेंगे।

वृश्चिकः आज के दिन आप अपनी बात मनवाने के लिये सामने वाले पर नाजायज दबाव बनाएंगे जिससे आपसी संबंध खराब होने का भय रहेगा।

धनुः आज आप अपने अभिमानी स्वभाव के कारण घर मे बैठे बिठाये झगड़ा मोल लेंगे इसके विपरीत कार्य अथवा सामाजिक क्षेत्र पर ऐश्वर्य वृद्धि होगी।

मकरः आज के दिन आपका स्वभाव बात-बात पर गरम होगा। किसी से किया वादा पूर्ण ना करने पर अपमानित होना पड़ेगा।

कुंभः आज का दिन भी भाग-दौड़ में बीतेगा। दिन के आरम्भ से ही किसी कार्य को करने के लिए व्यस्त हो जाएंगे।

मीनः आज के दिन आपके स्वभाव में आलस्य अधिक रहेगा। लापरवाहि में लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते है सतर्क रहें।

सूर्योदय : 06:43, सूर्यास्तः : 05:37, चन्द्रोदयः : 17:04, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतुः : हेमन्त, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : कार्तिक, पक्ष : शुक्ल, तिथि : प्रतिपदा, नक्षत्र : कृत्तिका, योग : व्यतीपात, प्रथम करण : विष्टि (08:44 तक), द्वितीय करण : बव (18:48 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : मेष, मंगल : वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृश्चिक (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) महाराजा नारा सिंह हवाई अड्डा कहाँ स्थित है?
2) भारत का पहला जीआई-टैग अंजीर जूस किस देश को निर्यात किया गया?
3) हाल ही में खबरों में रहा पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?
4) हाल ही में खबरों में रहा पर्ल स्पॉट (एंट्रोप्लस सुरटेन्सिस) क्या है?
5) कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में भाग लेने वाला भारत का सबसे कम उम्र का एथलीट कौन बन गया है?

उत्तरमाला- (1) इंफाल (2) पोलैंड (3) असम (4) मछली (5) अनाहत सिंह

शब्द सागर

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन : द्वारिका, सोमनाथ और नागेश्वर के लिए 8 सौ तीर्थयात्री रवाना

दुर्ग/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत दुर्ग संभाग के 800 तीर्थयात्री आज दुर्ग रेलवे स्टेशन से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से द्वारिका, सोमनाथ और नागेश्वर के लिए दोपहर 12 बजे रवाना हुए। ट्रेन को अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, नगर निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे और कलेक्टर अभिजीत सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रवानगी से पहले विधायक कोर्सेवाड़ा व अन्य अतिथियों ने ट्रेन में यात्रियों से रू-ब-रू चर्चा कर उन्हें शुभकामनाएं दी। यात्रा में जिला दुर्ग से 459 तीर्थ यात्री, जिला बालोद से 189 तीर्थ यात्री, जिला बेमेतरा से 146 तीर्थ यात्री और समाज कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ से 6 यात्री शामिल हैं। यात्रा में यात्रियों की देखरेख के लिये नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, अनुरक्षक और स्वास्थ्य संबंधी रेखरेख के लिये तीनों जिलों से चिकित्सक टीम शामिल है। तीर्थयात्रियों में यात्रा के प्रति काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने शासन की योजना की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला एवं पुलिस प्रशासन, पर्यटन एवं रेलवे के अधिकारी और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ जिला स्तरीय राज्योत्सव का समापन

विधायक कोर्सेवाड़ा और खादी एवं ग्रोमोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष पांडेय हुए शामिल

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला स्तरीय राज्योत्सव के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने प्रदेशवासियों और नगरवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिला विकास की दिशा में बहुत आगे निकल गया है। प्रधानमंत्री मोदी की कार्ययोजना को प्रदेश में साकार करना है। प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों में काम कर रही है। उन्होंने सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना, अयोध्या तीर्थ यात्रा, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, 31 सौ रुपये दर से किसानों की धान खरीदी और आयुष्मान योजना को विस्तार पूर्वक रेखांकित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य गठन के बाद प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत अधोसंरचना के विकास पर काफी कार्य किये गए। समापन अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। दर्शक इन प्रस्तुतियों पर मंत्रमुग्ध रह गए।

इससे पहले अतिथियों ने विभागीय स्टालों का अवलोकन कर विभिन्न विभागों की उपलब्धियों की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सुर धारा म्यूजिकल फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों का किया सम्मान

राज्योत्सव कार्यक्रम के दौरान सुर धारा म्यूजिकल फाउंडेशन दुर्ग के दिव्यांग बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने लोगों का मन मोह लिया। बच्चों ने छत्तीसगढ़ महतारी गीतों के साथ नृत्य प्रस्तुति भी दी। सुर धारा म्यूजिकल फाउंडेशन दुर्ग के दिव्यांग बच्चो ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सुर धारा म्यूजिकल फाउंडेशन दुर्ग के दिव्यांग बच्चों को मोमेंटो, शॉल और श्रीफल भेंट देकर उनकी प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि दुर्ग में ऐसी प्रतिभा है। ये बच्चे सचमुच दुर्ग जिले की शान हैं और उनके इस प्रदर्शन ने सबको प्रेरित किया है। कार्यक्रम में फाउंडेशन के ज्योति ध्रुव, उमेश यादव, राजेश गुप्ता, राजू ऊके भी मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

ई-ऑफिस क्रियान्वयन प्रशिक्षण आज

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर दुर्ग जिले के विभागों और कार्यालयों में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन, सुचारू रूप से संचालन और उनके प्रयोगों के संबंध में प्रशिक्षण 6 नवम्बर को सुबह 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक विश्वनाथ यादव तामस्कर पीजी ऑटोनामस कालेज दुर्ग (साइंस कॉलेज) में आयोजित की गई है।

जिले में 2060 विद्यार्थियों का किया मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिले के 53 शासकीय व अशासकीय स्कूलों में मंगलवार को शिविर लगाया गया, जिसमें 2060 विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन किया गया। 246 विद्यार्थियों का आधार अपडेशन और दो विद्यार्थियों का नया आधार बनाया गया।

सोनम, विधि, ख्याति ने उत्तीर्ण की सीए की परीक्षा

दुर्ग। मेधावी छात्रा सोनम जैन, विधि धेलारिया व ख्याति बाकलीवाल ने सीएम की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार और समाज का नाम रौशन किया है। छात्रा सोनम जैन पुलगांव नाका के प्रतिष्ठित व्यवसायिक परिवार मेसर्स ताराचंद रमेश कुमार जैन के संचालक शांतिलाल जैन की पौत्री व स्व. रोशन कुमार जैन की सुपुत्री है। सोनम जैन ने चार्टर्ड एकाउंटेंट की परीक्षा अपने पहले ही प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण करने में सफलता हासिल की है। विधि धेलारिया जेठमल धेलारिया की पौत्री और महावीर धेलारिया की सुपुत्री है जबकि ख्याति बकलीवाल (स्व. सोहनलाल बाकलीवाल की पौत्री और नीरज बाकलीवाल की सुपुत्री है। तीनों सहपाठियों ने अपनी मेहनत और लगन से सीए परीक्षा उत्तीर्ण की है।

रेप के आरोपी को 10 साल की सजा

भिलाई। शादी का झांसा देकर युवती से रेप के मामले में कोर्ट ने आरोपी को 10 साल कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार आरोपी ने मार्च 2024 युवती को जबरन भगाकर ले गया और शारीरिक संबंध बना लिये। उतई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी और पीड़िता के बीच पहले से जान-पहचान थी। इसी संबंध का फायदा उठाकर आरोपी ने युवती को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी विनय प्रकाश टंडन ने युवती को शादी का प्रलोभन देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बना लिये। बाद में पीड़िता ने उतई थाना में मामला दर्ज कराया। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने अदालत में चालान पेश किया। अदालत ने सभी तथ्यों और सबूतों को देखते हुए आरोपी को दोषी पाया। इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी दुर्ग अवध किशोर की अदालत ने आरोपी विनय प्रकाश टंडन (36 साल) को 10 साल सश्रम कारावास और धारा 506 (1) के तहत 1 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

प्रकाश पर्व पर गुरुदर्शन के लिए गुरुद्वारा में उमड़े श्रद्धालु

जनप्रतिनिधियों ने लोगों के सुख-समृद्धि की कामना की

दुर्ग/नवप्रदेश। सिक्खों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव के 556 वें प्रकाश पर्व पर बुधवार को शहर में सिक्ख समाज ने श्रद्धा व उत्साह के साथ प्रकाश पर्व मनाया। स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। सुबह से गुरुग्रंथ साहिब के दर्शन के लिए सिक्ख समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों की कतार लगी रही। अमृतसर से पधारे ज्ञानी जगदीप सिंह राजेवाल के जत्थे द्वारा भजन-कीर्तन के माध्यम से गुरुनानक देव के मानवता के संदेशों को दोहराया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, कांग्रेस नेता परमजीत सिंह भुई, गुरदीप सिंह भाटिया, पूर्व पार्षद फत्तेसिंह भाटिया, मनदीप सिंह भाटिया, बृजेन्द्र भारद्वाज के अलावा कांग्रेस-भाजपा व अन्य राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी दर्शन करने गुरुद्वारा पहुंचे। उन्होने गुरुद्वारा में मत्था टेककर गुरुनानक देव जी से देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए कामना की।

जनप्रतिनिधियों ने सिक्ख समाज के लोगों को गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व की बधाई दी। दोपहर में गुरुद्वारा में गुरु के अटूट लंगर का आयोजन किया गया। लंगर में सिक्ख समाज के अलावा अन्य समाज के लोग भी शामिल हुए। लंगर ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा में सेवाभावी कार्य भी किए गए।

रक्तदान शिविर में सिक्ख समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का बड़ा संदेश दिया। पूज्य सिंधी जनरल पंचायत ने गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व की खुशियां मनाई। स्टेशन रोड स्थित सिंधी धर्मशाला में महाप्रसादी का वितरण किया गया। महाप्रसादी ग्रहण करने यहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे। गुरुद्वारा में प्रकाश पर्व पर गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा के प्रधान महिंदर पाल सिंह, सचिव जीएस लांबा, हरमीत सिंह भाटिया, अरविंदर सिंह खुराना, दलप्रीत सिंह भाटिया, जितेंदर सिंह, सुखदेव सिंह (राजू), कंवलजीत सिंह ओबेरॉय, प्रिंस कब्बरवाल, गुरविंदर सिंह, अवतार सिंह रंधावा, सुरेन्दर सिंह कब्बरवाल, सतनाम कौर विरदी, मनिंदर सिंह, राजेन्दर पाल अरोरा, तरसेम सिंह ढिल्लन, महेंद्र सिंह खालसा, जस्सी सिंह, दुर्ग ट्रक मालिक संघ अध्यक्ष गुरदीप सिंह, इंदरजोत सिंह भाटिया, देवेन्दर सिंह भाटिया, भूपेन्दर सिंह, राजेन्दर सिंह, रिम्पाल सिंह, जसपाल सिंह, रवि केवलतानी, दुर्ग-भिलाई गुरूद्वारा के प्रधान, स्त्री सत्संगत की महिला जत्था, खालसा पब्लिक स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा सिक्ख समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

तालाब में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई-3 थाना क्षेत्र के देवबलोदा में तालाब में नहाने गए एक बालक की डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफकी टीम घटनास्थल पर पहुंची। करीब एक घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाने के बाद शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान चित्रांश मोंगराज (16) के रूप में हुई है। चित्रांश सुबह नहाने के लिए तालाब गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लोगों ने उसे बचाने कोशिश की, लेकिन बालक गहरे पानी में डूब गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब काफी गहरा है और यहां कई बार हादसे हो चुके हैं। सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण अक्सर बच्चे यहां नहाने आते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने आसपास चेतावनी बोर्ड लगाने और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

जिला सेनानी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम को तत्काल रवाना किया गया था। टीम ने पूरी सावधानी और तत्परता से सर्च ऑपरेशन चलाया। एक घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद मृतक का शव बरामद किया जा सका। शव को पुलिस के हवाले किया गया है।

स्कूल जा रही छात्रा को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

धमधा/नवप्रदेश। स्कूल जा रही कक्षा 6 वीं की छात्रा को बाइक ने टक्कर मार दी, जिसके कारण छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। विगत 4 नवंबर को सुबह करीब 9 बजे यह हादसा हुआ। धमधा-खैरागढ़ मार्ग पर धरमपुरा और बरहापुर चौक के बीच तेज रफ्तार बाइक ने बच्ची को टक्कर मार दी।

मृत बच्ची छाया साहू ग्राम धरमपुरा की रहने वाली थी। रोज की तरह साइकिल से शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला बरहापुर जा रही छाया को तेज रफ्तार बाईक ने टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि छाया जब विशेषर देवांगन के खेत के पास पहुंची, उसी समय खैरागढ़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक (सीजी 04 2505) ने छाया को जोरदार टक्कर मार दी। तेज टक्कर के कारण छाया सड़क पर गिर गई। बाइक चला रहा युवक माधवन यादव ग्राम गोरपा का रहने वाला है। तेज रफ्तार और लापरवाही से बाईक चलाने के कारण यह हादसा हुआ। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। धमधा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की।

छत्तीसगढ़ी फिल्म एमए प्रीवियस का प्रदर्शन 7 को

भिलाई/नवप्रदेश। अरण्य फिल्म के बैनर तले और राज वर्मा द्वारा निर्मित छॉलीवुड के डायरेक्टर प्रणव झा द्वारा निर्देशित छत्तीसगढ़ी फिल्म एम ए प्रीवियस आगामी 7 नवंबर को पूरे छग में एक साथ प्रदर्शित होगी। फिल्म निर्माता व अभिनेता राज वर्मा ने बताया कि दो भाईयों के प्रेम कहानी पर आधारित यह एक शुद्ध पारिवारिक फिल्म है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उनके साथ फिल्म के हीरो छॉलीवुड के हीरो दीपक साहू, हीरोइन हिरणमयी नायक, अराधना साहू, शमशीर सिवानी, धर्मेन्द्र चौबे भी उपस्थित थे।

राज वर्मा ने बताया कि फिल्म के इसके सभी गाने बेहद कर्णप्रिय और मनोरजंक है। फिल्न का संगीत संगीतकार सुनील सोनी ने दिया है। गीत का लेखन सुनील सोनी और विष्णु कोठारी ने किया है। फिल्म के गाने एके डेट मा, लाली लुगरा, सुन तो सुन भौजी, तोर बर संगी मया लागे इन दिनो यूटयूब पर काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। इन सभी गानों को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है।

फिल्म की शूटिंग नया रायपुर के उपरवारा, बंजारी, मुक्तांगन व नया रायपुर के आसपास मनोरम स्थानों पर की गई है। फिल्म के हीरो छत्तीसगढ़ी फिल्म तरी हरी नाना और दूल्हे राजा में से छॉलीवुड में अपना अलग मुकाम बनाने वाले अभिनेता राज वर्मा, छॉलीवुड के स्टार दीपक साहू, फिल्म की हीरोईन कई सुपरहिट उडिया फिल्मों में भूमिका निभा चुकी एक्ट्रेस हिरणमयी नायक, अराधना साहू बैला के घांघर, इही मडवा मा एल्बम फेम है। फिल्म के अन्य प्रमुख कलाकारों में छॉलीवुड के लक्ष्मीकांत झा, राजेश बाघमार, धर्मेन्द्र चौबे, राजू, संजू साहू, अंजलि चौहान, शमशीर सिवानी, पप्पू चन्द्राकर, ओम प्रकाश शर्मा ने भूमिका निभाई है।

संत झूलेलाल-महाराजा अग्रसेन पर टिप्पणी के बाद अमित बघेल पर एफआईआर

समाज ने की गिरफ्तारी की मांग

भिलाई/नवप्रदेश। सोशल मीडिया पर सिंधी समाज के संत झूलेलाल और महाराजा अग्रसेन महाराज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सिंधी और अग्रवाल समाज के सदस्यों ने भिलाई नगर थाने में शिकायत की थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में कहा गया कि अमित बघेल ने सोशल मीडिया पर अपने बयान में सिंधी समाज और उनके पूजनीय इष्टदेव संत झूलेलाल जी के साथ-साथ महाराजा अग्रसेन के संबंध में अभद्र और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। इस टिप्पणी से सिंधी समाज और अग्रवाल समाज में गहरा आक्रोश है। दोनों समाजों के पदाधिकारियों ने इस बयान को धार्मिक और सामाजिक सौहार्द के खिलाफ बताया। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अमित बघेल की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि ऐसी टिप्पणियों से न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती हैं, बल्कि समाज में वैमनस्य फैलती है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अमित बघेल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। यह धारा किसी भी नागरिक वर्ग की धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण तरीके से आहत करने से संबंधित है। इस अपराध के लिए तीन साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि अमित बघेल पर मामला दर्ज किया गया है। इधर, भिलाई के सिंधी समाज के पदाधिकारियों ने एसएसपी विजय अग्रवाल से मुलाकात कर अमित बघेल के बयान की निंदा की है। सिंधी समाज ने अमित बघेल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

जेएलएन चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र में एएनए स्क्रीनिंग और कन्फर्मेशन पर कार्यशाला

भिलाई/नवप्रदेश। कैपकॉन 2025 के तहत एण्टी न्यूक्लियर एण्टी बॉडी एएनए स्क्रीनिंग और कन्फर्मेशन विषय पर प्री कॉन्फ्रेंस कार्यशाला का आयोजन जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र भिलाई में किया गया। विभिन्न संस्थानों से आए 30 से अधिक प्रतिभागियों ने कार्यशाला में भाग लेकर एएनए परीक्षण की विधियों, तकनीकी पहलुओं और नैदानिक उपयोगिता पर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ डॉ विनिता द्विवेदी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में चिकित्सा विभाग के पूर्व कार्यपालक निदेशक डॉ एम रविंद्रनाथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ कौशलेंद्र ठाकुर और डा उदय कुमार उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन सीनियर कंसल्टेंट डा प्रिया साहू ने किया। उन्होंने एएनए परीक्षण के सिद्धांतों, तकनीकों और स्व प्रतिरक्षी, ऑटो इम्यून विकारों के निदान में इसकी नैदानिक महत्ता पर ज्ञानवर्धक सत्र प्रस्तुत किया।

आयोजन आज

सैक्सोफोन पर संगीतमय धुनों की प्रस्तुति देंगे तीन राज्यों के सैक्सोफोनिष्ट

विश्व सैक्सोफोन दिवस पर साज की आवाज और संगीतमय संध्या का आयोजन

■ छत्तीसगढ़ की स्टार सिंगर पूर्वा भी देगी गीतों की प्रस्तुति

भिलाई/नवप्रदेश। ट्विनसिटी भिलाई के कला मंदिर में 6 नवंबर विश्व सैक्सोफोन दिवस के अवसर पर शाम 6.30 बजे से आयोजित साज की आवाज और संगीतमय संध्या में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के प्रसिद्ध सेक्सफोनिस्ट सैक्सोफोन पर संगीतमय धुनों पर प्रस्तुति देंगे। छत्तीसगढ़ मंच के संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा, अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान ने बताया कि ऑफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयंत्र, छत्तीसगढ़ मंच और दुर्ग सांस्कृतिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सैक्सोफोन की धुन पर संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार बंछोर चेयरमैन सेफी और अध्यक्ष ऑफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयंत्र व कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी इंद्रजीत सिंग छोटू करेंगे। विशेष अतिथि समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, डॉ मानसी गुलाटी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष अशोक राठी, समाजसेवी रामफल शर्मा, बंटी व बृजेश शर्मा होंगे।

म्यूजिक डायरेक्टर यश यदु टीम के नेतृत्व में भिलाई-दुर्ग वासियों और संगीतप्रेमियों के लिए साज की आवाज में प्रसिद्ध सेक्सफोनिस्ट अनिल केमे, लिलेश कुमार, परेश लोखंडे महाराष्ट्र, राजन वंशकार मध्य प्रदेश प्रमोद केमे,आदर्श केमे अपनी यादगार प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन तुलसी सोनी करेंगे।

कार्यक्रम साज की आवाज में सैक्सोफोन के साथ-साथ संगीतमय गीतों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त गायिका पूर्वा श्रीवास्तव नागपुर के गायक शकील भी अपनी गायकी का जलवा बिखेरेंगे। पुष्पांजलि हिरवानी, श्रीजा दलाल भी गीतों की प्रस्तुति देंगी। इस अवसर पर मंच के सभी पदाधिकारियों ने भिलाई, दुर्ग के सभी संगीतप्रेमियों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

कन्या महाविद्यालय में मनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

दुर्ग/नवप्रदेश। शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के एकता और राष्ट्र एकीकरण के विचारों और भावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखण्डता और सुरक्षा उनके दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों से ही संभव हो सकी। महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्राओं ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा की रक्षा के लिए स्वयं को समर्पित करने की शपथ ली।

ऋतम्भरा साहित्य मंच का दीपावली मिलन समारोह, सरस काव्य गोष्ठी

कुम्हारी/नवप्रदेश। नगर की एक मात्र साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था ऋतम्भरा साहित्य मंच द्वारा रविवार को दीपावली मिलन एवं सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन प्रेस क्लब सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रामाधार शर्मा उपस्थित थे। अध्यक्षता नारायण वर्मा ने की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर पूजा पाठ किया गया।

मुख्य अतिथि रामाधार शर्मा ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विगत 38 वर्षों से ऋतम्भरा साहित्य समिति नगर में साहित्य सेवा में जुटी है। संस्था द्वारा प्रदेश स्तर पर कई महत्वपूर्ण साहित्यिक आयोजन किये गए, जो अनवरत चल रहे हैं। कई युवा रचनाकारों ने भी इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अध्यक्ष नारायण वर्मा ने कहा कि समय-समय पर प्रकाशित कृतियों का विमोचन सम्मान और संस्था के द्वारा संग्रह का प्रकाशन भी किया जाता है। कोषाध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने जनवरी 2026 को वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह के लिये प्रस्ताव रखा, जिसे सभी ने ध्वनिमत से सहमति प्रदान की।

कार्यक्रम में रचनाकारों ने अपनी-अपनी रचनाओं का पाठ किया। डॉ. नीलकंठ देवांगन, लखनलाल साहू, कामता प्रसाद दिवाकर, जगन्नाथ निषाद, प्रियर्सन देव, नरेश विश्वकर्मा, रामाधार शर्मा, विक्रम शाह ठाकुर, नारायण वर्मा, रघुनाथ देशमुख, बैकुंठ महानंद, बिसरुराम कुर्रे शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन नरेश विश्वकर्मा और आभार प्रदर्शन विक्रम शाह ठाकुर ने किया।

गुरुकुल में हुआ गुरुनानक जयंती के अवसर पर विशेष सभा का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा ने सदा ही अपने सामाजिक सरोकारों को प्रमुखता दी है।इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विशेष सभा का आयोजन भी किया जाता है । विभिन्न महापुरुषों की जयंतियाँ मनाई जाती है। जिससे विद्यार्थीगण उनसे प्रेरित हो सकें।इसी कड़ी में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अवतरित द्धद्यष्ठ[द्म धर्म के प्रवर्तक गुरु नानक देव जी महाराज की जयंती पर विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संगीत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा शबद कीर्तन पाठ किया गया। संगीत की मधुर धारा ने विद्यालय परिसर को आप्लावित कर सभी श्रोताओं एवं दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। 10वीं - 11वीं की छात्राओं ने गुरु नानक देव जी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला। उनके लोक कल्याणकारी सेवा भाव को रेखांकित किया।इस आयोजन पर संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी गण एवं प्रभारी प्राचार्य ने हर्ष व्यक्त किया और सभी को गुरु नानक देव जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

उपराष्ट्रपति का आगमन, पीटीएस ग्राउंड हेलीपैड पर हुआ आत्मीय स्वागत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। उपराष्ट्रपति महोदय आज राजनांदगांव जिले के पीटीएस ग्राउंड स्थित हेलीपैड पर पहुंचे, जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिले के संभाग आयुक्त, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। हेलीपैड पर पहुंचने पर माननीय उपराष्ट्रपति महोदय का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर उनका अभिनंदन किया। पूरे परिसर में स्वागत की तैयारियां भव्य एवं गरिमामय वातावरण में की गई थीं।

शिवसेना का छत्तीसगढ़ में चार दिवसीय हिन्दू राष्ट्र मोर्चा यात्रा 11 से 14 तक

बालोद/नवप्रदेश। शिव सेना के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आह्वान पर हिंदू राष्ट्र मोर्चा दंतेवाड़ा से रायपुर 11 से 14 नवंबर 2025 चार दिवसीय यात्रा कार्यक्रम को फ़इनल मूर्त रूप देने प्रदेश महासचिव द्वय श्री रेशम जांगड़े, एच एन सिंह पालीवाल , प्रदेश समन्वयक श्री कृष्णा यादव के दंतेवाड़ा जगदलपुर कोण्डागांव से बुधवार को भानुप्रतापपुर पधारने पर स्वागत अभिनंदन करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष कामगार सेना डॉ संजीव कुमार, बालोद जिला अध्यक्ष विजय पारख एवं बालोद संगठन प्रभारी श्री जयप्रकाश चंद्राकर ने भानुप्रतापपुर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस मे बैठक की। जिसमें चार दिवसीय प्रस्तावित हिन्दू राष्ट्र मोर्चा यात्रा के कोंडागांव से भानुप्रतापपुर व भानुप्रतापपुर से धमतरी शहर पधारने को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। इसके बाद प्रदेश पदाधिकारीगण स्वल्पाहार लेकर रायपुर रवाना हुए। बताया गया कि आज ही प्रदेश प्रमुख जी के समक्ष बैठक कर दंतेवाड़ा से रायपुर उक्त चार दिवसीय यात्रा कार्यक्रम के रूट चार्ट को फइनल कर दिया जाएगा।

सेजेस हिन्दी मीडियम स्कूल, बालोद के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, राज्य स्तरीय पश्चिमी भारत मेला हेतु चयन

बालोद/नवप्रदेश। सेजेस हिन्दी मीडियम स्कूल, बालोद के विद्यार्थियों ने विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए राज्य स्तरीय पश्चिमी भारत मेला हेतु चयन प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता सेजेस हिन्दी मीडियम स्कूल, दुर्ग में ज़ोन स्तरीय स्तर पर आयोजित की गई थी, जहां बालोद विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सबका ध्यान आकर्षित किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। विज्ञान क्लब श्रेणी में लोकेन्द्र एवं पामेन्द्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,

उभरती हुई प्रौद्योगिकी में डॉली साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अपशिष्ट प्रबंधन में मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्राचार्य श्री अरुण कुमार साहू ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि, ÷हमारे विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, जिज्ञासा और नवाचार की भावना से विद्यालय एवं जिले को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणादायक है। साथ ही विद्यालय के नोडल एवं गाइड शिक्षक पंकज कुमार सोनी ने कहा कि, हमारे विद्यार्थियों ने अत्यंत रचनात्मक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कार्य किया है। हमें विश्वास है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी वे बालोद जिले का नाम और ऊँचा करेंगे।÷ विद्यालय परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

राज्योत्सव के दूसरे दिन छाया छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत का जादू

प्रसिद्ध गायक अनुराग शर्मा ने मधुर आवाज से मोहा दर्शकों का मन, स्थानीय कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर मंच का समां बांधा

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन का सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम संगीत और लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर रहा। जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित आचार्य पंथ श्री गृथमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक श्री अनुराग शर्मा ने अपनी मधुर और ऊर्जावान प्रस्तुति से पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। उनकी एक के बाद एक सुरीली प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री अनुराग शर्मा ने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, परंपरा और आधुनिक संगीत का अनोखा संगम पेश करते हुए कार्यक्रम

को अविस्मरणीय बना दिया। जैसे ही उन्होंने अपने प्रसिद्ध गीतों की श्रृंखला शुरू की, मैदान में मौजूद दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह के साथ झूम उठे। हर गीत के साथ दर्शकों के उमंग और उत्साह में नई ऊर्जा का संचार होता गया। श्री अनुराग शर्मा ने अपने सुरीले स्वर और मधुर धुनों से ऐसा वातावरण बनाया कि दर्शक देर रात तक झूमते रहे।

अनुराग शर्मा का संगीत छत्तीसगढ़ी लोक संगीत में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उनके द्वारा गाए गए लोकप्रिय गीत जैसे गीत कोनों गांहू गोरी, तोर सुरता मा, मेरा भोला है भंडारी और जय जय जय बजरंगबली ने न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। इन गीतों में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, लोककला और जीवनशैली की सजीव झलक मिलती है। उनकी आवाज़ की सहजता, मिठास और भावनात्मक गहराई हर आयु वर्ग के श्रोताओं को अपनी ओर आकर्षित करती है। राज्योत्सव की इस संध्या में जब श्री शर्मा ने मंच संभाला, तो पूरा मैदान तालियों की गूंज से भर गया। जैसे-जैसे उन्होंने एक के बाद एक गीत प्रस्तुत किए, दर्शक मंत्रमुग्ध होकर थिरकते और झूमते नज़र आए। उनकी गायकी ने लोकसंगीत की आत्मा को आधुनिक संगीत के साथ जोड़ते हुए एक अनोखा संगम रचा।

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ी लोकगीतों के साथ-साथ हिंदी फिल्मों के लोकप्रिय गीतों की भी मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। उनकी आवाज़ में छत्तीसगढ़ की मिट्टी की महक और लोक धुनों की मिठास झलक रही थी। दर्शकों ने मोबाइल की रोशनी में तालमेल बिठाकर वातावरण को उत्सवमय बना दिया। राज्योत्सव की इस संगीतमय संध्या में नगर पालिका अध्यक्ष श्री चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्री अजय कुमार त्रिपाठी सहित जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, नगरवासी एवं बड़ी संख्या में युवक-युवतियाँ उपस्थित रहे।

नरसिंह अवतार की नृत्यनाटिका ने दर्शकों को किया रोमांचित

राज्योत्सव के दूसरे दिन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा नरसिंह अवतार की रोमांचक प्रस्तुति दी। नरसिंह अवतार धर्म और न्याय का प्रतीक है और माना जाता है। भगवान विष्णु ने अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा करने और अहंकारी दैत्य हिरण्यकशिपु का वध करने के लिए यह अवतार लिया था। कलाकारों ने इस पूरे प्रसंग को मंच पर अपने नृत्य और अभिनय कौशल से शानदार तरीके से प्रदर्शित किया। गीत संगीत से सजे इस कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मल्टीस्पेशियलिटी आई केयर एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट का किया शुभारंभ

उपराष्ट्रपति ने उदयाचल मल्टीस्पेशियलिटी आई केयर इंस्टीट्यूट का किया अवलोकन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने आज नवनिर्मित स्वर्गीय जुगल किशोर जी सारडा स्मृति उदयाचल मल्टीस्पेशियलिटी आई केयर एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट राजनांदगांव का शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यपाल श्री रामेन डेका, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन ने उदयाचल मल्टीस्पेशयलिटी आई केयर इंस्टीट्यूट का अवलोकन किया। उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन

ने मरीजों को सहायक उपकरण वितरण कर बेहतर स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर, आईजी श्री अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंकिता शर्मा, पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, उदयाचल संस्था के पदाधिकारी श्री अशोक मोदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं उदयाचल के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि उदयाचल संस्था द्वारा उदयाचल चिकित्सालय में धर्मार्थ दर पर नेत्र विभाग में 300, फिजियोथेरेपी में 60 से 80, दंत विभाग में 30, स्क्रीन एवं होम्योपैथी विभाग सहित प्रतिदिन लगभग 400 ओपीडी होती है। संस्था द्वारा 3000 कुपोषित बच्चे एवं 2400 गर्भवती महिलाओं को छुईखदान, गंडई, सिंघोला में अतिरिक्त पोषण आहार देकर सुपोषित किया गया। कोविड-19 संक्रमण के समय कोविड आईसोलेशन सेंटर और वेक्सिनेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। एक युद्ध टीबी के विरूद्ध मिशन में लगभग 1000 टीबी साधकों को अतिरिक्त आहार देकर सुपोषित किया गया। संस्था द्वारा जरूरतमंद मरीजों का नि:शुल्क आपरेशन किया जाता है, जिसमें मरीज और सहयोगी के रूकने, भोजन, दवाई, चश्मा तथा डिस्चार्ज के समय एक चादर, थाली, ग्लास भेंट किया जाता है। संस्था में 9 लाख 17 हजार 62 से अधिक मरीजों का नेत्र जांच की गई है। इसी तरह 90 हजार 132 मरीजों का आपरेशन किया गया है। फिजियोथैरिपी के 2 लाख 12 हजार 599, डेंटल के 23 हजार 441 तथा होम्योपैथिक के 39 हजार 242 मरीजों का ईलाज किया गया है।

पांडेपारा बालोद में आंवला नवमीं पर आंवला भात का आयोजन

बालोद/नवप्रदेश। मंगलवार को पाण्डेपारा वार्ड क्रमांक-5 की महिला मंडल के महिलाओं के द्वारा आंवला नवमी के अवसर पर आँवला भात का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा चौधरी तथा विशेष अतिथि के रूप में कमलेश सोनी उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद, नरेंद्र सोनवानी महामंत्री भाजपा शहर मंडल बालोद,वार्ड पार्षद श्रीमती कांति साहू कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।

महिला समूह के सदस्यों के द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया गया तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा विष्णु-लक्ष्मी जी व शंकर-पार्वती के छाया चित्र व आंवले के पौधे की दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों के साथ महिला समूह के सदस्यों का परिचय कार्यक्रम हुआ। इसी तारतम्य में समूह की महिलाओं व बच्चों के द्वारा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत पर मनमोहक नृत्य किया गया जिसमें अतिथिगण भी सम्मिलित हुए। नपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा चौधरी ने अपने उदबोधन में आँवले के वृक्ष की महिमा बताते हुए कहा कि अक्षय नवमी के दिन आँवला वृक्ष की पूजा करने से आरोग्य, धन और समृद्धि की प्राप्ति होती है ।

हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव ने गुरुग्रंथ साहिब की शोभायात्रा का किया स्वागत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सिख धर्म के संस्थापक प्रथम गुरू तथा मानवीय एकता के महान संदेश वाहक श्री गुरूनानक जी का 556वां आगमन प्रकाश पर्व पर 05 नवंबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इससे पूर्व 03 नवंबर सोमवार को गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा द्वारा शहर में पंच प्यारों की अगुवाई में गुरू ग्रंथ साहिब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गुरुद्वारा परिसर से निकली शोभायात्रा तिरंगा चौक गंज लाइन पहुंची, जहां पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं

द्वारा फुलमालाओं से शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान घोड़ों पर सवार छोटे बच्चें तथा पंच प्यारे एवं शबद कीर्तन करते हुए कीर्तनी जत्थे नगर कीर्तन की शोभा बढ़ा रहे थे।

हिंदू जागरण मंच ने कहा कि मानवीय एकता के महान संदेश वाहक श्री गुरूनानक देव जी के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि धरती पर एक ऐसा सितारा उतरा था जिनके सत्य, प्रेम सदभावना, भाईचारे के सिद्धांत व संदेश आज मानव समाज के लिए मार्गदर्शक है, गुरुनानक देव जी ने जीवन भर मानवता और ईश्वर की प्रार्थना का संदेश दिया था। कार्तिक पूर्णिमा के दिन गुरु नानक जयंती का प्रकाश पर्व मनाया जाता है, गुरु नानक देव जी का जन्म कार्तिक पूर्णिमा के दिन हुआ था।

सिरसिदा में निर्दयता : उपसरपंच पति की दादागिरी आई सामने

गौ माता का पैर हंसिया से काटा 48 घंटे तक बहता रहा खून

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक के अंतिम छोर पर बसे ग्राम सिरसिदा में उपसरपंच दामिनी और उनके पति अक्षय चंद्राकर की दादागिरी सामने आई है। अक्षय चंद्राकर और उनकी पत्नी द्वारा एक चंद्राकर परिवार की गौ माता के साथ निर्दयता बरती गई है। गौमाता के पैर का नस हंसिया से काट दिया गया है। घटना बुधवार की शाम 4:30 बजे की है। बबीता चंद्राकर

के घर की गौ माता एक गर्भवती बछिया चरते फिरते अक्षय चंद्राकर के खेत चली गई थी। जिसे देखकर आग बबूला होते हुए अक्षय चंद्राकर द्वारा अपने पास रखे हंसिया से गौ माता के पीछे के एक पैर को काट दिया गया। इस वार से गौ माता के एक पैर का नस कट गया। जिससे गौ माता बुरी तरह घायल हो गई और लड़खड़ाते गिरते पड़ते जैसे तैसे शाम को घर पहुंची। घर वालों ने देखा तो स्थिति देख चौंक गए। दो दिन और दो रात तक नस कटे होने से गौ माता का खून जमीन पर बहता रहा।

ग्राम घुघरी में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा हेतु यातायात एवं पार्किंग की विशेष व्यवस्था

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कबीरधाम पुलिस द्वारा रूट एवं पार्किंग प्लान जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्राम घुघरी में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी के कथा वाचन कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 06 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक किया जाना प्रस्तावित है। श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को दृष्टिगत रखते हुए जिला पुलिस कबीरधाम द्वारा यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था हेतु विशेष रूट

प्लान तैयार किया गया है। आम नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निम्न दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रतिबंध एवं अन्य व्यवस्था

कार्यक्रम स्थल तक पहुँचने वाले मार्ग संकरे होने के कारण सुरक्षा एवं व्यवस्था के दृष्टिकोण से कार्यक्रम स्थल के आसपास किसी भी प्रकार की दुकान, ठेला या अस्थायी स्टॉल लगाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दुकानों के लिए पृथक स्थान चिन्हित किए गए हैं, जिनमें - भंडारा स्थल के पास खाली परिसर में दुकान लगा सकेंगे, घुघरी दैइहान एवं बगीचा क्षेत्र के पास , घुघरी मरघट के पास स्थित बगीचा परिसर। केवल इन निर्दिष्ट स्थानों पर ही दुकानें या स्थल लगाए जा सकेंगे। इनके अतिरिक्त कहीं पर भी दुकान, ठेला या स्टॉल लगाना सख्त मना है। इसके अतिरिक्त, वीआईपी पासधारी वाहनों की पार्किंग से कार्यक्रम स्थल तक, ग्राम कोठार से कार्यक्रम स्थल तक तथा पालीगुढ़ा चौक से घुघरीकला रोड तक का क्षेत्र नो व्हीकल ज़ोन घोषित किया गया है। इन मार्गों पर किसी भी प्रकार के वाहन के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था

1. बड़े वाहन, पिकअप एवं ट्रैक्टर हेतु नया कृषि मण्डी प्रांगण में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।
2. मिनीमाता चौक से घुघरीखुर्द रोड में केवल कार एवं दो पहिया वाहनों के लिए प्रवेश मार्ग बनाया गया है। इस मार्ग पर पिकअप, ट्रैक्टर एवं अन्य बड़े वाहन ली जाना माना है।
3. ग्राम नेवारी से मारपा होकर घुघरीखुर्द जाने वाले मार्ग में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण इस मार्ग से प्रवेश पूर्णतः निषेध किया गया है। इस मार्ग से वाहन अथवा पैदल प्रवेश पूर्णतः बंद रहेगा।
4. ग्राम चरडोंगरी होकर ग्राम कोठार के रस्ते आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चरडोंगरी स्कूल परिसर में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।
5. बेमेतरा, बिरकोना एवं पिपरिया दिशा से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ग्राम पालीगुढ़ा में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

प्रथम पेज का शेष

कलाबाजी दिखाकर भरपूर ...

कमांडोज रस्सी के सहारे नीचे उतरे। वहीं स्काई-ऑपरेशन के दौरान आठ गरूड़ कमांडोज रस्सी पर लटककर हेलीकॉप्टर से दर्शकों के सामने से आकाश में उड़ते हुए गुजरे। इन दोनों ऑपरेशनों को लड़ाई और आपदा के दौरान जनसामान्य को बचाने के लिए किया जाता है।

एयर शो में सूर्यकिरण की टीम के नौ हॉक-मार्क-123 फाइटर विमानों ने आसमान में हार्ट, डायमंड, लूप, ग्रोवर, डान लाइट, कॉम्बैट तेजस जैसे शानदार फॉर्मेशन बनाकर लोगों को रोमांचित किया। नीले आसमान में उड़ते लाल-सफेद जेट विमानों द्वारा तिरंगे की आकर्षक ट्रेल छोडऩे पर सेंध जलाशय परिसर तालियों और जय-हिंद के नारों से गूंज उठा। हज़ारों की संख्या में मौजूद नागरिक, युवा और बच्चे लगातार विमानों की कलाबाजियों को अपने कैमरों और मोबाइलों में कैद करते रहे।

सूर्यकिरण टीम की ...

अंतरराष्ट्रीय एयर शोज़ में भी किया है। टीम में कुल 13 पायलट, 3 इंजीनियरिंग अधिकारी, 1 उद्घोषक (कमेन्टेटर) और 1 चिकित्सा अधिकारी शामिल हैं। सूर्यकिरण टीम भारतीय वायुसेना की उस भावना को दर्शाती है जो उत्कृष्टता, अनुशासन और टीमवर्क पर आधारित है। टीम के सभी पायलट अत्यंत कठिन प्रशिक्षण से गुजरते हैं, जिसमें जटिल एरोबैटिक मूवमेंट्स का महीनों तक अभ्यास किया जाता है। उनका बेदाग़ तालमेल और नियंत्रण ही क्लोज़ फॉर्मेशन फ्लाइंग की नींव है जहाँ नौ विमान मानो एक ही आत्मा से संचालित प्रतीत होते हैं।

पहला चरण : बिहार में ...

इसके दो घंटे बाद यानी सात बजे मतदान शुरू होगा।

पहले चरण में इन..

में 1939 को वैध पाया गया। उनमें से 70 प्रत्याशियों ने नामांकन बाद में वापस ले लिया। इसके बाद, कई सेट में नामांकन की छंटनी करते हरेक प्रत्याशी के एक नामांकन को लिया गया तो प्रत्याशियों की कुल वास्तविक संख्या 1314 रह गई। इनमें 1192 पुरुष और 122 महिलाएं शामिल हैं। इस चरण में 102 सामान्य और 19 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों पर मतदान होगा।

बीजापुर मुठभेड़ में तीन...

क्षेत्र में सुरक्षा बलों की कई टुकडियां सक्रिय रूप से अभियान में लगी हुई हैं। फिलहाल स्थिति पूरी तरह सामान्य है। अभियान से संबंधित किसी भी महत्वपूर्ण परिणाम की जानकारी समय पर प्रदान की जाएगी। प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि माओवादी अंतर्राज्यीय सीमा पर सक्रिय स्थानीय क्षेत्रीय समितियों से संबंधित हो सकते हैं। हथियारों और गोला-बारूद की जब्ती से एक सशस्त्र समूह की उपस्थिति का पता चलता है, जिसका काम संभवतः क्षेत्र में चल रहे विकास प्रयासों को बाधित करना है। यह घटना राज्य और केंद्र सरकार दोनों द्वारा उग्रवाद-विरोधी प्रयासों में तेज़ी के बीच हुई है।

नेपाल के नौ वाम ...

खिलाफ हाल ही में युवा नेतृत्व वाले जेन-जेड प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। नई एकीकृत पार्टी का नाम नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी रखा गया है और इसका चुनाव चिह्न पांच-सितारा होगा।

नेकपा (माओवादी केंद्र) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' नई पार्टी के समन्वयक होंगे, जबकि नेकपा (एकीकृत समाजवादी) प्रमुख माधव कुमार नेपाल सह-समन्वयक की भूमिका निभाएंगे। पार्टी अपने मार्गदर्शक सिद्धांत (संविधान) के रूप में मार्क्सवाद-लेनिनवाद को अपनाएगी और छह महीने के भीतर राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने...

में अच्छा कर रही हैं और इसके पीछे की वहज प्रधानमंत्री मोदी हैं। वहीं, दीप्ति शर्मा ने कहा कि वह पीएम मोदी से मिलने का इंतजार कर रही थीं। उन्होंने 2017 की मुलाकात को याद किया और बताया कि तब पीएम मोदी ने उनसे कड़ी मेहनत करते रहने को कहा था और फिर वे अपना सपना पूरा कर पाएंगी।

मेरा भाई देशभक्त...

बनाई जाए? मीडिया से सवाल करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, जिसमें बताया था कि कैसे चुनाव चोरी किया गया, इस पर सवाल क्यों नहीं करते? बिहार में प्रथम चरण के मतदान से पहले उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव होने चाहिए और मुझे लगता है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करेगा, लेकिन अगर निष्पक्ष चुनाव नहीं होते हैं, तो साफ हो जाएगा कि जैसे अन्य राज्यों में हुआ, वही बिहार में भी होगा।

नपाध्यक्ष ने किया सिख समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत

महासमुंद/नवप्रदेश। गुरूनानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर नगर में सिख समाज द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा का स्वागत स्थानीय नेहरू चौक में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा किया गया। उन्होंने पंज प्यारों का पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान प्रमुख रूप से सभापति गुलशन साहू, जय देवांगन, जितेंद्र ध्रुव, ईश्वरी भोई सहित पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, राहुल आवड़े एवं मुन्ना देवार, शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, आयुष भोसले तथा समाज जन जसबीर मक्कड़ (पप्पू), मिंदर चावला, पप्पू चावला आदि उपस्थित थे।

नपं कोपरा में सीएमओ की मनमानी के खिलाफ पार्षदों ने मोर्चा खोला

■ **कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश, राजिम के सीडीएम को सौंपी जिम्मेदारी**

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगर पंचायत कोपरा में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) श्यामलाल वर्मा के खिलाफ नगर के पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को वार्ड पार्षद शिवम सिन्हा एवं विद्या कुमार साहू सहित कई जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर जनदर्शन में पहुँचकर लिखित शिकायत सौंपी। आवेदन में सीएमओ पर भारी भ्रष्टाचार, मनमानी और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

भ्रष्टाचार और लापरवाही का अड्डा बना नगर पंचायत कार्यालय

शिकायत में उल्लेख है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन से स्वीकृत 11 विकास कार्यों में सीएमओ ने निर्धारित मापदंडों को ताक पर रखकर अपने मनपसंद ठेकेदारों को ठेका दिया। नतीजतन, निर्माणाधीन सीसी रोड और नालियाँ अभी पूर्ण भी नहीं हुई हैं और पहले ही टूटने लगी हैं। इसके बावजूद ठेकेदारों को पूरा भुगतान कर दिया गया। पार्षदों का कहना है कि इस भुगतान प्रक्रिया में सीएमओ ने भारी कमीशन वसूली की है।

नागरिकों से उगाही, नगरवासी त्रस्त

सीएमओ पर यह भी आरोप है कि उन्होंने अब तक 100 से अधिक नागरिकों को निजी भूमि पर निर्माण कार्य करने पर नोटिस जारी कर लाखों रुपये की अवैध उगाही की है। बताया जा रहा है कि सीएमओ अधिकांश समय अपने गृह ग्राम में रहते हैं, जिससे नगर की मूलभूत सुविधाएँ जैसे साफसफाई, जलापूर्ति और प्रकाश व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई हैं।

फर्जी कोटेशन और अपनों को ठेके देने के आरोप

नगर पंचायत के प्लेसमेंट ठेकेदार का नाम भी गोपनीय रखा गया है। आरोप है कि सीएमओ ने अपने परिचित को ही ठेका दिया है और फर्जी कोटेशन के माध्यम से खरीदी-बिक्री में घपला किया जा रहा है।

सफाई कर्मचारियों से वसूला जा रहा 'रिटर्न कमीशन': पार्षदों ने यह भी बताया कि सफाई कर्मचारियों के वेतन में सीएमओ द्वारा अवैध कटौती की जा रही है। शासन से स्वीकृत 334 की मजदूरी में से 134 रिटर्न कमीशन के रूप में वसूल लिया जाता है।

कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश : पार्षदों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर गरियाबंद ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राजिम के सीडीएम को जांच सौंपी है।

कार की ठोकर से दो घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। कार की ठोकर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस को परसकोल के वार्ड नंबर 13 निवासी जीवनलाल बंजारे ने बताया कि 03 नवंबर की शाम 6 बजे गांव के मोहन टंडन ने उसे फोन कर बताया कि आपके भाई दिलीप बंजारे और वह बाइक क्र. सीजी 06 जीएस 5373 में महासमुंद से सब्जी लेकर वापस घर परसकोल जा रहे थे। शाम करीब 05.45 बजे गुरुगोविंद सिंह गार्डन के पास बीटीआई रोड महासमुंद में पीछे से आ रही सफेद कार क्र. सीजी 06 एचई 8060 के चालक ने साइड से ठोकर मार दिया। जब वह घटना स्थल पहुंचा, तो उनका भाई दिलीप बंजारे और मोहन टंडन सड़क किनारे गिरे हुए थे और बाइक क्षतिग्रस्त हालत में थी। दुर्घटना से दिलीप बंजारे के दाहिने घुटने, मुंह और मोहन टंडन के दाहिने पैर, बांये हाथ में चोट आई थी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 184 मोटर व्ही. एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

बोलेरो-ट्रैक्टर टक्कर में दो ज़ख्मी

महासमुंद/नवप्रदेश। बोलेरो की ट्रैक्टर से टक्कर से दो लोगों को चोटें आई है। ग्राम घोंच निवासी फागेश्वर साहू ने पिथौरा पुलिस को बताया कि वह गांव के माधुरी दीवान की बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 06 जीजेड 2594 का चालक है। 13 अक्टूबर को वह माधुरी दीवान को वाहन में लेकर बसना गया था। बसना से वापस ग्राम घोंच आते समय करीब 6.30 बजे ग्राम मेमरा में राजू ढाबा के पास आइशर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 ई 5525 को उसके चालक ने बिना संकेत व लापरवाहीपूर्वक सड़क में खड़ी किया था, जिससे दुर्घटना हो गई, जिससे उनके सिर में चोट आई है । कार के पीछे बैठे माधुरी दीवान के नाक, माथा में चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 285 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

खड़े कंटेनर से डीजल की चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। पटेवा पुलिस ने ट्रक कंटेनर से डीजल चोरी के मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। ग्राम करिंगाकोठी थाना मुफसिल जिला छपरा (बिहार) निवासी अशोक राय ने पुलिस को बताया कि वह ट्रक कंटेनर क्रमांक डब्लूबी 29 ई 0541 में अंकलेश्वर गुजरात से सामान लेकर कोलकाता जा रहा था। 3 नवंबर की रात करीब 2.30 बजे नेशनल हाईवे 53 पर ढांक टोल प्लाजा के पास नींद आने से ट्रक को सड़क किनारे खड़ी कर उसमें सो गया। सुबह करीब 6 बजे उठकर देखा तो ट्रक कंटेनर की टंकी का ढक्कन खुला हुआ था और टंकी में डीजल नहीं था। ट्रक कंटेनर की टंकी से करीब 200 लीटर डीजल (कीमत करीब 20 हजार रुपए) अज्ञात ने चोरी कर ली थी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर चोर की तलाश में जुटी है।

राज्योत्सव छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक : सांसद रूपकुमारी चौधरी

हर्षोल्लास के साथ राज्योत्सव समारोह का समापन

■ **राज्योत्सव समारोह के समापन तक माहौल उत्साह और उल्लास से सराबोर रहा**

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस का तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का समापन आज स्थानीय गांधी मैदान में गरिमामय वातावरण में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी उपस्थित रहीं। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चन्दूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रिखीराम यादव मंचासीन थे। इस दौरान कलेक्टर बी.एस उइके, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चन्द्राकर सहित अधिकारीगण, मीडिया प्रतिनिधि, सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

सांसद चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे होना हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि 1 नवम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की ऐतिहासिक देन है। उनके संकल्प और दूरदृष्टि से यह प्रदेश आज विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष हम राज्य निर्माण की रजत जयंती मना रहे हैं। 1 नवम्बर 2025 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के छत्तीसगढ़ आगमन से पूरा प्रदेश गौरवान्वित हुआ है। प्रधानमंत्री द्वारा दी गई दिशा और नीतियों से प्रदेश में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जा रही है। लोग प्रदर्शनी में जाकर योजनाओं का लाभ ले रहे हैं, जिससे धरातल तक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभाव दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि आज जनता जागरूक है और

मोदी जी के नेतृत्व में देश, प्रदेश और गांव आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हैं। छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष श्री चन्दूलाल साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने विकास के हर क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त की हैं। शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँच रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन और आयोजन समिति को उत्कृष्ट आयोजन के लिए बधाई दी। नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष श्री रिखीराम यादव ने नगरवासियों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूरे नगर ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया, यह गरियाबंद के लिए गर्व का विषय है। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि राज्योत्सव केवल उत्सव नहीं बल्कि जनभावनाओं का उत्सव है, जिसने प्रदेश की परंपरा, लोककला और लोकनृत्य को जीवंत किया है। जिला स्तरीय राज्योत्सव के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में प्रदर्शित योजनाओं, उत्पादों और नवाचारों की जानकारी ली तथा अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक का वितरण भी किया और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। सांसद श्रीमती चौधरी सहित जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत दो हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपी। इस दौरान स्कूली बच्चों एवं लोक कलाकारों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी।

राज्योत्सव में शार्ट फिल्मों के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव पर जिला स्तरीय महोत्सव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा लोगों को कानूनी जागरूक करने तथा नालसा एवं सालसा के योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से स्टॉल लगाया गया था। अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि मिनी स्टेडियम महासमुंद में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित राज्योत्सव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद का स्टाल नागरिकों को पाम्पलेट वितरण तथा कानूनी जानकारी प्रदान करने एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं, प्राधिकरण के कर्मचारियों सहित प्रबंध अथवा आरक्षी केन्द्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों की ड्यूटी लगाई गई। नालसा व सालसा की योजनाओं का प्रचार-प्रसार व कानूनी सुविधाओं के बारे में बताया गया। साथ ही शार्ट फिल्म को एलईडी के माध्यम से वीडियो दिखाकर लोगों को जागरूक किया गया इसके अलावा विधिक सलाह, विधिक सहायता, हमर अंगना, जनचेतना, हेल्पलाइन 15100, नालसा पोर्टल, एलएडीसीएस, निशुल्क अधिवक्ता नियुक्ति एवं अभिरक्षा बंदियों के परिवारों को दी जाने वाली विधिक सहायता, क्षतिपूर्ति योजना आदि की भी जानकारी दी गई। स्टॉल का अवलोकन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया, कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मोनिका , द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर सहित न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित थे।

ट्रक की ठोकर से एक की मौत

महासमुंद। ग्राम डुडुमचुंवा में ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सरायपाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को ग्राम डुडुमचुंवा निवासी नीलांबर राठिया ने बताया कि 3 नवंबर की शाम 4-5 बजे टीकाराम राठिया सड़क की ओर जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे ट्रक सीजी 06 जी एल 8670 के चालक ने उन्हें ठोकर मार दिया, जिससे टीकाराम राठिया की मौके पर मौत हो गई।

चोरी के शक में पीट-पीट कर मौत के घाट उतारने वाले तीनों को उम्रकैद

महासमुंद/नवप्रदेश। मोबाइल और पैसा चोरी के शक में लाठी-डंडे से पीट-पीट कर हत्या के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने सांकरा निवासी अलेख विशाल उर्फ बाबा (60) , सांकरा में ही अस्थाई रूप से रहने वाले बलौदाबाजार के ग्राम मिडियाडीह निवासी छेदूराम दीवान (45) तथा सांकरा के ही लोकेश राणा उर्फ टीरू को आजीवन कारावास व दो-दो सौ रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर एक-एक माह का सश्रम कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार वाल्मिकी वर्गे ने सांकरा थाना में 8 अगस्त 24 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि अलेख विशाल अपने दो साथियों के साथ उनके घर कुरमाडीह आया था और पूछा कि वशिष्ट कहां है, इस पर बताया कि वह अपने ससुराल लाटादादर गया है। इस दौरान अलेख विशाल ने बताया कि 7 अगस्त को वशिष्ट उनके घर आया था, उसे शराब पिलाई और मुर्गा भी खिलाया। वशिष्ट वहीं सो गया। रात में वशिष्ट मोबाइल और 5 हजार रुपए लेकर भाग गया। इसीलिए वह ढूंढ़ते बाइक से लाटादादर गया और वशिष्ट को अपने साथ ले गया तथा उनके साथ लाठी-डंडा से प्राणघातक वार कर चोंट पहुंचाई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। विवेचना के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर लाठी, डंडा इत्यादि जब्त किया गया था। आरोप दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने तीनों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 191 (2) के तहत एक-एक वर्ष, धारा 191 (3) के तहत तीन-तीन वर्ष तथा धारा 103 सहपठित धारा 190 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

बीएस उइके ने ली राष्ट्रीय एकता पदयात्रा के संबंध में पत्रकार वार्ता

■ **राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का आयोजन 7 को**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय एकता पदयात्रा के संबंध में पत्रकार वार्ता ली। उन्होंने पत्रकार वार्ता में बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा भेंडिया, सहायक संचालक जनसम्पर्क श्री हेमनाथ सिदार सहित प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कलेक्टर ने बताया कि राष्ट्रीय एकता पदयात्रा का

उद्देश्य लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को नमन करने के साथ उनकी एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। गरियाबंद जिले में एकता पदयात्रा का आयोजन शुक्रवार 07 नवम्बर को सुबह 9 बजे अटल चौक नागाबुड़ा से किया जाएगा और विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी मैदान गरियाबंद में सम्पन्न होगा। प्रत्येक स्थल पर देशभक्ति गीतों के साथ तिरंगा लेकर पदयात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान सरदार वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया जाएगा और देश के प्रति उनके योगदानों को याद किया जाएगा। युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और सेवा भावना के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा नागाबुड़ा के अटल चौक से होकर नहरगांव, कोकड़ी से होते हुए जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में सम्पन्न होगी। इसमें स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, एनएसएस, एनसीसी, माय भारत वॉलिंटियर भाग सहित आम नागरिक शामिल होंगे। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 जयंती के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पदयात्रा के पूर्व स्कूल-कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पदयात्रा के दौरान फिटनेस शिविर, नुक्कड़ नाटक, और नशा मुक्ति के लिए युवा शपथ कार्यक्रम भी होंगे। कार्यक्रम के दौरान एकता पदयात्रा के प्रतिभागियों हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप परीक्षण, डायबिटीज टेस्ट और टीकाकरण जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, पदयात्रा मार्ग में स्थित सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा, ताकि एकता के साथ स्वच्छ भारत का संदेश दिया जा सके।

आरोप : भ्रष्टाचार और लापरवाही का अड्डा बना नगर पंचायत कार्यालय कोपरा

कोपरा सीएमओ पर भ्रष्टाचार और मनमानी के गंभीर आरोप, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। नगर पंचायत कोपरा में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ श्यामलाल वर्मा के खिलाफ नगर के पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है।सोमवार को कांग्रेस पार्षद शिवम सिन्हा ने फर्जी कोटेशन और अपनों को ठेका देने के आरोप लगाया हैं। वहीं भाजपा पार्षद एवम सभापति विद्या कुमार साहू सहित कई जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचकर लिखित शिकायत सौंपा। आवेदन में सीएमओ पर भारी भ्रष्टाचार, मनमानी और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में उल्लेख है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन से स्वीकृत 11 विकास कार्यों में सीएमओ ने निर्धारित मापदंडों को ताक पर रखकर अपने मनपसंद ठेकेदारों को ठेका दिया। नतीजतन, निर्माणाधीन सीसी रोड और नालियां अभी पूर्ण भी नहीं हुई हैं और पहले ही टूटने लगी हैं।इसके बावजूद ठेकेदारों को पूरा भुगतान कर दिया गया। पार्षदों का कहना है कि इस भुगतान प्रक्रिया में सीएमओ ने भारी कमीशन वसूली की है।

नगरवासियों में रोष कार्रवाई की मांग

नगरवासियों का कहना है कि नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण कोपरा का विकास ठप पड़ गया है। नागरिकों ने भी कलेक्टर से मांग की है कि दोषी अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए स्थानांतरण एवं निलंबन की कार्रवाई की जाए। इस घटना के बाद से नगर पंचायत अध्यक्ष की मौन सहमति भी मिलीभगत को दर्शाता हैं।

नगरवासी त्रस्त

सीएमओ पर यह भी आरोप है कि उन्होंने अब तक 100 से अधिक नागरिकों को निजी भूमि पर निर्माण कार्य करने पर नोटिस जारी कर लाखों रुपये की अवैध उगाही की है। सीएमओ अधिकांश समय अपने गृह ग्राम में रहते हैं। जिससे नगर की मूलभूत सुविधाएं जैसे साफ-सफाई, जलापूर्ति और प्रकाश व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। पार्षदों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर गरियाबंद ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राजिम के एसडीएम को जांच करने के निर्देश दिए है कि सभी आरोपों की विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा हैं।

गुरुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू ने दी शुभकामनाएं

गुरुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत गुरुर के अध्यक्ष प्रदीप साहू ने जिलेवासियों एवं क्षेत्रवासियों को कार्तिक पुन्नी मेला की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, आस्था और लोक परंपरा का प्रतीक है। यह मेला हमारे सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता का परिचायक है। उन्होंने अपने संदेश में कहा — हम सब मिलकर अपने पारंपरिक पर्वों की गरिमा और सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखें। कार्तिक पुन्नी मेला हमारी परंपरा, आपसी भाईचारे और श्रद्धा का उत्सव है। ऐसे अवसर समाज में एकता और सहयोग की भावना को और मजबूत करते हैं। गौरतलब है कि गुरुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत धनेली एवं कोलिहामार में पारंपरिक रूप से हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेला आयोजित होता है। मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण शामिल होते हैं। ग्रामीण जनों ने बताया कि कोलिहामार गांव में स्थित भगवान गणेश जी का प्राचीन मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां दूर-दूर से लोग दर्शन करने पहुंचते हैं। मेले के दौरान यहां भक्तों की भारी भीड़ रहती है और धार्मिक वातावरण पूरे क्षेत्र में व्याप्त रहता है।

कार्तिक पूर्णिमा पर भव्य नदिया मड़ाई हजारों श्रद्धालुओं ने किया दीप दान

राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी राजिम, जिसे 'छत्तीसगढ़ का प्रयागराज' के नाम से जाना जाता है, आज कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य नदिया मड़ाई के आयोजन से पूरी तरह गुलजार हो उठा। नवापारा क्षेत्र में त्रिवेणी संगम ङ्क जहां महानदी, पैरी और सोंढूर नदियां मिलती है के तट पर स्थित प्राचीन श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ने लगी। दूर-दराज के गांवों से आए हजारों भक्त पैदल, बसों और निजी वाहनों से पहुंचे, ताकि इस पुनीत अवसर पर

महादेव का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें। सुबह की पहली किरण के साथ ही मंदिर परिसर में पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महादेव का विशेष जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और पंचामृत स्नान कराया। इसके बाद भव्य आरती हुई, जिसमें घंटों-घड़ियालों की गूंज और शंखनाद ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु हाथ जोड़कर, आंखें बंद करके और कुछ आंसुओं के साथ प्रभु के दर्शन में लीन हो गए। इस दौरान यदुवंशी समुदाय के पारंपरिक कलाकारों ने गढ़वा बाजा की मधुर धुन पर छत्तीसगढ़ी दोहा गीत प्रस्तुत किए।

अरकार के तीन खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में चयन

दुर्ग संभाग का करेंगे प्रतिनिधित्व

गुरुर /कांकेर/बालोद/नवप्रदेश। खेलों में अनुशासन और निरंतर अभ्यास सफलता की कुंजी है — इसी का उदाहरण पेश किया है शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरकार के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने। इनका चयन 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो इस वर्ष कांकेर और बालोद जिलों में आयोजित

की जा रही है। विद्यालय के मिनेश कुमार (कक्षा 12वीं) एवं फलेंद्र कुमार का चयन 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक खो-खो खेल में हुआ है, जबकि दानेश्वर निषाद का चयन 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक खो-खो के लिए हुआ है। ये तीनों खिलाड़ी अब दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तर पर अपना दमखम दिखाएंगे।

इन खिलाड़ियों ने नियमित रूप से प्रयास स्पोर्ट्स क्लब अरकार में सुबह-शाम अभ्यास कर अपनी मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के प्राचार्य श्री बसंत बाग, प्रधान पाठक एम.एल. सिन्हा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री तखतराम जमारे, सरपंच श्री खेललाल देवांगन, वी.के. साहू, पी.एल. निर्मलकर, एस. हिरवानी, बी.एल. माला, डी.के. साहू, भोजराम देवांगन, एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा ग्रामवासियों ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ियों को मार्गदर्शन प्रयास स्पोर्ट्स क्लब अरकार के प्रशिक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा, हेमसिंह पटेल, राहुल कुमार और पुष्पेंद्र कुमार द्वारा दिया जा रहा है।

रसायन विज्ञान विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

■ प्रिया पटेल ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

डोंगरगढ़/नवप्रदेश शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा ÷रसायन विज्ञानः केंद्रीय विज्ञान÷ विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के पुष्पगुच्छ देकर स्वागत से किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती रहीं। इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि छात्र-छात्राओं को 14 अक्टूबर तक पंजीयन एवं 26 अक्टूबर तक पोस्टर जमा करने के लिए समय दिया गया था। प्रतियोगिता में कुल 53 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिया पटेल, बी.एससी. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान आकृति गुप्ता, बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर तथा तृतीय स्थान नव्या गुप्ता, बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में खुशबू साहू (बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर), पूर्वी सिन्हा (बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर) तथा खुशी बेहरा (बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर) को सम्मानित किया गया।

प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो एवं प्रमाणपत्र तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में ग्रंथपाल नितेश तिरपुडे, प्राध्यापकगण जी. के. यादव, बेदप्रकाश साहू, डॉ. गोकुल प्रसाद साहू, पूर्वेश बांधव, डॉ. सुखप्रीत कौर भाटिया तथा रसायन शास्त्र विभाग के समस्त स्नातकोत्तर विद्यार्थी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन ओमप्रकाश वर्मा द्वारा किया गया।

556 वें प्रकाशपर्व पर निकला नगरकीर्तन

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा से सोमवार को नगरकीर्तन आरम्भ हुआ जो नगर के मुख्य मार्गों से निकाला गया। नगरकीर्तन पंजपयारों की अगुवाई में सजे हुए वाहन में श्री गुरुग्रंथ साहिब का प्रकाश किया गया था । आगे-आगे बच्चों के समूह पुष्प वर्षा करते चल रहे थे , साथ ही गुरुमहाराज के आगे जल छिड़काव कर झाड़ू की सेवा की जा रही थी। जिसके पीछे स्त्री सतसंग की महिलाएं एवं बच्चियों के द्वारा अलग अलग समूह बनाकर गुरबाणी का कीरतन किया जा रहा था। नगरकीर्तन भगतसिंह वार्ड से होते हुए झूलेलाल मन्दिर मार्ग पर पहुंचा जहाँ पर सिंधी समाज के मुखी एवं समाज के सदस्यों और आसपास के निवासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया । बस स्टैंड चौराहा पर पंजाब से आये हुए गतका दल द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया गया। नगर कीरतन महासती मन्दिर मार्ग से आगे गोविन्द चौक के मध्य सामाजिक एवं गैर सामाजिक श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया जा रहा था , स्वागत हेतु कई मार्गों पर स्वागत द्वार भी बनवायें गये थे। सभी श्रद्धालुओं ने इस आयोजन में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया , रामसप्ताह चौक पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से नगरकीर्तन का भव्य स्वागत किया गया । जिसमें प्रमुख रूप से विकास पुरूष शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा पंजपयारों का पुष्पहार से स्वागत किया साथ साथ ही श्री गुरुग्रंथ साहिब को माथा टेका और नगर वासियों की मंगलकामना की अरदास की और सभी को प्रकाश पर्व की अनेकानेक बधाईयां दी। नगरकीर्तन में फव्वारा चौक पर पंजाब के गतका दल का शौर्य प्रदर्शन आकर्षण केन्द्र रहा , नगरकीर्तन हटरीबज़ार श्री गुरुद्वारा साहिब में सम्पन्न हुआ , संगतों के स्वागत में अनेक स्थानों पर स्टॉल लगाकर नाश्ता एवं शीतल पेय और चाय की व्यवस्था रखी गई थी , श्री गुरुद्वारा साहिब पहुँचकर संगतों ने गुरु का लँगर ग्रहण किया प्रकाशपर्व 5 नवम्बर दिन बुधवार को बहुत श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा इस दिन कीरतन और प्रतिभा वान बच्चों का सम्मान भी किया जायेगा।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने लीं अफसरों की क्लास

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आज समय-सीमा की बैठक सुबह 10 बजे आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित वीसी के माध्यम से सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री घोषणा, धान खरीदी, विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, सद्भावना यात्रा की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

कार्तिक पुन्नी मेले में हजारों ने लगाई आस्था की डुबकी

भाटापारा/ नवप्रदेश। नगर से 6 किमी दूर बिलासपुर रोड पर स्थित सेमरियाघाट पर बुधवार को कार्तिक पुन्नी मेले का भव्य आयोजन हुआ जहा शहर के नागरिकों सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों कस्बों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने शिवनाथ नदी में आस्था की डुबकी लगाई और दीप दान किया।इस अवसर पर ग्राम पंचायत द्वारा मेला मड़ई का आयोजन किया गया जिसका लोगो ने भरपूर लुफ्त उठाया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को नगर के आस पास के विभिन्न पर्यटक स्थलों पर लोगो ने पिकनिक का लुफ्त उठाया। इस दौरान मड़कू दीप,सेमरिया घाट, टोहड़ी घाट,ताला,रामपुर,सोमनाथ इत्यादि स्थानों पर शिवनाथ नदी में स्नान कर लोगो ने आस्था की डुबकी लगाते हुए पुन्नी स्नान किया व दीपदान किया । इस दौरान नदी घाट पर स्थित विभिन्न मंदिरो में पहुंचकर माथा टेका एवम भगवान शंकर को जल तर्पण कर सुख शांति समृद्धि की कामना की। सबसे ज्यादा भीड़ का नजारा सेमरिया घाट में देखने को मिला जहा दूर दराज के ग्रामीण अंचल के लोगो ने अपने विभिन्न साधनों से पहुंच कर वहा लगे मेले का भरपूर लुफ्त उठाया। विदित हो की कार्तिक पुन्नी मेला हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा है, और छत्तीसगढ़ के गांव, शहरों की परंपरा का हिस्सा है। कार्तिक माह में सुबह का स्नान और शिवजी पर जल चढ़ाने की परंपरा रही है,बताया जाता है की आज से गांवों के घाटों में मेले का आयोजन शुरू हो जाता है।

हाईटेक स्पंज उद्योग प्रबंधन में शोषण के खिलाफ श्रमिकों ने खोला मोर्चा, प्रदर्शन

■ सैकड़ों श्रमिक बैठे अनिश्चितकालीन आंदोलन पर : यातायात बाधित

तिल्दा-नेवरा/नवप्रदेश। श्रमिकों ने उद्योग प्रबंधन पर शोषण का बडा आरोप लगाते हुए उद्योग के खिलाफत में आंदोलन का शंखनाद किया है ,वहीं श्रमिकों के आंदोलन के चलते उद्योग प्रबंधन की बड़ी खांमिया उजागर हुआ है । मामला रायपुर जिला तिल्दा जनपद, ग्राम पंचायत परसदा क्षेत्र में संचालित हाईटेक स्पंज एवं पांवर उद्योग की है । यहां पर कार्यरत सैकड़ों मजदुरो ने उद्योग प्रबंधन पर श्रमिकों के शोषण का बडा आरोप लगाते हुए उद्योग परिसर के सामने आंदोलन का आगाज किया । श्रमिकों के आंदोलन से जहां उद्योग की परिचालन प्रभावित हुआ वहीं जो मजदुर आंदोलन के पूर्व रात को उद्योग परिसर में फंसे हुए थे ,उन्हें भी भुखे प्यासे उद्योग के परिचालन में सहयोग करना पड़ा ,वहीं पर ट्रांसपोर्टिंग वाहनों की चक्का थम गई ,जिसके चलते यातायात मार्ग तो बाधित हुआ वहीं वाहन चालकों को पानी के लिए भी मोहताज होना पड़ा , हाईटेक स्पंज एवं पांवर उद्योग को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश इतना था कि बड़ी संख्या में महिला पुरुष भुखे प्यासे उद्योग के गेट के सामने? हाईटेक स्पंज उद्योग मुर्दाबाद के नारे? लगाते हुए डटे रहे । इस दरम्यान श्रमिकों ने कहा कि जो भी श्रमिकों को मोहरा बनाकर अपना स्वार्थ सिद्ध करेगा ,उसे भी बख्शा नहीं जावेगा ,वहीं उन्होंने कहा कि उद्योग प्रबंधन? की मनमानी का पराकाष्ठा आंदोलन रत श्रमिकों का जनसैलाब से उजागर हो रहा है , श्रमिकों ने उद्योग प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि उद्योग प्रबधन के द्वारा औद्योगिक अधिनियम को दरकिनार कर श्रमिकों का भरपूर शोषण किया जा रहा है , उन्होंने कहा कि जो स्थानीय श्रमिक काफी लंबे समय से उद्योग में काम कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे उनका भी छटनी किया जा रहा है । वहीं उन्होंने आरोप लगाया कि संचालित उद्योग के द्वारा जिन गांवों को गोद लिया गया है वहां के ही श्रमिकों से उद्योग प्रबंधन के द्वारा छल किया जा रहा है । श्रमिकों ने कहा कि औद्योगिक अधिनियम को तार तार करते हुए मजदुरो का शोषण उद्योग प्रबंधन के द्वारा किया जा रहा है , श्रमिकों को अवकाश नहीं दिया जाता और ना ही डबल ओटी दी जाती वहीं अन्य सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है , वहीं आक्रोशित श्रमिकों ने कहा कि कंपनी प्रबंधन द्वारा श्रमिकों को बोनस भी नहीं दिया जा रहा है।

उद्योग से भारी प्रदूषण फैलाने का आरोप , तहसीलदार व श्रम अधिकारी के मध्य रखी आपबीती

उद्योग के द्वारा मनमानी पूर्वक बेतहाशा प्रदुषण फैलाने का आरोप लगाते हुए सरपंच व ग्रामीणों ने तहसीलदार व श्रम निरीक्षक को आप बीती सुनाते हुए कहा कि इस उद्योग के द्वारा जहरीली धुंआ छोड़ने से घरों ,निस्तारी तालाबों में काला परत जम जाता है , जिसके चलते स्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा? है । श्रमिकों में उद्योग प्रबंधन? के प्रति इतनी नाराजगी देखी गई कि वे गेट में ताला जड़ने की मंशा? जाहिर कर रहे थे ।

नगर कीर्तन का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

नगरी/नवप्रदेश। नगर में प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर सिख समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। नगर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण व्याप्त रहा। शोभायात्रा का नगरवासियों द्वारा श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया तथा गुरु नानक देव जी के चरणों में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

गुरु नानक देव जी का जीवन संदेश सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके उपदेश –

÷जहाँ प्रेम है, वहीं परमात्मा है; जहाँ सेवा है, वहीं सच्ची भक्ति है।÷आज भी समाज में एकता, करुणा और सेवा भावना को जागृत करते हैं। प्रकाश पर्व के इस अवसर पर सभी से आह्वान किया गया कि वे गुरु नानक देव जी के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में प्रेम, सद्भावना और सेवा की भावना को सशक्त करें।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भी शोभायात्रा में सम्मिलित होकर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त किया तथा नगरवासियों को प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

भाटापारा के आदर्श वर्मा और अनुष्का सोनकर ने स्टार्टअप मंच पर फहराया नवोन्मेष का ध्वज

भाटापारा/नवप्रदेश। सृजनशीलता, विज्ञान और नवोन्मेष की संयुक्त साधना का गौरवशाली उदाहरण प्रस्तुत करते हुए दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भाटापारा के मेधावी विद्यार्थी आदर्श वर्मा एवं अनुष्का सोनकर ने ÷स्टार्टअप छत्तीसगढ़ आइडियाथन 2025÷ की राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में शीर्ष पाँच प्रतिभागियों में अपना स्थान प्राप्त कर भाटापारा सहित सम्पूर्ण प्रदेश का मान बढ़ाया।

यह राज्यस्तरीय आयोजन छत्तीसगढ़ शासन एवं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 2 नवम्बर 2025 को सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रदेशभर के युवा नवाचारकर्ताओं ने अपने-अपने कल्पनाशील प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।आदर्श वर्मा ने ÷एआई रीजन बैंड÷ नामक एक सेंसर-आधारित यंत्र विकसित किया है, जो दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हो सकता है। अनुष्का सोनकर ने "बिनबोट" नामक परियोजना के माध्यम से स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम प्रस्तुत किया है।

दोनों विद्यार्थियों के इन वैज्ञानिक एवं सामाजिक उपयोगिता से परिपूर्ण नवाचारों को निर्णायकों द्वारा अत्यधिक सराहा गया। उनके प्रोजेक्ट देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों – IIT, NIT, IIM सहित – से प्राप्त 1700 विचारों में से चयनित किए गए, जो स्वयं में अत्यंत गौरव की बात है।

आदर्श वर्मा को प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा ?51,000 की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्तिङ्कपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री के साथ लंच करने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ।

इसी प्रकार, अनुष्का सोनकर को उनके उत्कृष्ट प्रोजेक्ट बिनबोट के लिए द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर ?11,000 की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्तिङ्कपत्र देकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मानित किया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि में विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट एवं वाणिज्य विभाग के शिक्षक दीपक यदु का मार्गदर्शन अत्यन्त प्रेरणादायी रहा। विद्यालय के प्रबन्धक अश्विनी शर्मा एवं संदीप गोयल, प्रधानाचार्य योगेश पोपट तथा समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं ने इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई दी है।

साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

गुरूर/नवप्रदेश। ग्राम ठेकवाडीह स्थित साहू समाज भवन में परिक्षेत्र साहू समाज कोलिहामार का शपथ ग्रहण, पदभार ग्रहण एवं विदाई सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय साहू महामंत्री जिला साहू संघ बालोद थे। अध्यक्षता यादराम साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ गुरूर ने की। विशेष अतिथि के रूप में सविता साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, डॉ. लिखेश्वर साहू संयोजक न्याय प्रकोष्ठ गुरूर, चिंताराम साहू संरक्षक परिक्षेत्र साहू संघ कोलिहामार, पूर्णोत्तम साहू ग्रामीण अध्यक्ष साहू संघ ठेकवाडीह तथा देव साहू सरपंच ठेकवाडीह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संरक्षक भारत सार्वा, सविता साहू, अध्यक्ष दुलार साहू, उपाध्यक्ष यशवंत साहू, महिला उपाध्यक्ष नम्रता महमल्ला, संगठन सचिव नारायण साहू, महिला संगठन सचिव झामेश्वरी हिरवानी, सचिव परसराम साहू, सह सचिव कौशल साहू, कोषाध्यक्ष केसर गजपाल, तहसील प्रतिनिधि राजाराम साहू एवं दुलार सिंह गंजीर, न्याय प्रकोष्ठ मदन मोहन साहू, यालेश कुमार साहू, संयोजक अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ उदयराम साहू एवं केशवराम साहू, संयोजक युवा प्रकोष्ठ नंदकुमार साहू, सूर्यकांत साहू, संयोजक महिला प्रकोष्ठ हेमलता साहू एवं गोदावरी महमल्ला, अंकेक्षक जगतराम साहू, भीषण महमल्ला, संस्कार प्रभारी बहुरसिंह साहू, विशाल सिंह अठनागर सहित कार्यकारिणी सदस्य भीखूराम साहू, दुष्यंत साहू, विनोद साहू, द्वारकाराम साहू, यादव राम साहू, लोचन साहू, चिंताराम साहू, गोकुल साहू, ढाल सिंह साहू, लक्ष्मण साहू, दरबारी राम, भोज भाई तथा पदमा महमल्ला ने शपथ ग्रहण किया।

जन चौपाल में कलेक्टर ने सुनी पीड़ितों की समस्याएं

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर श्री लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त 48 आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जन चौपाल में ग्राम साराडीह की पूनम साहू ने आगे की शिक्षा ग्रहण करने हेतु राष्ट्रीय प्रतिभा खोज अंतर्गत प्रोत्साहन राशि बाबत आवेदन किया। इसी तरह ग्राम भलेसर महासमुंद निवासी चंदन लाल साहू ने नोनी सुरक्षा योजना से संबंधी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन, ग्राम छिलपावन निवासी कुशन्ती बाई ने ऋण की अवैध वसूली पर रोक लगाने, ग्राम ढाबाखार पिथौरा निवासी चन्द्रमणि सिदार ने सीसी रोड निर्माण हेतु, ग्राम घोंच पिथौरा निवासी गौरसिंग ने मुआवजा राशि दिलाने हेतु आवेदन किए। इसके अलावा पीएम जन धन योजना, भौतिक सत्यापन, हैंडपंप स्थापना, अवैध कब्जा, लंबित भुगतान, अनुदान राशि प्रज्ञा करने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

प्रगति की समीक्षा ...

जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना के कार्यों की समीक्षा

एसआईआर के कार्य को पूरी सावधानी के साथ करें अधिकारी, नहीं चलेगी लापरवाही

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य को पूरी सावधानी एवं सतर्कता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में राजस्व एवं इस कार्य से जुड़े अन्य विभागों के अधिकारियों को उत्ताशय के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य निर्वाचन से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि की गुंजाईश नहीं है। उन्होंने इस कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य को पूरी सावधानी एवं तत्परता के साथ करने को कहा। बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार आज 04 नवंबर से 04 दिसंबर तक गणना की अवधि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आज 04 नवंबर से 04 दिसंबर तक इस कार्य के लिए नियुक्त किए गए बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्रक को भरवाने एवं वितरण करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने इस कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि 07 फरवरी 2026 तक पूरा किया जाना आवश्यक है। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने पिछले कुछ दिनों हुए बारिश से क्षति होने वाले फसलों की मुआवजा किसानों को प्रदान करने हेतु सर्वे कार्य के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने-अपने घरों में इस योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों में भी प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना सोलर पैनल लगाने को कहा। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को इसका निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने जिले में चलाए जा रहे।

दुगली में दसवां राज्य स्तरीय लोककला डांस प्रतियोगिता

हमर छत्तीसगढ़ साजापाली महासमुंद बना प्रथम विजेता

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के नगरी-सिहावा क्षेत्र के ऐतिहासिक ग्राम दुगली में माता अंगारमोती लोककला संस्कृति विचार मंच एवं सेवा समिति दुगली के तत्वावधान में लगातार दसवां वर्ष राज्य स्तरीय लोककला डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन संपन्न हुआ इस सांस्कृतिक उत्सव ने एक दशक की परंपरा को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाते हुए क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिरिवंदु शेखर कंवर, समाजसेवी धमतरी थे, जबकि अध्यक्षता जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद निर्मल सिंह नेताम और ग्राम के पुरखों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात शहीद निर्मल सिंह नेताम के परिजनों का सम्मान किया गया।

समारोह में सेवानिवृत्त सैनिक बसंत सिंह सोरी का विशेष रूप से सम्मान किया गया।

न्यूज गैलरी

नेशनल हाईवे जाम करने वाले ड्राइवर के खिलाफ अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। पटेवा पुलिस ने ट्रक को सड़क के बीच में खड़ा कर करीब दो घंटे तक जाम करने वाले चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को ग्राम ढांक निवासी जितेंद्र कुमार नायक ने बताया कि वह नेशनल हाईवे 53 किनारे टोल प्लाजा ढांक के पास टी स्टाल का संचालन करता है। 03 नवंबर की सुबह करीब 8 बजे वह बाइक से टी स्टाल जाने के लिए घर से निकला, लेकिन इस दौरान नेशनल हाईवे 53 में टोल प्लाजा ढांक से करीब 3 किमी तक वाहनों का जाम लगा हुआ था, करीब 2 घंटे बाद टी स्टाल में पहुंचा तो देखा कि एनएच के बीचों-बीच ट्रक कंटेनर क्रमांक डब्लूबी 29 ई 0541 का चालक अपने वाहन को खड़ा कर चिल्ला रहा था कि रात में उनके कंटेनर से डीजल चोरी हुई है इसलिए उसने सड़क जाम किया है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफधारा 8बी-एनएचए, 285-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक आज

महासमुंद/नवप्रदेश। पेंशनधारी कल्याण संघ जिला महासमुंद के कार्यालय सहायक बीआर ध्रुव ने बताया कि संघ की मासिक बैठक 6 नवंबर को 2 बजे होगी। बैठक में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा प्रमुख रूप से शामिल होंगे। बैठक में नए सदस्यों का सम्मान, ऐसे सदस्य जिनका नवंबर में जन्मदिन है, उनका जन्मदिन मनाना, प्रत्येक वर्ष नवंबर माह में भरे जाने वाले जीवन प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी, दिसंबर 2025 में बलौदाबाजार जिले में होने वाले पेंशनर दिवस में जाने वालों की सूची, पेंशनधारी कल्याण संघ के पूर्व अध्यक्ष नारायणलाल चंद्राकर की प्रथम पुण्यतिथि में श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने संघ के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

विधायक इंद्र साव उड़ीसा के नूवापाड़ा पहुंचे, करेंगे चुनाव प्रचार

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर

उड़ीसा प्रांत के नूवापाडा में होने जा रहे उप चुनाव में चुनावी प्रचार प्रसार करने के लिए क्षेत्र के विधायक इंद्र साव को महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी गई है और श्री साव पार्टी प्रत्याशी घासीराम माझी के पक्ष में चुनावी प्रचार प्रसार में भाग लेने अपने कार्यकर्ताओं के साथ नूवापाडा पहुंच गए है। विदित हो कि उड़ीसा प्रदेश के नूवापाडा विधानसभा में आगामी ग्यारह तारीख मतदान होना है,इस चुनाव को देखते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से मिले निर्देश के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश कांग्रेस नेताओं को उड़ीसा उप चुनाव में भाग लेने का निर्देश देते हुए महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी है,जिसके तहत क्षेत्र के विधायक इंद्र साव भी नूवापाडा पहुंच कर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी प्रचार प्रसार करेंगे।ज्ञात को नूवापाडा विधानसभा में जातिगत मतदाताओं की संख्या को ध्यान में रखते में विधायक श्री साव को महत्वपूर्ण जवाबदारी दी गई है।विधायक श्री साव साहु समाज में ही नहीं नहीं बल्कि पिछड़ा वर्ग में भी अच्छी पकड़ रखते है।

निधन

राधा देवगन

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम बेलर गांव निवासी राधा देवगन 92 वर्ष के उम्र पर निधन हो गया दिन बुधवार को श्मशान घाट पर दाह संस्कार किया गया जिसमे दऊवालाल देवागन व त्रिलोकचंद देवागन के माता थे उसकी अंतिम यात्रा में परिवार जन एवं बड़ी सामाजिक जन व ग्रामीण शामिल शोक व्यक्त किये।

दो हिस्सों में बंटी गोधस झरना 200 फीट ऊंचाई से गिरकर बिखेर रही है अनुपम छटा

छुरा/ नवप्रदेश। ओडिशा प्रांत धार्मिक , दर्शनीय एवं पर्यटन स्थलों का बेजोड़ मनोरम प्राकृतिक सुन्दरता का अनुपम बेजोड़ प्राकृतिक नजारों का छटा बिखेरते हुए घने वनों एवं झरनों से अच्छादित प्राचीन वास्तुकला से निर्मित मंदिर, समुद्र और खुबसूरत झरने है, , ओडिशा में कई ऐसी खूबसूरत झरने है, जो ओडिशा के पर्यटन में खास भूमिका निभाते हैं। छत्तीसगढ़ सीमा से लगा हुआ सात किलोमीटर दूर पर ओडिशा बार्डर की शुरुआत हो जाती है। रसेला से धरमबाधा 15 किलोमीटर वहीं धरमबाधा से गोधस 10 किलोमीटर दूर पर स्थित है। झरना सुनाबेडा वन्यजीव अभयारण्य में है और नुआपड़ा जिला से 29 किमी और रायपुर से 144 किमी दूर है। यह झरना 200 मीटर

की ऊंचाई से दो भागों में एक ही स्थान पर गिरता है और खूबसूरत पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरा हुआ है। गोधस झरना ओडिशा में एक छुपा हुआ रत्न है जो शहर के जीवन की हलचल से दूर एक शांतिपूर्ण वापसी प्रदान करता है, जो इसे प्राकृतिक सुन्दरता और शांति की तलाश करने वालों के लिए एक सार्थक गंतव्य बनाता है। झरना स्वच्छ और ठंडा पानी उत्पन्न करता है, जो इस जगह को प्राकृतिक स्नान के लिए अद्भुत बनाता है। सर्दियों में यहां पिकनिक मनाने का सबसे अच्छा समय है। झरना प्राकृतिक सुन्दरता से भरपूर है और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक अच्छी जगह है। गोधस झरना इस क्षेत्र के सबसे अच्छे पर्यटन स्थलों में से एक है। गोधस जलप्रपात देखने का सबसे अच्छा समय मानसून जून से सितम्बर के दौरान होता है, जब झरना अपने पूरे चरम पर होता है। इस खूबसूरत झरने, जिनकी शीतलता मन को और आत्मा को शांति पहुंचाती है। जहां अक्सर प्रकृति प्रेमी रंग बिरंगे पक्षियों को निहारने पहुंचते हैं। इसलिए दूर दूर से पर्यटक इस झरने की सैर करने आते हैं। सर्दियों के दौरान अधिक पर्यटक यहां आकर्षित होते हैं। यहां पानी को नीचे गिरते हुए देखना एक रोमांचक अनुभव साबित होता है। आस-पास का क्षेत्र हरा भरा होने के कारण पर्यटकों को यह जगह और ज्यादा लुभाती है। हरे भरे वातावरण के बीच पानी की आवाज इस स्थान पर बांधे रखेगी।

1958 में बनी जर्जर बिल्डिंग में लग रही है कक्षाएं, बच्चे जान हथेली पर लेकर ले रहे शिक्षा

प्राथमिक शाला चटौद की शासकीय भूमि पर निजी स्कूल का कब्जा

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद विकासखंड के प्राथमिक शाला चटौद के वर्षो पुराने जर्जर भवन में लग रही है कक्षाएं। साथ ही शाला विकास समिति की लापरवाही से शाला में छात्रों की उपस्थिति कम हो गई है। सुविधाओं की कमी के कारण कई तरह की समस्याएं हो गई हैं। इसके परिणामस्वरूप, छात्र-छात्राओं के लिए एक सकारात्मक और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना मुश्किल हो गया है। खासतौर पर सरपंच द्वारा शाला के कार्यों मे विशेष रुचि दिखाते हुए प्राथमिक शाला को सर्वसुविधा युक्त बनाने की जगह मनमानी करते हुए शाला के कार्यों मे बाधा पहुंचाकर शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है। जिसके कारण शाला की कुल दर्ज संख्या मात्र 22 हो गई है। सरपंच, शाला विकास समिती के

सदस्यो और गांव के ही कुछ रंगदारो ने शाला के शिक्षकों को परेशान और शैक्षणिक कार्यों मे बाधा पहुंचाई जा रही है। जिस पर न ही तो शिक्षा विभाग ध्यान देता है और न ही प्रशासन । ग्राम पंचायत चटौद की प्राथमिक शाला की कक्षाएं लग रही है 1958 के जर्जर भवन में ।

नए भवन की अत्यंत आवश्यकता है लेकिन ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि और शाला प्रबंधन समिति द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।शाला की प्रधान पाठिका श्रीमती सुषमा चन्द्राकर ने बताया कि शासकीय भूमि के स्कूल में प्राइवेट स्कुल 14 साल से संचालित हो रहा था। शासकीय स्कूल में संचालित प्राइवेट स्कूल को 7 जुलाई 2024 को बहुत मशक्कत, भागदौड़ के बाद अंत: खाली करना पड़ा । जिस पर सालों से कब्जा किये थे। इसके साथ ही उक्त शासकीय प्राथमिक शाला चटौद की 3 एकड़ कृषि भूमि जिसे कुछ दबंग लोग कब्जा किये हुए है। उस कृषि भूमि से जो धान की आवक होती है । उस राशि को स्कुल फन्ड में लगाना चाहिए व स्कूल की कृषि भूमि को स्कूल के सुपूर्द कराने भरसक प्रयास कर रहे है। ताकि जिसका जमीन है उसी के फन्ड में यानि कि स्कुल फन्ड में कृषि भूमि की राशि जमा हो। गांव के ही कुछ दबंग और रंगदार लोगो का कहना है 3 एकड़ कृषि भूमि स्कुल को नहीं मिलेगा। जबकि उक्त शासकीय स्कूल की प्रधान पाठिका की सोच है भूमि के फन्ड की राशि से स्कुल का विकास होगा। सुषमा चन्द्राकर का कहना है। 1958 की भवन में लग रही है कक्षाऐ जो भवन अब जर्जर हो चुका है। लकड़ियों, मियारो में दीमक लग गई है तो वही जगह ...जगह से प्लास्टर उखड़ रही है और छड़ें भी बाहर निकल रही है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि उक्त प्राइवेट स्कूल से निकाले गये बच्चे को शासकीय प्राथमिक शाला चटौद मे पढना सिखाये है और आज वह पढ़ने में सक्षम है जबकि उसे उक्त प्राइवेट स्कूल वालो ने मंदबुद्धि बता कर निकाल दिये थे। शिक्षक अपने विद्यार्थी के प्रति बहुत ही सजग है,प्रत्येक बच्चे को जीवन में सफल होते देखना चाहते है।गांव के पालक,जनप्रतिनिधि को चाहिए स्कूल,खेल मैदान और सार्वजनिक शौचालय के लिए भूमि आरक्षित होना चाहिए।

महंगी बिजली दर के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन

महासमुंद/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी ने बिजली दर में वृद्धि के विरोध में यहां धरना प्रदर्शन किया। पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने बताया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को नजर अंदाज कर रही है। छत्तीसगढ़ की जनता अनाप-शनाप बिजली बिलों से त्रस्त हो चुकी है। मंगलवार को धरना-प्रदर्शन कर कलेक्टर-एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ बिजली सरप्लस राज्य है, आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बजाय बिजली महंगी करना समझ से परे है। कहा जा रहा है कि वितरण कंपनी को घाटा हो रहा था, इस कारण बिजली दर बढ़ाई गई है।

उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर गलत डाटा पेश कर रही है। सरकार भ्रष्टाचार कर रही है, निजी उद्योगपतियों से बिजली खरीदने का और उनको फायदा पहुंचाने की नीति है। सरकार वितरण कंपनी की लागत कम करें। पानी हमारा, कोयला

हमारा, जमीन हमारा, उत्पादन हमारा तो रेट ज्यादा क्यों? सरकार लाइन लॉस 15-20 प्रतिशत बताती है। जबकि 3 प्रतिशत से ज्यादा लाइन लॉस नहीं होता है। वहीं बड़े-बड़े व्यापारियों का, नेताओं का करोड़ों बिजली बिल बकाया है। उनसे वसूली ना कर सरकार गरीब लोगों को परेशान कर रही है। बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैरजरुरी चार्ज लिए जाते हैं। विद्युत कंपनी छत्तीसगढ़ की जनता की जेब काटने का काम कर रही है। सरकार बढ़ी हुई बिजली दर को वापस नहीं लेती है तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी आम जनता के हितों के लिए इससे भी बड़ा आंदोलन पूरे प्रदेश में करेगी।

बांकीपुर में प्रभारी नितीन के लिए देवांगन ने किया प्रचार

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी और बिहार सरकार के निवर्तमान मंत्री नितीन नबीन बिहार विधानसभा चुनाव में एक बार फिर बांकीपुर विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में हैं। दो चरणों में हो रहे चुनाव का पहला चरण 6 नवंबर जबकि दूसरा चरण 11 नवंबर को है। श्री नबीन की सीट पर प्रथम चरण में मतदान होना है। उनके चुनाव प्रचार में छत्तीसगढ़ सरकार के कई मंत्री व विधायकों ने प्रचार किया और चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान के 48 घंटे

पहले बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र छोड़ छत्तीसगढ़ लौट आये।

इसी कड़ी में युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन भी बांकीपुर पहुंचे और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में श्री नबीन के साथ उनके क्षेत्र में दिन-रात चुनाव प्रचार करते रहे। इस दौरान देवांगन ने क्षेत्र के लोगों को भाजपा की डबल इंजन सरकार के फायदे बताते हुए एक बार फिर से एनडीए की डबल इंजन सरकार बनाने की अपील करते हुए श्री नबीन की राजनीतिक कुशलता की प्रशंसा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार की 5 साल बाद वापसी करवाने में श्री नबीन की महती भूमिका रही है। वे न केवल एक सशक्त राजनेता हैं बल्कि जनहितैषी भी हैं। एक आम आदमी के साथ वे विधायक या मंत्री की जगह एक आम आदमी की तरह ही पेश आते हैं। एक अनुभवी विधायक बनने के आम जनता के लिए कई फायदे हैं और अगर वो नेता श्री नबीन हो तो फिर क्षेत्रवासियों के लिए सोने पे सुहागा वाली बात होगी।

देवांगन ने लोगों से बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास के क्रम को अनवरत आगे बढ़ाने व खुद के कल्याण के लिए श्री नबीन के पक्ष में भारी मतदान कर उन्हें प्रचंड मतों से विजयी बनाने की अपील की। चुनाव प्रचार के दौरान किशोर को अपने पक्ष में ईमानदारी से दिन-रात करते हुए प्रचार करते देख श्री नबीन, किशोर की ऊर्जा और लोगों के साथ जुड़ाव की क्षमता को देखकर काफी खुश हुए और किशोर के उज्जवल भविष्य की कामना की।

खेत देखने गए किसान की बाइक चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम गढ़सिवनी निवासी एक किसान की बाइक अज्ञात ने चोरी कर ली। पीड़ित ने थाना पहुंचकर अज्ञात चोर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार, किसान ने बताया कि 03 नवंबर की सुबह लगभग 10 बजे वह अपनी हीरो एचएफ डिलक्स बाइक (क्रमांक सीजी 06 जीसी 5610) से परसाडीह रोड डुमरहा खार स्थित अपने खेत गया था। उसने बाइक को भागवत सोनकर के घर के सामने खड़ी कर खेत देखने चला गया।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के कर्मचारी आज रहेंगे सामूहिक अवकाश पर

वेतन वृद्धि की मांग को लेकर

धमतरी/नवप्रदेश। वेतन वृद्धि की मांग को लेकर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ व्दारा राज्य सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है जिसके तहत कल 6 नवंबर को जिला सहकारी बैंक केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ व्दारा सामूहिक अवकाश लेकर राज्य सरकार के प्रति आक्रोश जाहिर किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार वेतन वृध्दि की मांग को लेकर जिले के धमतरी, नगरी, संबलपुर, कोर्रा, भखारा,कुरूद,नारी, बड़ीकरेली, मगरलोड, मरौद, दरबा ब्रांच के अधिकारी कर्मचारी कल 6 नवंबर को सामूहिक अवकाश लेकर सरकार के प्रति नाराजगी जतायेंगे। संघ ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि सरकार उनकी जायज मांग पर विचार नहीं करती तो 12 नवंबर से सभी अधिकारी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल चले जाएंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदेही राज्य सरकार की होगी। संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि शीघ्र मांग को माने जिससे आगामी 15 नवंबर से होने वाली धान खरीदी में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कंधे से कंधा मिलाकर राज्य सरकार के साथ कार्य कर सके। संघ ने आगे कहा कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सरकार व किसानों के मध्य एक सेतु की तरह कार्य करता है तथा सरकार की जनोपयोगी सुविधाओं को किसानों तक मुहैय्या कराता है। अत: सरकार मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें। अवकाश में जाने वालों में धमतरी जिले से बलरामपुरी गोस्वामी, किसनचंद यदु, राजकुमारगौर, अनीता ठाकुर, दिलीप साहू, सीताराम ध्रुव, रजनी ठाकुर, उर्मिला पाण्डेय, पद्मनी गोस्वामी, महेश यादव,कृष्ण कुमार साहू,टिकेंद्र बैस, हरीश दादर, सी बी साहू, मो फकीरा खान, संतोष साहू, अशोक साहू, नीरजपरिहार, हेमंत पटेल, स्मिता अखिलेश, मनोज गौर, लक्ष्मीनारायण गुरुवेंद्र, वेदराम साहू सहित विभिन्न ब्रांचों के कर्मचारी शामिल है।

सैनिक परिवारों के लिए जुटाए आर्थिक सहयोग

महासमुंद। देश की रक्षा में सरहद पर कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए सैनिकों एवं विभिन्न युद्धों में घायल व अपंग हुए सैनिकों तथा उनके परिवारों की आर्थिक सहायता के लिए महर्षि विद्या मंदिर मचेवा के छात्र-छात्राओं ने प्रशंसनीय पहल की है।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति भावना से प्रेरित होकर कुल 10250 रुपए सहायता राशि एकत्रित की। प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों से प्राप्त कुल 10250 रुपए का दो डिमांड ड्राफ्ट विशेष वाहक हेमप्रकाश निर्मलकर, सहायक वर्ग-3 के माध्यम से संबंधित कार्यालय को प्रेषित किया गया।

गुरुनानक जयंती पर गुरुद्वारे में मत्था टेका, समाज के सुख शांति, समृद्धि खुशहाली के लिए सभापति ने की अरदास

सभापति विजय मोटवानी ने गुरु नानक जयंती की दी बधाई

धमतरी/नवप्रदेश। गुरु नानक देव जी के 555 वे जयंती के पवित्र अवसर पर अल सुबह से ही शहर के गुरु सिंग सभा तथा सिंधी समाज के आमापारा चौक स्थित चोइथराम दरबार सहित अनेक गुरुद्वारे में सुबह से शबद् कीर्तन के साथ सुमिरन तथा अरदास के क्रम प्रारंभ रहा। इस पवित्र दिवस पर नगर निगम के सभापति विजय मोटवानी, ने गुरुद्वारे में मात्था टेकते हुए

समाज के सुख शांति समृद्धि की प्रार्थना करते हुए सभी को गुरु नानक जी की जयंती की बधाई देकर शुभकामनाएं दी।

गौरतलब है कि धर्म की रक्षा हेतु सिख पंथ मैं अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की गुरु परंपरा और गुरु ग्रंथ साहिब का संदेश वर्तमान समय में प्रासंगिक होकर समाज तथा विश्व समुदाय के लिए गुरु नानक जी के पवित्र उपदेश सार्थक साबित होकर सामाजिक समभाव का संदेश दे रहे हैं।

लोकार्पण

समाज के उत्थान में निषाद समाज की भूमिका अनुकरणीय : विधायक सिन्हा

संगठन ही शक्ति है विधायक संगीता ने किया निषाद समाज भवन का लोकार्पण

गुरुर/नवप्रदेश। परिक्षेत्रीय निषाद समाज सनौद ङ्क डोटोपार के तत्वाधान में मंगलवार, दिनांक 04 नवंबर 2025 को परिक्षेत्रीय निषाद समाज भवन का लोकार्पण समारोह बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा जी शामिल हुईं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निषाद समाज बालोद के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र निषाद जी ने की।

विशिष्ट अतिथियों में श्री तामेश्वर साहू (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर), श्री केदारनाथ देवांगन (पूर्व सभापति, जिला पंचायत बालोद), श्री टोमन साहू (विधायक प्रतिनिधि, जनपद पंचायत गुरूर), श्री उमेश कुमार साहू (मीडिया प्रभारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर), श्री टी.आर. निषाद (अध्यक्ष, तहसील निषाद समाज गुरूर), श्री श्रवण निषाद (सलाहकार, तहसील निषाद समाज), श्रीमती सावित्री निषाद (अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ तहसील निषाद समाज), श्री लोचन विश्वकर्मा (पूर्व अध्यक्ष, लौह शिल्पकार बोर्ड), श्री केशव सोनबेर (ग्राम पटेल,

सनौद), श्री दिनाराम चेलक (जिला अध्यक्ष, अनुसूचित जाति आयोग बालोद), श्री चोवा राम साहू, श्री पूर्णेश्वर अड़िल, श्री राकेश सोनबेर, श्री यानेश सोनकलिहारी एवं श्री रतनलाल केकती उपस्थित रहे।

पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तत्पश्चात विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा जी ने रिबन काटकर समाज भवन का लोकार्पण किया और उपस्थित समाजजनों को संबोधित किया।

अपने उद्बोधन में विधायक जी ने कहा — निषाद समाज एक संगठित, कर्मशील और सहयोगी समाज है, जो अपने परिश्रम और एकता से निरंतर आगे बढ़ रहा है। जैसे निषादराज ने भगवान श्रीराम की मित्र बनकर सहायता की, वैसे ही निषाद समाज आज भी दूसरों की सहायता करने में अग्रणी है।

उन्होंने समाज भवन को सामाजिक और ग्रामीण आयोजनों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया और सभी समाजजनों को हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर ससम्मान सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय निषाद समाज सनौद डोटोपार के अध्यक्ष रमेसर निषाद, उपाध्यक्ष चुनुराम निषाद, सचिव ललित कुमार निषाद, कोषाध्यक्ष ईश्वर निषाद, संरक्षक घनश्याम निषाद, सहसचिव संतोष निषाद, रामचरण निषाद, सनत निषाद, जीवन निषाद सहित ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

आधुनिक बैंकिंग का नया अध्याय एक्सिस बैंक शाखा का शुभारंभ

गुरुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत गुरुर के लोगों के लिए खुशखबरी! अब आधुनिक बैंकिंग सुविधाएँ सीधे नगर में उपलब्ध होंगी। सोमवार को एक्सिस बैंक की नई शाखा का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत गुरुर की अध्यक्ष सुनीता संजय साहू थीं। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहु नंदकिशोर शर्मा, अजेंद्र साहू, संजय साहू तथा नगर पंचायत सचिवगण मंचासीन रहे।

अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर बैंक शाखा का उद्घाटन किया और कर्मचारियों

को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर तहसीलदार हनुमंत श्याम नगर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी वर्ग एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में सुनीता संजय साहू ने कहा गुरुर में एक्सिस बैंक की शाखा खुलने से आम नागरिकों को वित्तीय सेवाओं की सुगमता मिलेगी। यह नगर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

25 वर्षों में लिखी है विकास की नई गाथा : सीएम साय

■ मुख्यमंत्री ने अदम्य साहस दिखाने वाले दो शहीदों के परिजनों और 12 जवानों को प्रदान किए वीरता पदक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज शाम राज्योत्सव के चौथे दिन नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने राज्योत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने अपनी स्थापना के 25 वर्षों में विकास की नई गाथा लिखी है। राज्य ने हर क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1 नवम्बर को दिनभर नवा रायपुर में रहकर राज्योत्सव का शुभारंभ किया और विधानसभा के नए भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने अपने प्रवास के दौरान राज्य को 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी है। इसके लिए मैं राज्य के तीन करोड़ लोगों की ओर से उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि अलग राज्य के निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ उपेक्षा के दंश से मुक्त हुआ। अटलजी की दूरदृष्टि से छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति मिली। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव-गांव तक पक्की सड़क पहुँची, जिससे ग्रामीण विकास के द्वार खुले। शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना सहित सभी क्षेत्रों में तीव्र गति से कार्य हुए।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 22 महीनों में 'मोदी की गारंटी' के अधिकांश बड़े कार्यों को पूरा किया है। हम राज्य में स्वच्छ, संवेदनशील और पारदर्शी शासन के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी उद्देश्य से हमने सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया है।वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य निर्माण से पूर्व बस्तर और सरगुजा के सुदूर वनांचल उपेक्षा का शिकार हुआ करते थे। स्वास्थ्य, शिक्षा और निर्माण सुविधाओं के अभाव में ये क्षेत्र नक्सल हिंसा की पीड़ा सहते हुए दयनीय अवस्था में थे। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस पीड़ा को समझते हुए अलग राज्य का निर्माण किया, जिसके बाद से छत्तीसगढ़ लगातार विकास की राह पर अग्रसर है। संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव ने राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सभी नागरिकों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

मुख्यमंत्री ने 14 पुलिस जवानों को प्रदान किए वीरता पदक

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सल ऑपरेशन में अदम्य साहस और वीरता का प्रदर्शन करने वाले पुलिस के 14 जवानों को वीरता पदक प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे और शहीद वीरेंद्र कुमार शोरी के परिजनों सहित नक्सल मोर्चे पर जांबाजी के साथ लड़ने वाले पुलिस जवानों धरम सिंह तुलावी, विजय पुनेंग, गोपाल बरदू, रामेश्वर ओयामी, राजूलाल मरकाम, समलूराम सेठिया, तुलाराम ओवासी, मोहन लाल कट्टम, संतोष मोरामी, मनोज यादव, जामुराव तथा निशा कचलाम को वीरता पदक प्रदान कर सम्मानित किया।इस अवसर पर विधायक इंद्र कुमार साहू, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, साहित्य अकादमी संस्कृति परिषद के अध्यक्ष शशांक शर्मा, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम तथा संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

उप राष्ट्रपति ने राजभवन परिवार के साथ कराई फोटोग्राफी

रायपुर/नवप्रदेश। उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राजभवन में मिले आतिथ्य की सराहना की और उसके लिए राज्यपाल डेका को धन्यवाद दिया। उनकी इस यात्रा को अविस्मरणीय बनाने के लिए राजभवन परिवार के आग्रह पर श्री राधाकृष्णन ने राज्यपाल श्री डेका के साथ सामूहिक फोटो भी ली।

बिलासपुर ट्रेन हादसा दुखद : दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर ट्रेन हादसे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होने हादसे में मृत यात्रियों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। सरकार से मांग किया है कि राहत एवं बचाव कार्य में कोताही नही बरती जानी चाहिये।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मृतको के परिजनो को 1 करोड़ तथा घायलो को 50 लाख मुआवजा देने की मांग किया है।

जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन करने सेवानिवृत्त बिजली कर्मियों की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने आज पावर कंपनी के कार्यपालक निदेशक वित्त अलोक सिंह एवं अतिरिक्त महाप्रबंधक नवीन ठाकुर से मुलाकात कर सेवानिवृत्त कर्मियों के जीवन प्रमाण पत्र समेत अन्य समस्याओं के संबंध में चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल में अखिल भारतीय महामंत्री अरूण कुमार देवांगन, प्रदेश महामंत्री पूनारद साहू, कोषाध्यक्ष हेमेन्द्र जाधव तथा सदस्य संतोष दुबे शामिल थे। महासंघ ने जनरेशन व ट्रांसमिशन की तरह डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में भी जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन प्रस्तुत करने की सुविधा देने की मांग रखी। इसके अलावा जीवन प्रमाण पत्र के लिए निर्देश में एकरूपकता, कुछ लेखा कार्यालयों द्वारा अनावश्यक रूप से फोटो, आधार कार्ड, पेन कार्ड मांगे जाने पर रोक, ऐसे पेंशनर जो जानकारी के अभाव में कैशलेस चिकित्सा योजना में शामिल नहीं हो सके हैं उन्हें जीवन प्रमाण पत्र के साथ ही योजना में शामिल करने प्रपत्र भरने प्रेरित करने की मांग शामिल है।

टेट की अनिवार्यता खत्म करने 4 जनवरी को दिल्ली में धरना

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की वर्चुअल बैठक में शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता समाप्त करने, पुरानी पेंशन बहाली वाले राज्य के कर्मियों का पीएफआरडीए में जमा एनपीएस की राशि को वापस करने की मांग को लेकर 4 जनवरी को जंतर-मंतर में धरना-प्रदर्शन और रैली कर केन्द्र सरकार तथा एनसीटीई को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। वर्चुअल बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय शर्मा, महासचिव वीरेन्द्र दुबे, प्रदेश संयोजक लैलून भारद्वाज, विकास राजपूत, राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी बसंत चतुर्वेदी, विवेक शर्मा शामिल हुए।

निधन

प्रदीप गोलछा

रायपुर/नवप्रदेश। टैगोर नगर निवासी गौतम चंद गोलछा के भतीजा प्रदीप गोलछा(पिताःस्व झवर लाल गोलछा)का आकस्मिक निधन तीरपुर(तमिलनाडु) में हो गया। उनका अंतिम संस्कार तीरपुर में ही किया गया।

मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

रेलवे का राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी

■ रेलवे के बड़े अधिकारी पहुंचे

■ मालगाड़ी का परिचालन शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर स्टेशन के समीप मालगाड़ी एवं मेमू लोकल ट्रेन के डिरेलमेंट (पटरी से उतरने) की एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई। इस घटना में 6 व्यक्तियों की मृत्यु तथा 5 यात्री घायल हुए हैं। सभी घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है तथा उनके उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस घटना के पश्चात रेलवे अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे। रेवले बोर्ड ने भी वस्तु स्थिति की जानकारी ली है। रेल को भी इसकी जानकारी भेज दी गई है।

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोको पायलट को इंग्नोर कर दिया, जिसके कारण यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए तथा अभी तक 11 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। घायलों का उपचार चल रहा है। हावड़ा-बांबे लाईन में रेल परिचालन शुरू कर दिया गया है। रेल दुर्घटना के कारण बांबे-हावड़ा यातयात भी प्रभावित हुआ।

रेलवे प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार

मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 5 लाख, सामान्य रूप से घायल यात्रियों को 1 लाख रूपए प्रदान किए जाएंगे। रेल प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिए गए हैं। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुँच चुके हैं और स्थिति की सतत निगरानी कर रहे हैं। घायलों को शीघ्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है तथा प्रभावित यात्रियों एवं उनके परिजनों को हरसंभव सहायता और समन्वय प्रदान किया जा रहा है। इस घटना की विस्तृत जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा कराई जाएगी, ताकि दुर्घटना के कारणों की गहन जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें

यात्रियों एवं उनके परिजनों की सुविधा हेतु हेल्पलाइन नंबर

आपातकालीन संपर्क : बिलासपुर- 7777857335, 7869953330, चांपा- 8085956528, रायगढ़ 9752485600, पेंड्रा रोड- 8294730162, कोरबा- 7869953330, उसलापुर - 7777857338 यात्री एवं उनके परिजन इन नंबरों पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी एवं सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

निगम आयुक्त के निर्देश पर महादेव घाट में सफाई

■ व्यवस्थाओं का निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विष्वदीप के निर्देष पर आज नगर निगम अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पाण्डेय ने नगर निगम जोन 8 जोन कमिष्नर राजेश्वरी पटेल सहित कार्यपालन अभियंता अतुल चोपडा, सहायक अभियंता अनुराग पाटकर, अन्य संबंधित जोन 8 अधिकारियों की उपस्थिति में कार्तिक पुन्नी मेला आयोजन समिति महादेवघाट रायपुर के सहयोग से रायपुर नगर निगम जोन 8 की टीम द्वारा महादेव घाट पुन्नी मेला आयोजन हेतु महादेव घाट में करवायी जा रही सफाई व्यवस्था, पेयजल प्रबंधन, स्ट्रीट लाईट प्रबंधन सहित अन्य आवष्यक कार्यो के प्रबंधन की तैयारियों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया ।

नगर निगम अपर आयुक्त एवं जोन 8 जोन कमिष्नर ने नगर निगम जोन 8 के संबंधित अधिकारियों को कार्तिक पुन्नी मेला आयोजन समिति महादेवघाट रायपुर के पदाधिकारियों के सहयोग से समन्वय बनाकर सफाई, पेयजल, लाईट सहित अन्य आवष्यक व्यवस्थाएं महादेव घाट पुन्नी मेला स्थल पर महादेव घाट में वार्षिक परंपरागत आयोजन की गरिमा एवं सम्मान के अनुरूप प्राथमिकता के साथ श्रद्धालु नागरिको की सुविधा हेतु करवाया जाना सुनिष्चित करने के निर्देष दिये। अपर आयुक्त एवं जोन 8 कमिष्नर ने सफाई लाईट, पेयजल एवं अन्य आवष्यक कार्यो की तैयारियां तत्काल प्राथमिकता से महादेवघाट पुन्नी मेला समिति के पदाधिकारियों के साथ समन्वय एवं सहयोग कर श्रद्धालुओ को सुविधायुक्त स्वस्थ, स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाने दिया जाना सुनिष्चित करने निर्देषित किया ।

बे-मौसम बारिश से किसानों को नुकसानी का मुआवजा दे सरकार : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। मोंथा तूफान के चलते बे-मौसम बारिश से हुए खरीफ फसल के नुकसानी की भरपाई की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि किसानों के परिश्रम से उपजाए तैयार फसल बर्बाद हो गई है। पूरे प्रदेश में लाखों किसानों का बहुत नुकसान हुआ है। उनकी साल भर की मेहनत पानी के कारण खराब हो गई है। खेतों में पानी भर गया है और हवा तूफान में धान गिरकर पानी में डूबने से सड़ने लगा है, पक कर तैयार धान की फसल जमीन पर लेट गई है, इससे धान की बालियो में जर्मिनेशन आकर सड़ने लगी है। खैरागढ़, छुईखदान, चांपा, जांजगीर, मुंगेली सहित अनेक स्थानों पर किसानों ने मुआवजे की मांग को ले कर आंदोलन भी किया है। कांग्रेस पार्टी भी किसानों के नुकसान का आंकलन कर मुआवजा की मांग लगातार कर रही है, लेकिन सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा वह किसानों के नुकसान की भरपाई नहीं करना चाहती।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि असमय बारिश से धान और दलहन के साथ ही सब्जियों की खेती को भी भारी नुकसान हुआ है। तेज चक्रवाती हवा के साथ लगातार 3 दिन तक हुई बारिश से सब्जियों के फसल में कीड़े लग गए, खेतों में पानी भरने से सड़ने लगे हैं ।

उप राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजभवन में आधुनिक असम के सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी, भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी, राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर प्रसन्ना एवं राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने हजारिका के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

संविदा डेंटल डॉक्टरों की सेवावृद्धि अवधि 4 माह के लिए बढ़ी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के इकलौते शासकीय डेंटल कॉलेज के संविदा डॉक्टरों को 4 माह बाद सेवावृद्धि मिली वह भी केवल 6 माह के लिए। ज्यादातर संविदा डॉक्टरों की संविदा अवधि अब इस माह फिर समाप्त हो जाएगी। संविदा अवधि में वृद्धि करने अब फिर से आवेदन करना होगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग और शासन की लेटलतीफी से संविदा डॉक्टरों में चिंता बढ़ गई है।

राज्य गठन के दौरान प्रदेश में एक भी सरकारी डेंटल कॉलेज नहीं था। वर्ष 2003 में डेंटल कॉलेज की स्थापना हुई। पहले शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज की बिल्डिंग में सरकारी डेंटल कॉलेज का संचालन हुआ। इसके बाद रजबंधा मैदान में नया भवन बना। डेंटल कॉलेज में अध्ययन-अध्यापन के साथ ही अस्पताल का भी संचालन किया जा रहा है। पिछले कुछ सालों में दंत रोग के मरीजों की संख्या कई गुना बढ़ी है परंतु शासकीय डेंटल कॉलेज में नियमित भर्ती की ओर शासन ध्यान नहीं दे रहा है। डेंटल कॉलेज और अस्पताल संविदा डॉक्टरों के भरोसे चल रहे हैं। 70 फीसदी डॉक्टर संविदा पर कार्य कर रहे हैं।

व्यवस्था से संविदा डॉक्टर नाराज

शासकीय डेंटल कॉलेज के संविदा डॉक्टरों की सेवावृद्धि को लेकर पिछले कुछ माह से समस्याएं बढ़ गई है। पूर्व में आवेदन करने के बाद पूर्व में की गई सेवाओं के आधार पर संविदा अवधि में बढ़ोत्तरी कर दी जाती थी लेकिन अब महीनों तक फाइल अटक रही है। इससे संविदा डॉक्टरों में नाराजगी देखी जा रही है। शासन के रवैये से नाराज कुछ संविदा डॉक्टर तो नौकरी छोड़ने की भी तैयारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि डेंटल कॉलेज में प्रतिवर्ष 100 विद्यार्थी बीडीएस की डिग्री लेकर डॉक्टर बन रहे हैं। वर्ष 2018 से एमडीएस पाठ्यक्रम भी शुरू हुआ।

सफाई को लेकर महापौर मीनल सख्त

■ सफाई नहीं तो भुगतान नहीं

■ गैर जिम्मेदार ठेकेदारों का ठेका निरस्त होगा

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने रायपुर शहर की सफाई व्यवस्था राजधानी शहर के अनुरूप सुधारने के संबंध में बैठक लेकर सख्त निर्देश दिये है। महापौर ने निर्देशित किया है कि सफाई नही तो भुगतान नहीं । महापौर ने सभी सफाई ठेकेदारो को दो-टूक कहा है कि शहर की सफाई का ठेका लिये हो तो शहर को साफ रखें अन्यथा भुगतान नहीं होगा। महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर सहित अपर आयुक्त श्री पंकज के शर्मा, श्री विनोद पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति में वार्डो में अनुबंधित सफाई ठेकेदारो की बैठक लेकर रायपुर शहर की वर्तमान सफाई व्यवस्था को सुधारने के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये। महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को ठेका सफाई कार्यो की सतत निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग अच्छी तरह करते हुए सफाई व्यवस्था सुधारना प्राथमिकता बनाकर सुनिश्चित करने के कडे निर्देश दिये है। सफाई कार्य में लापरवाही व हीला हवाला मिलने पर जवाबदेही तय कर सीधे संबंधित जोन स्वास्थ्य अधिकारी पर नियमानुसार कडी अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी है। महापौर ने अपर आयुक्त वित्त को सफाई कार्य के भौतिक सत्यापन के पश्चात ही सफाई ठेकेदारो के देयको का भुगतान हेतु आवश्यक नियमानुसार कार्यवाही करने निर्देशित किया है। महापौर ने शहर की व्यवस्था सुधारने सफाई नही तो भुगतान नहीं की नीति पर कार्य कडाई से करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

बिलासपुर ट्रेन हादसा दुखद घटना की जांच हो : कांग्रेस

■ जांच होनी चाहिये कि उस ट्रैक पर अचानक कोयले से लदी ट्रेन कैसे आई?

रायपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के गतौरा रेल्वे स्टेशन में मालगाड़ी और यात्री गाड़ी के बीच टक्क के कारण बड़ी संख्या में यात्रियों की मौत और घायल होने की खबर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने गहरा शोक प्रकट करते हुये मृतकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट किया है तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह हादसा लापरवाही और रेल्वे आमले में सामंजस्य का आभाव दिख रहा है। यह भी जांच का विषय है कि कोयले से लदी मालगाड़ी उस ट्रेक पर कैसे आ कर खड़ी हुई? पैसेंजर ट्रेन के लोको ट्रेन को पता कैसे नहीं चला सीधे पैसेंजर मालगाड़ी पर जाकर चढ़ गई।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अडाणी के कोयला को ढोने के लिये यात्री गाड़ियो की अपेक्षा कोयले से लदी मालगाड़ी को प्राथमिकता दी जाती है।

न्यूज गैलरी

वेडिंग सीजन से पहले सोना 12,000 तक सस्ता, चांदी में भी आई भारी गिरावट

नई दिल्ली। भारत में वेडिंग सीजन की शुरुआत हो गई है। शादियों के सीजन में लोगों को महंगे सोने की कीमत चिंता दे रही थी, लेकिन सोने की कीमत में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। सोने की कीमत में जो आसमान छू रही थी, अब वो गिरने लगा है। सोने की कीमत में बीते 15 दिनों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। बीते 15 दिनों में सोना अपने ऑल टाइम हाई से 12000 रुपये से अधिक सस्ता हो चुका है और चांदी की कीमत में 20000 रुपये से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। सोने के दाम गिरने लगे हैं। बीते 15 दिनों में सोना 10 हजार से अधिक सस्ता हो चुका है। वहीं चांदी की कीमत में 20 हजार से अधिक की गिरावट आ चुकी है। इनकी कीमतों में लगातार दूसरे हफ्ते कमी दर्ज की गई है। अगर सिर्फ बीते हफ्ते की बात करें तो 24 कैरेट गोल्ड का भाव 2620 रुपये नीचे आया है।

एअर इंडिया की विशेष उड़ान से सभी सुरक्षित दिल्ली पहुंचे

नई दिल्ली। एअर इंडिया की विशेष उड़ान 228 यात्रियों को लेकर मंगोलिया की राजधानी उलानबटार से दिल्ली पहुंची। ये यात्री पिछले दो दिनों से वहां फंसे हुए थे, जब सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की उड़ान को सोमवार को तकनीकी खराबी के चलते मंगोलिया में आपात लैंडिंग करनी पड़ी थी। एअर इंडिया ने बुधवार सुबह उलानबटार से 228 यात्रियों को सुरक्षित दिल्ली पहुंचाया, जो पिछले दो दिनों से मंगोलिया की राजधानी में फंसे हुए थे। ये सभी यात्री सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आ रही फ्लाइट में सवार थे, जिसे सोमवार को तकनीकी खराबी के कारण मंगोलिया में आपात तौर पर उतारना पड़ा था। एक अधिकारी ने बताया कि उलानबटोर से यात्रियों को लेकर एअर इंडिया का राहत विमान बुधवार सुबह करीब 8:24 बजे राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा। राहत उड़ान बोइंग 787 ड्रीमलाइनर से संचालित की गई। राहत उड़ान संख्या ढ्ढ183 ने मंगलवार दोपहर उलानबटोर के लिए उड़ान भरी थी।एक सूत्र ने सोमवार को बताया कि बोइंग 777 विमान में 228 यात्री और 17 चालक दल के सदस्य सहित 245 लोग सवार थे, जिसे उलानबटोर की ओर मोड़ दिया गया। तकनीकी समस्या के कारण उलानबटोर उतरा था विमान सोमवार को टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कहा कि सैन फ्रांसिस्को से कोलकाता होते हुए दिल्ली जा रही एआई174 को उलानबटोर में एहतियातन उतारा गया।

रेवेन्यू में 24 फीसदी की बढ़ोतरी, फाइनेंशियल सर्विसेज के डिस्ट्रीब्यूशन में ग्रोथ

पेटीएम का दूसरी तिमाही में नेट प्रॉफिट बढ़कर 211 करोड़ हुआ

नई दिल्ली। लीडिंग पेमेंट्स और फाइनेंशियल सर्विसेज प्रोवाइडर पेटीएम ने मंगलवार को 30 सितंबर को खत्म हुई तिमाही (द्वितीय तिमाही वित्त वर्ष 2026) के वित्तीय परिणामों की घोषणा की, जिसमें सभी प्रॉफिटेबिलिटी मेट्रिक्स में लगातार सुधार देखने को मिला। कंपनी का ऑपरेटिंग रेवेन्यू पिछले साल के मुकाबले 24 फीसदी बढ़कर 2,061 करोड़ रुपए हो गया। इसकी वजह सब्सक्रिप्शन मर्चेंट्स में बढ़ोतरी, ज्यादा पेमेंट्स जीएमवी और फाइनेंशियल सर्विसेज के डिस्ट्रीब्यूशन में ग्रोथ है।

ईबीआईटीडीए 7 फीसदी मार्जिन के साथ बढ़कर 142 करोड़ रुपए हो गया, यह एआई-लेड ऑपरेटिंग लेवरेज, कॉस्ट पर लगातार डिसिप्लिन और फेस्टिव सीजन की शुरुआती की तेजी को दिखाता है। पेटीएम ने 21 करोड़ रुपए का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (पीएटी) बताया है, जिसमें शेयरहोल्डर लोन के पूरे इम्पेयरमेंट के लिए 190 करोड़ रुपए का वन-टाइम चार्ज शामिल है। इसके अलावा, पीएटी बढ़कर 211 करोड़ रुपए हो गया, जो चुनौतीपूर्ण मैक्रो वातावरण में कंपनी की अंतर्निहित ताकत और कुशल निष्पादन को दर्शाता है। कंट्रीब्यूशन प्रॉफिट की अगर हम बात करें तो, यह साल-दर-साल 35 परसेंट बढ़कर 1,207 करोड़ रुपए हो गया और मार्जिन बढ़कर 59 परसेंट हो गया। इसकी वजह नेट पेमेंट रेवेन्यू, फाइनेंशियल सर्विसेज रेवेन्यू में ज्यादा हिस्सेदारी और कम डायरेक्ट खर्चों को माना जा रहा है। पेटीएम के कैश बैलेंस की बात करें तो यह 13,068 करोड़ रुपए था, जिससे मर्चेंट एक्सपेंशन, फाइनेंशियल सर्विसेज डिस्ट्रीब्यूशन और एआई-ड्रिवन इनोवेशन में इन्वेस्ट करने के लिए काफी कैपिटल फ्लेक्सिबिलिटी मिलती

है। अपने पेमेंट्स बिजनेस में, दूसरे ऑपरेटिंग इनकम को मिलाकर रेवेन्यू सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 1,223 करोड़ रुपए हो गया, क्योंकि कंपनी ने भारत के एमएसएमई और एंटरप्राइजेज में अपनी लीडरशिप को और मजबूत किया है। ग्रॉस मर्चेंडाइज वैल्यू (जीएमवी) सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 5.67 लाख करोड़ रुपए हो गई, जबकि मर्चेंट सब्सक्रिप्शन 1.37 करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले साल की तुलना में 25 लाख अधिक है। इससे पेटीएम की ओम्नी-चैनल मर्चेंट पेमेंट्स में अग्रणी स्थिति मजबूत हुई है। तिमाही में भारत का पहला एआई साउंडबॉक्स लॉन्च करके पेटीएम ने अपनी एआई-फर्स्ट विजन को और मजबूत किया है। इसके साथ ही पेटीएम की लागत संरचना कम और अधिक कुशल हो गई, जिसमें अप्रत्यक्ष व्यय साल-दर-साल 18 फीसदी कम हुए। कंपनी के अनुसार, मार्केटिंग लागत साल-दर-साल 43 प्रतिशत घटी, भले ही पेटीएम ने अपने व्यापारी आधार का विस्तार किया और टियर 2 के साथ ही टियर 3 शहरों में अपनी उपस्थिति मजबूत की।

दूसरी आइकॉनिक एसयूवी दोनों लॉन्च को तैयार

एसयूवी मार्केट में इस महीने मचेगा धमाल! एक 7-सीटर प्योर ईवी

नई दिल्ली। नवंबर 2025 का महीना इंडियन एसयूवी मार्केट के लिए बेहद रोमांचक रहने वाला है। इस महीने दो बहुप्रतीक्षित (मोस्ट-अवेटेड) स्ङ्क्ष्य अपना ग्लोबल डेब्यू करने जा रही हैं। इसमें एक तरफ न्यू-जनरेशन टाटा सिएरा है, तो दूसरी तरफ महिंद्रा की ऑल-इलेक्ट्रिक XEV ~S शामिल है। ये दोनों मॉडल स्ङ्क सेगमेंट में अपने-अपने ब्रांड के लिए अहम भूमिका निभाने को तैयार हैं। Tata Sierra: आइकॉनिक नाम की वापसी (25 नवंबर) टाटा सिएरा 25 नवंबर को आधिकारिक तौर पर अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी करने जा रही है, जो उस आइकॉनिक नाम को फिर से जिंदा करेगी जिसने दशकों पहले ब्रांड की एक अलग पहचान बनाई थी। टाटा की लाइनअप में यह SUV कर्व (Curvv) और हैरियर (Harrier) के बीच पोजिशन की जाएगी। इसे इलेक्ट्रिक (EV) और इंटरनल कंबशन इंजन (ICE) दोनों वर्जन में पेश किया

जाएगा, जिसमें ICE वर्जन पहले लॉन्च होगा और EV बाद में आएगी। ICE मॉडल में टाटा का नया 1.5-लीटर इंजन परिवार मिलेगा, जिसमें नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल, टर्बो-पेट्रोल और डीजल यूनिट शामिल हैं; टर्बो-पेट्रोल मोटर से 168 क्क पावर व 280 ह्द्ब टॉर्क मिलने की उम्मीद है, जो 6-स्पीड मैनुअल और ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ आएगी। वहीं, इलेक्ट्रिक सिएरा का प्लेटफॉर्म हैरियर श्वङ्क के साथ शेयर किए जाने की संभावना है और इसमें दो बैटरी ऑप्शन मिल सकते हैं, जिसमें बड़ा पैक 500च्यद्ब से ज्यादा की ड्राइविंग रेंज दे सकता है।

Mahindra XEV ~S: महिंद्रा की पहली 3-रो EV (27 नवंबर) इस बीच, महिंद्रा भी 27 नवंबर को बेंगलुरु में अपने 'स्क्रीम इलेक्ट्रिक' (Skreem Electric) इवेंट में XEV ~S को पेश करने के लिए तैयार है। यह ब्रांड की पहली प्योर इलेक्ट्रिक, थ्री-रो (तीन-पंक्ति) स्ङ्क होगी। इसे एक डेडिकेटेड ढ्ढहतस्ह स्केटबोर्ड प्लेटफॉर्म पर डिज़ाइन किया गया है, जिसका मतलब है कि यह शुरू से ही एक श्वङ्क के तौर पर बनी है, जिससे कार में फ्लैट फ्लोर और एक फ्लेक्सिबल इंटीरियर लेआउट मिलेगा।टीज़र के मुताबिक, इसके डिज़ाइन में फुल-विड्थ LED लाइट बार, नया ट्विन पीक्स लोगो, पैनोरमिक सनरूफ और टेलगेट पर XEV ~S की बैजिंग जैसे सिग्नेचर डिटेल्स शामिल हैं। इंटीरियर में ट्रिपल-स्क्रीन डैशबोर्ड, प्रीमियम अपहोल्स्ट्री और एडवांस्ड ष्ठस मिलने की उम्मीद है। यह 7-सीटर स्ङ्क दो बैटरी ऑप्शन के साथ आ सकती है, जिसकी अनुमानित रेंज 500च्यद्ब से ज्यादा होगी। यह नई XEV ~S, 3 साल पहले दिखाए गए XUV.e8 कॉन्सेप्ट से काफी प्रेरित है और इसमें XUV 700 से भी कुछ समानताएं देखने को मिलेंगी।

बजाज फाइनेंस फेस्टिव लोन वॉल्युम में 27 प्रतिशत की वृद्धि

बजाज फाइनेंस के 52 प्रतिशत नए ग्राहकों

भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की नॉन-बैंकिंग वित्तीय संस्था

और बजाज फिनसर्व समूह का हिस्सा, बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने कहा कि इस फेस्टिव सीजन में उपभोक्ता कर्ज की मांग में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक संख्या में और 29 प्रतिशत अधिक मूल्य के उपभोक्ता कर्ज वितरित किए हैं।उपभोक्ता वस्तुओं के लिए लिए गए इन कर्ज में बढ़ोतरी सरकार के अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों और व्यक्तिगत आयकर दरों में किए गए बदलावों का सकारात्मक परिणाम है, जिनका उद्देश्य उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति बढ़ाना रहा है।

बजाज फाइनेंस ने 22 सितंबर से 26 अक्टूबर 2025 के बीच लगभग 63 लाख कर्ज वितरित किए। इस अवधि में कंपनी ने 23 लाख नए ग्राहक जोड़े, जिनमें से 52 प्रतिशत न्यू-टू-क्रेडिट (पहली बार कर्ज लेने वाले) थे, जिससे वित्तीय समावेशन को व्यापकता मिली।बजाज फाइनेंस के चेयरमैन संजीव बजाज के अनुसार - सरकार के नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधारों और आयकर की दरों में बदलावों ने भारत की उपभोग-आधारित विकास कहानी को नई ऊर्जा दी है। इन कदमों से रोजमर्रा की वस्तुएं अधिक सुलभ हुई हैं, जिससे लाखों मध्यम और निम्न आय वर्गीय परिवार आत्मविश्वास के साथ त्योहारी खरीदारी कर सके हैं। यह असर केवल 27 प्रतिशत अधिक उपभोक्ता कर्ज वितरण में ही नहीं दिखा, बल्कि उपभोक्ताओं के बेहतर जीवनशैली के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की ओर झुकाव में भी देखा गया।उन्होंने आगे कहा - इस त्योहारी सीजन में हमारे आधे से अधिक नए ग्राहक न्यू-टू-क्रेडिट हैं, जिन्होंने पहली बार औपचारिक वित्तीय प्रणाली से कर्ज लिया है।

बजाज फाइनेंस की डिजिटल सेवाओं और पूरे भारत में 4,200 स्थानों पर फैले 2.39 लाख वितरण केंद्रों के माध्यम से हम वित्तीय समावेशन को और गहराई दे रहे हैं और भारतीय उपभोक्ता की प्रगति को आगे बढ़ा रहे हैं।

खेल, मनोरंजन

राइजिंग एशिया कप 2025 के लिए इंडिया-ए की टीम का ऐलान, जितेश शर्मा बनाए गए कप्तान

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सीनियर पुरुष चयन समिति ने एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए इंडिया- ए टीम का चयन कर लिया है। यह टूर्नामेंट 14 से 23 नवंबर 2025 तक कतर के दोहा स्थित वेस्ट एंड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। एशिया की उभरती प्रतिभाओं को मंच देने वाले इस टूर्नामेंट में इंडिया-ए सहित कई देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। ऐसे में आइए पूरी खबर पर नजर डालते हैं।

ऐसी है टूर्नामेंट के लिए इंडिया-ए की टीमः प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नहल वढेरा, नमन धीर (उप-कप्तान), सुर्यांश

शेजे, जितेश शर्मा (कप्तान और विकेटकीपर), रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर, गुर्जपनीत सिंह, विजय कुमार वैषक, युधवीर सिंह चरक, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर) और सुयश शर्मा। ये हैं रिजर्व खिलाड़ीः गुरनूर सिंह बरार, कुमार कुशाग्र, तनुश कोटियन, समीर रिजवी और शेख राशिद। इंडिया-ए की टीम में सुर्यवंशी जैसे युवा खिलाड़ियों को मौका मिला है।भारतीय टीम 14 नवंबर को यूएई क्रिकेट टीम के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलने उतरेगी। इसके बाद पाकिस्तान-ए के खिलाफ 16 नवंबर को उनकी भिड़ंत होगी। 18 नवंबर को ओमान क्रिकेट टीम के खिलाफ टीम अपने ग्रुप का तीसरा मुकाबला खेलेगी। भारतीय टीम पाकिस्तान, यूएई और ओमान के साथ ग्रुप-क्क का हिस्सा है। पहला और दूसरा सेमीफाइनल 21 नवंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 23 नवंबर को होगा।जितेश ने अब तक 142 टी-20 मुकाबले खेले हैं। इसकी 128 पारियों में 27.43 की औसत से 2,908 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 1 शतक और 11 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 106 रन रहा है। भारत के लिए इस खिलाड़ी ने अब तक 10 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं और इसकी 8 पारियों में 17.42 की औसत और 150.61 की स्ट्राइक रेट से 122 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 35 रन रहा है।

एशेज सीरीज के दौरान अहम रिकॉर्ड्स बना सकते हैं मिचेल स्टार्क

नईदिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच एशेज सीरीज की शुरुआत 21 नवंबर से हो जाएगी। इस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के प्रदर्शन पर नजरें रहेंगी। वह घरेलू सीरीज में विपक्षी बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा लेने वाले हैं। सीरीज के पहले टेस्ट में पैट कमिंस नहीं खेलेंगे और ऐसे में स्टार्क तेज गेंदबाजी की अगुआई करते हुए दिखेंगे। स्टार्क आगामी सीरीज के दौरान कुछ रिकॉर्ड्स बना सकते हैं, उनके बारे में जानते हैं। स्टार्क ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2011 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था।

दीप्ति शर्मा ने हासिल की उपलब्धि, युवराज सिंह के साथ बनाई सूची में जगह

नईदिल्ली। महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में दीप्ति शर्मा ने इतिहास रचते हुए कमाल कर दिया। वह पहली खिलाड़ी (पुरुष या महिला) बन गई हैं जिन्होंने विश्व कप के नॉकआउट मैच में अर्धशतक जड़ने के साथ 5 विकेट भी लिए। 27 वर्षीय इस ऑलराउंडर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार 58 रन बनाए और 39 रन देकर 5 विकेट झटके। इस प्रदर्शन की बदौलत भारत ने 52 रनों से जीत दर्ज करते हुए अपना पहला विश्व कप खिताब जीता।दीप्ति पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी हैं जिन्होंने किसी वनडे मैच में अर्धशतक के साथ 5 विकेट भी चटकाए। विश्व कप मुकाबले में यह कारनामा करने वाली वह भारत की दूसरी खिलाड़ी हैं।

न्यायालय तहसीलदार भिलाई- 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- भिलाई-3 प.ह.न. 00004 भिलाई-3 ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430300200002

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम भिलाई-3 के वर्तमान भूमिस्वामी सुशील कुमार पिता/पति लालता प्रसाद पता भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 369/213 (0.0220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीकांत गुप्ता पिता/पति स्व. सुशील कुमार गुप्ता पता मकान नं. 26/57 शिव मंदिर गली नं. 2 राजा तालाब वार्ड 3 रायपुर, प्रशांत गुप्ता पिता/पति स्व. सुशील कुमार गुप्ता पता मकान नं. 26/57 शिव मंदिर गली नं. 2 राजा तालाब वार्ड 3 रायपुर, अंशुमान गुप्ता पिता/पति स्व. सुशील कुमार गुप्ता पता मकान नं. 26/57 शिव मंदिर गली नं. 2 राजा तालाब वार्ड 3 रायपुर, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.11.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31.10.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
भिलाई-3 (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अण्डा सर्कल जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202511101200009 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.क्र. 202511101200009 /अ-6 /वर्ष 2025-आवेदक प्रमोद पटेल पिता रघुवीर पटेल (अन्य-02) निवासी रुआबांधा भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम-रिसामा प.ह.नं. 33 रा.नि.म. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 668/3 रकबा 0.20 हे. भूमि आवेदकगण के पिता रघवीर पटेल आ. बिसनाथ पटेल के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी का मृत्यु दिनांक 01.07.2025 को हो जाने पर राजस्व अभिलेख से मृतक भूमिस्वामी के नाम को राजस्व अभिलेख से विलोपित कर उनके विधिक वारिसानो के नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 17.11.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.)
शपथ-पत्र

मैं Praveen jain, Praveen chopra उर्फ Pravin jain उम्र 52 वर्ष, पिता श्री शांति लाल चोपड़ा जाति जैन, निवासी, न्यू मार्केट मेन रोड महासमुन्द तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) का हूं व सत्यनिष्ठा से शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं :-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मुझे संबंधित कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम Praveen Jain कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम Praveen Chopra व कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम का स्पेलिंग Pravin Jain है।
3. यह कि Praveen Jain, Praveen Chopra, Pravin Jain उक्त तीनों नाम मेरा स्वयं का ही है तथा मुझे उक्त तीनों नामों से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता है। उक्त तीनों नाम का मैं एक ही व्यक्ति हूं।
4. यह कि उक्त नाम के संबंध में किसी प्रकार की विवाद की स्थिति में समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।
5. यह कि Praveen Jain, Praveen Chopra, Pravin Jain उक्त तीनों नाम का मैं एक ही व्यक्ति होने के समर्थन में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

सत्यापन :- मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कुल कंडिका 1 से 5 तक में वर्णित समस्त कथन सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक 04/11/2025 को शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

Praveen Chopra
सत्यापनकर्ता के हस्ताक्षर

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, महासमुन्द जिला महासमुन्द (छ.ग.)
शपथ-पत्र

मैं Sangeeta Jain उर्फ Sangeeta Chopra उर्फ Anita Jain उम्र 49 वर्ष पति श्री प्रवीण चोपड़ा जाति जैन निवासी न्यू मार्केट मेन रोड महासमुन्द तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. की हूं व सत्यनिष्ठा से शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं :-

1. यह कि उपरोक्त नाम व पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मुझसे संबंधित कुछ दस्तावेजों में नाम Sangeeta Jain व कुछ दस्तावेजों में Sangeeta Chopra एवं कुछ दस्तावेजों में नाम Anita Jain दर्ज है।
3. यह कि Sangeeta Jain, Sangeeta Chopra व Anita Jain उक्त तीनों नाम मेरा स्वयं का ही है तथा मुझे तीनों नामों से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता है। उक्त तीनों नाम की मैं एक ही महिला हूं।
4. यह कि उक्त नामों के संबंध में किसी भी प्रकार की विवाद क स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।
5. यह कि मेरा नाम Sangeeta Jain, उर्फ Sangeeta Chopra उर्फ Anita Jain होने के समर्थन में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

सत्यापन :- मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कुल कंडिका 1 से 5 तक वर्णित समस्त कथन सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक 14.10.2025 को शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

Sangeeta Chopra
सत्यापनकर्ता के हस्ताक्षर

NAME TRANSFER

I, **(DHANESHI NIHAL) D/O (GANGA RAM NIHAL) R/O HOUSE NO. 0338/ KALI BADI GANDHI NAGAR RAIPUR CHHATTISGARH 492001**, do hereby solemnly affirm and declare as under :-

1. That I am permanent resident of above noted address.
2. That I with my own sweet will and consent, and in constitution with my family members, intend to change my name from **DHANESHI NIHAL** to **DHAIRYA NIHAL,**
3. That I am a self identified transgender and I identify my gender as male contrary to my sex assigned by birth that is female in accordance to the Supreme Court judgement of Nalsa v/s union of Indian and other (2014(5) SSC-438) a transgender person can choose his/her gender based on self identification and can change identity documents likewise.
4.That I Intend to change my name as to **DHAIRYA NIHAL** and gender as **MALE** in all may existing documents and will use the same name and gender here forth.
5. That **Dhaneshi Nihal** and **DHAIRYA NIHAL** both are name of one and the same person.
6. That for the purpose of evidencing my determination declare that, I shall at all times here after in all record's, deeds and writings and in all proceedings, dealings and transaction, private as well as upon all occasions whatsoever, use and sign as DHAIRYA NIHAL s/o GANGA RAM NIHAL in place of substitution of my former name and gender.
7. That it is my true and correct statement.

DHANESHI NIHAL

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02,
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं.-0771-4903223
Email ID-eocghbzone02@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत शंकर नगर रायपुर में स्थित भवन क्र. एल.आई.जी.-45 सेक्टर 02, श्री एल.बी. जानेफलकर पिता स्व. बी.बी. जानेफलकर को इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्र. 5087 दिनांक 10.02.1982 के माध्यम से आबंटित है। वर्तमान में आबंटी श्री एल.बी. जानेफलकर पिता स्व. बी.बी. जानेफलकर की मृत्यु दिनांक 25.03.2021 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री निलेश जानेफलकर पिता स्व. एल.बी. जानेफलकर निवासी शिक्षित नगर वार्ड क्र.-25 चरोदा, भिलाई-3, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु निर्धारित आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, अन्य वारिसानों (1. श्रीमती स्मिता जानेफलकर पति स्व. एल.बी. जानेफलकर, एवं 2. श्रीमती नीता जानेफलकर पिता स्व. एल.बी. जानेफलकर) का सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उपरोक्त भवन को उनके पुत्र श्री निलेश जानेफलकर पिता स्व. एल.बी. जानेफलकर के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन
व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल आवास कॉलोनी कबीर नगर, रायपुर में निर्मित **एल.आई.जी. फ्लैट** योजना के अतंर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक **एल.आई.जी. फ्लैट-43/512, श्री पी. आर. संतोष पिता श्री रविन्द्रनाथ पिल्लई** को स्ववित्तीय / एकमुश्त आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। आबंटी / नामांतरी द्वारा दिनांक 24.10.2013 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी / नामांतरी द्वारा उक्त फ्लैट/भवन के विक्रय हेतु दिनांक 19.09.2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट / भवन **श्रीमती उर्मिला कुर्रे पति श्री स्व. रामसुख कुर्रे** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जायेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय कलेक्टर, बेमेतरा (छ.ग.)
आदिवासी विकास शाखा
फैक्स- 07824-222105 ई-मेल actwd.bemetara@Gmail.com

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक/830/आजाक/निर्माण/निविदा/69/2025 बेमेतरा, दिनांक 03/11/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नलिखित कार्य के लिए कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) बेमेतरा उपर्युक्त श्रेणी से लोक निर्माण विभाग (एकल पंजीयन "डी" श्रेणी एवं उच्च) में पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक 26.11.2025 को सायं 5:00 बजे तक निविदायें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील है। (समस्त संशोधन सहित) एस.ओ.आर. दर पर मुहरबंद दो लिफाफा पद्धति के तहत रजिस्टर्ड पोस्ट ए.डी./स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। अमानत राशि सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बेमेतरा के नाम से एफ.डी.आर. / बैंक ड्राफ्ट द्वारा प्रस्तुत करना होगा।

निविदा प्रपत्र कय की अंतिम तिथि :- 13.11.2025 (दोपहर 03:00 बजे तक)
निविदा प्रपत्र प्रदाय की तिथि :- 17.11.2025 (सायं 05:00 बजे तक)
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :-26.11.2025 (सायं 05:00 बजे तक)
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- 27.11.2025 (दोपहर 12:00 बजे)

क्र.	कार्य का प्रकार	कार्य की संख्या	लागत राशि
1	2	3	4
1	विभागीय छात्रावास/ आश्रम में अहाता निर्माण एवं जीर्णोद्वार कार्य	05	रू. 17.11 लाख

(रू. सत्रह लाख ग्यारह हजार मात्र)

निविदा की शर्ते एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) बेमेतरा के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में अवलोकन किया जा सकता है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, जिला-बेमेतरा

जी- 252604540/2

नवा रायपुर में एयर शो, तिरंगे से रंगा आसमान

■ 9 फाइटर जेट के साथ एरोबेटिक सूर्य किरण टीम ने दिखाए करतब

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव मौके पर नवा रायपुर में भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण एयरोबेटिक टीम ने एयर शो किया। जहां टीम ने 9 फाइटर जेट और 3 हेलीकॉप्टर के साथ आसमान में करतब दिखाए। इस दौरान टीम ने आसमान में तिरंगा और दिल बनाया।

नवा रायपुर में एयर शो, एरोबेटिक सूर्य किरण टीम ने दिखाए करतब

बता दें कि नवा रायपुर के सेंध तालाब के ऊपर एयर शो आयोजित है। इस शो में 9 हॉक एमके-132 फाइटर जेट्स एक साथ आसमान में उड़ान भरी और 'बॉम्ब बर्स्ट' 'हार्ट इन द स्काई' और 'एरोहेड' जैसे रोमांचक फॉर्मेशन पेश किया। ग्रुप कैप्टन अजय दशरथी सूर्यकिरण टीम को लीड कर रहे थे। स्क्वॉड्रन लीडर गौरव पटेल भी टीम का हिस्सा हैं। खास बात है कि गौरव छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि ये शो उनके लिए बेहद खास है। वहीं फ्लाइट लेफ्टिनेंट कंवल संधू उड़ते विमानों और जमीन पर मौजूद दर्शकों के बीच सेतु बनीं है। वे कमेंट्री की जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

नवा रायपुर एक्सप्रेस वे पर लगा जाम

इससे पहले यहां पहुंचने के लिए तेलीबांधा से सेंध लेक जाने वाली सड़क पर 5 किलोमीटर जाम लग गया। आम लोगों के साथ वीआईपी वाहन भी जाम में फंसे रहे। जिससे लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ रहा है।

एयर शो के पहले नवा रायपुर एक्सप्रेस वे पर लगा जाम, कई घंटों से फंसी गाड़ियां

नवा रायपुर के सेंध तालाब के ऊपर सूर्य किरण एरोबेटिक टीम एयर शो करने वाली है। इसके पहले नवा रायपुर एक्सप्रेस वे पर बड़ा जाम लग गया है। इससे कई गाड़िया घंटों से फंसी है। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर नवा रायपुर में आज रोमांच और गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण एयरोबेटिक टीम थोड़ी देर में अपने दमदार करतबों से आसमान में अद्भुत नजारे पेश करेगी। इस शो में 9 हॉक एमके-132 फाइटर जेट्स एक साथ आसमान में उड़ान भरेंगे और 'बॉम्ब बर्स्ट' 'हार्ट इन द स्काई' और 'एरोहेड' जैसे रोमांचक फॉर्मेशन पेश करेंगे। ग्रुप कैप्टन अजय दशरथी सूर्यकिरण टीम को लीड करेंगे। स्क्वॉड्रन लीडर गौरव पटेल भी टीम का हिस्सा है।

सी. नीलकंठ रेड्डी ने एनएमडीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी का पदभार संभाला

हैदराबाद/नवप्रदेश। भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसएसई) के 1997 बैच के अधिकारी सी. नीलकंठ रेड्डी ने 27 अक्टूबर 2025 को भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के रूप में पदभार ग्रहण किया। भारतीय रेलवे में दो दशकों से अधिक के अपने कार्यकाल में, रेड्डी ने अत्यंत व्यस्त मार्गों पर रेल संचालन के लिए आवश्यक प्रणालियों के रखरखाव और आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हें क्षमता वृद्धि और सुरक्षा में सुधार हेतु बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं की योजना बनाने, डिज़ाइन करने और उन्हें क्रियान्वित करने का व्यापक अनुभव है। दक्षिण मध्य रेलवे में अपने कार्यकाल के दौरान, रेड्डी ने कई प्रमुख पदों पर कार्य किया और कॉर्पोरेट समन्वय, मानव संसाधन प्रबंधन, पूंजीगत बजट, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, शक्तियों का प्रत्यायोजन, अर्बीट्रेशन, परिवर्तन की पहलों और सुरक्षा ऑडिट जैसे क्षेत्रों में शामिल रहे। भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग एवं दूरसंचार संस्थान (इरीसेट) में अपनी विगत नियुक्ति के दौरान, उन्होंने आधुनिक प्रौद्योगिकी प्रणालियों पर रेलवे कर्मियों और उद्योग के अधिकारियों के लिए कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संकल्पना और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग, तिरुपति के पूर्व छात्र श्री रेड्डी ने आईसीएलआईएफकुआलालंपुर, इनसीड सिंगापुर और इंडियन स्कूल ऑफबिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद में उन्नत प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी भाग लिया है।

उप मुख्यमंत्री साव रेल हादसे में घायल लोगों से मिले

रायपुर/नवप्रदेश। अस्पताल पहुंचकर जानी स्थिति, डॉक्टरों को बेहतर से बेहतर इलाज के दिए निर्देश उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज बिलासपुर में विभिन्न अस्पतालों का दौरा कर रेल हादसे में घायल मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनके जल्द स्वस्थ लाभ की कामना की। श्री साव ने अस्पताल में डॉक्टरों से चर्चा कर घायलों के स्वास्थ्य के बारे में पूछा और उनके बेहतर से बेहतर इलाज के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 4 नवम्बर को बिलासपुर के लाल खदान के पास हुए रेल हादसे में 11 लोगों की मृत्यु और 20 लोग घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज बिलासपुर के सिम्स, अपोलो, रेलवे अस्पताल और अरपा मेडिसिटी अस्पताल में चल रहा है। उप मुख्यमंत्री साव ने इन सभी अस्पतालों का दौरा कर घायलों से मुलाकात की और उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। महापौर पूजा विधानी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी रजनेश सिंह, नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार और जिला पंचायत के सीईओ संदीप अग्रवाल भी इस दौरान उनके साथ थे।

सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दी जा रही अमानक दवाएं, दो पर अस्थायी रोक

मरीज को साइड इफेक्ट, सप्लायरों पर कार्रवाई में देरी से उठे सवाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी) द्वारा खरीदी जा रही दवाओं की गुणवत्ता को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दी जा रही दवाएं लगातार अमानक साबित हो रही हैं, जिसके बाद कॉर्पोरेशन ने दो और दवाओं की सप्लाई और उपयोग पर अस्थायी रोक लगा दी है। बिलासपुर में एक मरीज को इंजेक्शन लगाने के बाद साइड इफेक्ट की शिकायत मिलने से मामला और गंभीर हो गया है। हर सप्ताह अमानक दवाओं की शिकायतें आने के बावजूद सप्लायर फर्मों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई न होने से सीजीएमएससी सवालों के घेरे में आ गई है।

प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों के लिए दवाओं, उपकरणों और अब अस्पताल व मेडिकल कॉलेज भवनों के निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी पर ही है। पिछले कुछ महीनों से दवाओं की खराब गुणवत्ता को लेकर के अस्पतालों से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। हाल ही में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कचना से मिली शिकायत के आधार पर मेटफॉर्मिन 500 एमजी और ग्लाइमेपिराइड 2 एमजी सस्टेन्ड रिलीज टैबलेट के एक बैच पर रोक लगाई गई थी। इसी कड़ी में अब बैक्लोफेन 10 एमजी टैबलेट और आयरन सुक्रोज 100 एमजी इंजेक्शन पर रोक का फैसला लिया गया है।

सीजीएमएससी की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, ड्रग वेयरहाउस कवर्धा में बैक्लोफेन 10 एमजी टैबलेट (ड्रग कोड-एनडी 88) के बैच नंबर आरटी 24126 और आरटी 25018 का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान कुछ पैकेटों पर रंग परिवर्तन पाया गया। एहतियात के तौर पर इन बैचों के वितरण और उपयोग पर अस्थायी रोक लगाते हुए नमूनों को एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में पुनः परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

9एम इंडिया लिमिटेड की दवाओं पर लगातार शिकायतें

इन दिनों 9एम इंडिया लिमिटेड द्वारा सप्लाई की गई दवाओं के अमानक पाए जाने की शिकायतें बार-बार सामने आ रही हैं। इसी कंपनी ने बैक्लोफेन 10 एमजी टैबलेट के उक्त बैचों की आपूर्ति की थी। वहीं, आयरन सुक्रोज 100 एमजी इंजेक्शन (ड्रग कोड डी 285) बैच नंबर वी 24104 की सप्लाई विटल हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की गई है। रीजनल ड्रग वेयरहाउस बिलासपुर से प्राप्त इस इंजेक्शन को प्राथमिक स्वास्थ्य एवं जच्चा-बच्चा केंद्र बंधवापारा (हेमू नगर) में एक मरीज को लगाए जाने के बाद साइड इफेक्ट की सूचना मिली। इस घटना के बाद सीजीएमएससी ने संबंधित बैच के उपयोग पर भी सावधानीपूर्वक अस्थायी रोक लगा दी है। कॉर्पोरेशन ने स्पष्ट किया है कि दोनों मामलों की जांच और दवाओं के लैब परीक्षण परिणाम आने के बाद ही निविदा शर्तों व नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि अमानक दवाओं की समस्या लंबे समय से चली आ रही है, लेकिन सप्लायरों पर सख्ती न करने से मरीजों की जान को खतरा बढ़ रहा है। विशेषज्ञों ने मांग की है कि सीजीएमएससी को तत्काल क्वालिटी कंट्रोल सिस्टम मजबूत करने और दोषी फर्मों के खिलाफब्लैकलिस्टिंग जैसे कदम उठाने चाहिए।

कांग्रेस की हार को लेकर रॉर

कांग्रेस की गुटबाजी एवं संगठन में कलह हार का कारण: वृहस्पतसिंह

■ वृहस्पतसिंह के वार पर टीएस सिंहदेव का पलटवार

■ वृहस्पतसिंह वर्तमान में निष्कासित है: सिंहदेव

रायपुर/नवप्रदेश। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी में गुटबाजी रूके नहीं रूक रही है इस समय वरिष्ठ नेता एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे है। बलरामपुर के पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह ने आरोप लगाया है कि छग के बड़े नेता कांग्रेस में एकजुटता नहीं छांटते हमने इस संबंध में राहुल गांधी को शिकायत भी की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने टी एस बाबा ने पलटवार करते हुए कहा कि वृहस्पतसिंह अपने अनुभवों के आधार पर यह बातें कह रहे है लेकिन वे वर्तमान में कांग्रेस में नहीं है।

अंबिकापुर के बलरामपुर से विधायक रहे वृहस्पतसिंह वर्तमान में कांग्रेस से निष्कासित है उन्होंने आज अपने बयान में कहा कि राहुल गांधी से वे कई बार मिले है उन्होंने पिछले कई वर्षो से कांग्रेस से पराजित होने के कारण भी हमसे पूछा है तो हमने बताया है कांग्रेस में आपसी गुटबाजी कलह और बड़े नेताओं की महत्वकांक्षा के कारण कांग्रेस चुनाव नहीं जीत जा रही है। वृहस्पतसिंह ने विधायक रहते हुए टीएस सिंह देव पर हत्या करने का भी आरोप लगाया था जिसके चलते वे काफी चर्चा में भी पूर्व मुख्यमंत्री के खास होने के कारण बदलती परिस्थितियों में उन्होंने कांग्रेस से निकाल दिया गया है। कांग्रेस नेता सिंहदेव ने वृहस्पतसिंह के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया व्यकत करते हुए कहा कि वृस्पतसिंह वर्तमान में कांग्रेस विधायक नहीं है वे कांग्रेस से निष्कासित है। मेरी हत्या के संबंध में उन्होंने जो ब्यान दिया था उस पर उन्होंने स्थिति स्पष्ट कर दी है। कांग्रेस में गुटबाजी और कलह के आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने अनुभवों के आधार पर ऐसा कह रहे हैं।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान कर भक्तों ने हठकेश्वरनाथ के दर्शन किए

■ गुरुनानक जयंती पर श्रद्धालुओं का गुरुग्रंथ साहिब दर्शन करने लगा रहा तांता

रायपुर/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि पर श्रद्धालुओं ने आज महादेवघाट स्थित हठकेश्वर नाथ महादेव के दर्शन पुण्य सलिला खारून में स्नान कर किये। ज्ञातव्य है कि पूर्णिमा के अवसर पर लंबे समय से महादेवघाट में पुन्नी मेले का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी सुबह से ही पुन्नी मेला में दुकानदार झूला वाले एवं अन्य दुकानदार सुबह से ही पहुंचना शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि हठकेश्वरनाथ महादेव के दर्शन के लिए सिर्फ रायपुर ही नहीं वरन आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह ब्रम्ह मुहूर्त चार बजे से ही कार्तिक स्नान करने के लिए महादेव घाट पहुंचे कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सिक्ख धर्म के प्रथम गुरु गुरुनानक देव का जन्मदिवस है।

ठंड ने दी दस्तक, प्रदेश में 3 डिग्री तक गिरेगा पारा

■ प्रदेश में कई जिलों में छाने लगे धुंध

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में साइक्लोन मोंथा का असर कम होने के बाद एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। अब प्रदेश में ठंड का असर दिखाने लगा है। वहीं तीन दिन में ही न्यूनतम तापमान में 8 डिग्री की गिरावट आई है।

इसके अलावा प्रदेश के उत्तरी और मध्य भागों में शुष्क मौसम जारी रहेगा, वहीं दक्षिणी छत्तीसगढ़ में भी अगले कुछ दिनों तक बारिश की संभावना नहीं है।

प्रदेश में तीन दिन बाद 3 डिग्री तक गिरेगा पारा : रायपुर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 31।4 डिग्री और न्यूनतम 21।4 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 32।0 डिग्री जगदलपुर में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 12।4 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज हुआ। मौसम विभाग का कहना है कि न्यूनतम तापमान में फिलहाल कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, लेकिन तीन दिन बाद इसमें गिरावट आएगी।

रायपुर का मौसम : रायपुर शहर के लिए मौसम विभाग ने 5 नवंबर को आकाश मुख्यतः साफ रहने की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21डिग्री के आसपास रह सकता है।

बीजापुर में विकास की बयार

धुर माओवाद प्रभावित सात गांवों में पहली बार लगा मेगा हेल्थ कैंप

■ 989 ग्रामीणों को मिला उपचार का लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। कभी माओवाद की छाया में सिमटे बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के इन्द्रावती नदी पार बसे गांवों में अब विकास की नई सुबह दिखने लगी है। छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति 2025 के सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर नजर आने लगे हैं। बड़ी संख्या में माओवादियों के आत्मसमर्पण के बाद अब इन दुर्गम इलाकों में प्रशासन ने पहली बार सात गांवों में एक साथ मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया, जिसने ग्रामीणों के जीवन में उम्मीद की नई किरण जगा दी।

इस अभियान में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम शामिल रही। टीम ने उसपरी, बेलनार, सतवा, कोसलनार, ताड़पोट, उतला और इतामपार गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाए। कुल 989 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैंप में सामान्य जांच के 777, रक्तचाप 371, मुख कैंसर 344, ब्रेस्ट कैंसर 112, नेत्र जांच 199, दंत जांच 154, टीकाकरण 14, संपूर्ण टीकाकरण 8, मलेरिया 156, क्षय रोग 7 तथा उल्टी-दस्त के 24 प्रकरणों की जांच की गई। इनमें 54 वरिष्ठ नागरिक भी शामिल रहे।

विशेषज्ञों ने एक बालक को हृदय रोग से ग्रस्त पाया, जिसे 'चिरायु योजना' के तहत उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी। कैंप के दौरान बीमार ग्रामीणों का मौके पर ही उपचार कर मुफ्त दवाइयों का वितरण किया गया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुरूप साहू और डॉ. बी.एस. साहू ने बताया कि अब दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो रही हैं, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद है। ग्रामीणों में भी अब भय की जगह विश्वास और आशा का माहौल दिखाई दे रहा है। वे शासन-प्रशासन से जुड़कर शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के प्रति सजग हो रहे हैं।

बीजापुर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा ÷शासन के निर्देशानुसार प्रशासन अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए संकल्पित है। 'नियद नेल्लानार योजना' के तहत अंदरुनी क्षेत्रों में विकास कार्यों में तेजी आई है और प्रशासन की टीमें पूरी तत्परता से काम कर रही हैं।÷जिससे बीजापुर में अब सकारात्मक बदलाव नजर आ रहे है।

बीजापुर में यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है, बल्कि यह संदेश भी दे रही है कि अब माओवाद नहीं, मुख्यधारा और विकास ही बीजापुर की नई पहचान बनेगा।

विद्युत मंडल का दीपावली के बाद बिल का जोर का झटका धीरे से

■ ऊर्जा प्रभार के नाम पर 500 रुपये से लेकर 2000 रुपये का अतिरिक्त चार्ज लगाया

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में दीपावली तथा अन्य महत्वपूर्ण त्योहार मनाने के पश्चात विद्युत मंडल द्वारा अब बिजली बिल में ऊर्जा प्रभार जोड़ दिया गया है। जिसके कारण अब उपभोक्ताओं को लग रहा है कि दीपावली के बाद उनका दीवाला निकल जाएगा।

छग विद्युत मंडल द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बिजली के फ्री 400 यूनिट घटाकर 100 यूनिट किये जाने का झटका जहां आम उपभोक्ताओं को लगा है वहीं चालू माह में आए पिछले माह के बिजली बिल में ऊर्जा प्रभार का जोर का झटका धीरे से मंडल ने दिया है इसके चलते लोग परेशान हो गये हैं।

मिली जानकारी के अनुसार पूर्ववर्ती सरकार ने चार सौ यूनिट से कम बिजली खपत होने पर उपभोक्ताओं को हाफ बिजली बिल देने की योजना लागू की थी जिससे मध्यम वर्ग एवं गरीबों को काफी रियायत मिली थी लेकिन नई सरकार के आते ही छग विद्युत मंडल को हो रहे घाटे तथा अन्य कारणों से यह सुविधा बंद कर दी गई है। जिसको लेकर कांग्रेसजनों ने विरोध जताया था। इस समय विद्युत मंडल लाइन लाश के नाम से करोड़ों रुपयों का घाटा हो रहा है। इसलिए विद्युत नियामक आयोग द्वारा जन सुनवाई के पश्चात विद्युत की नई दरें लागू कर दी गई है। यह दरें व्यावसायिक एवं घरेलू उपभोक्ताओं पर प्रभावशील हो रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com